RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 305 ■ मुंबई, मंगलवार 27 मई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



पाकिस्तानपरस्ती के पीछे क्या है अमेरिकी कूटनीति
पेज-4



जौनपुर में ट्रिपल मर्डर से सनसनी
पेज-6



लौकी का सूप पीकर घटाएं वजन
पेज-8



IPL में मोहम्मद शमी का खराब प्रदर्शन
पेज-9

# बरखा रानी ने मुंबई को किया पानी-पानी

## मुंबई की लाइफलाइन लड़खड़ाई | अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में भरा पानी | सड़कें तालाब जैसी दिखीं

**दिनेश सिंह/मनोज दुबे**

**मुंबई**

मुंबई में कुछ घंटों की लगातार बारिश के कारण सोमवार को कई निचले इलाकों में और ट्रेन की पटरियों पर जलभराव हो गया, जिसके चलते सुबह के समय लोकल ट्रेन सेवाओं के साथ ही शहर के कई इलाकों में यातायात भी प्रभावित हो गया। IMD की आंधी और तेज हवाओं की चेतावनी के बीच मुंबई के कुछ हिस्सों में कुछ घंटों तक भारी बारिश हुई। भारी बारिश के कारण मध्य रेलवे के मस्जिद, भायखला, दादर, माटुंगा और बदलापुर रेलवे स्टेशन पर पटरियां जलमग्न हो गईं, जिससे सुबह के व्यस्त समय में विभिन्न ट्रेन की आवाजाही धीमी हो गई। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने कहा, "उपनगरीय लोकल ट्रेन की आवाजाही जारी है, लेकिन कुछ स्थानों पर इनकी रफ्तार कम कर दी गई है"







रेलवे स्टेशनों और कही-कही व्यापारिक प्रतिष्ठानों के अलावा परेल के केईएम और सायन के लोकमान्य तिलक अस्पताल के अंदर बारिश का पानी पहुंच जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क और रेल यातायात प्रभावित होने के चलते लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में मशक्कत करनी पड़ी। अरब सागर में ज्वार के चलते शहर का पानी समुद्र में न पहुंचने के कारण मुंबई और आसपास के क्षेत्रों के निचले इलाकों में पानी जमा हुआ।

### वर्ली मेट्रो सेवा स्थगित



भारी बारिश के कारण भूमिगत स्टेशन में पानी भर जाने के बाद सोमवार को आचार्य अत्रे चौक और वर्ली के बीच मेट्रो लाइन 3 पर ट्रेन सेवा स्थगित कर दी गई। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) को भूमिगत आचार्य अत्रे चौक स्टेशन पर पानी भरने की सूचना मिलने के बाद परिचालन स्थगित करना पड़ा। मेट्रो स्टेशन के अंदर जलभराव से 33 किलोमीटर लंबे कोलाबा-बीकेसी-आरे जेवीएलआर भूमिगत मेट्रो कॉरिडोर पर भूमिगत मेट्रो स्टेशन के निर्माण की गुणवत्ता एवं मानसून की तैयारियों को लेकर चिंताएं पैदा हो गई हैं। एमएमआरसी ने एक बयान में कहा, 'अचानक और तीव्र बारिश के कारण, डॉ. एनी बेसेंट रोड पर आचार्य अत्रे चौक स्टेशन के निर्माणाधीन प्रवेश/निकास ढांचे में पानी का रिसाव हुआ। यह घटना तब हुई जब प्रवेश/निकास पर निर्मित आरसीसी जल-अवरोधक दीवार पास से अचानक पानी के प्रवेश के कारण ढह गई।'

### मुंबई में बारिश का रेड अलर्ट



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यालय ने बताया कि सोमवार को मुंबई सहित महाराष्ट्र के कई स्थानों पर भारी बारिश के कारण बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 48 लोगों को जलमग्न क्षेत्रों से बचाया गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस लगातार बारिश से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन को इस स्थिति में नागरिकों की मदद के लिए अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। जिन स्थानों पर नुकसान हुआ है, वहां तुरंत पंचनामा करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। वे राज्य के मुख्य सचिव और राज्य के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के साथ लगातार संपर्क में हैं। एनडीआरएफ की टीमें मुंबई में 5 स्थानों पर किसी भी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार हैं। मौसम विभाग ने मुंबई में अगले 24 घंटों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

### हम अलर्ट मोड पर हैं : डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे



महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा – हमारा लक्ष्य है – कोई हताहत न हो। हम अलर्ट मोड पर हैं। बीएमसी, सेना और नौसेना समेत सभी एजेंसियां समन्वय में काम करने के लिए अलर्ट पर हैं। सीएम और आपदा प्रबंधन मंत्री स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। यह सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य है कि सब कुछ सुचारू रूप से चले।

### मनपा के छह हजार कर्मचारी सेवा में जुटे

मनपा आयुक्त ने माना कि निचले इलाकों में जलजमाव हुआ लेकिन मनपा कर्मी लोगों को सेवा देने के लिए जमीन पर कार्यरत रहे। आयुक्त ने कहा मनपा के वार्ड कर्मचारी मैदान में है। उन्होंने कहा 6 हजार कर्मचारी लोगों को सेवा देने के लिए तैनात है। मनपा आयुक्त ने माना की लगातार बारिश के चलते निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी लेकिन मनपा की जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह सक्रिय रही। सभी प्रभाग अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यालय या कार्यक्षेत्र में मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं। और उप आयुक्त इसकी निगरानी कर रहे हैं। सभी विभागों के प्रमुख, इंजीनियर, पंप ऑपरेटर, स्वास्थ्यकर्मी और आपातकालीन दल मैदान में तैनात हैं। करीब 6,000 कर्मचारी फील्ड पर कार्यरत हैं।

## देश में कोरोना के 1010 एक्टिव केस



**नई दिल्ली।** देश में कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के बीच भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि चिंता की कोई बात नहीं है। नए कोविड वैरिएंट्स के संक्रमण सामान्यतः हल्के हैं। सरकार कोविड के मामलों पर नजर रख रही है। संक्रमण से बचाव के लिए लोगों को सतर्क रहना चाहिए।

इस बीच देश में कोविड के सक्रिय मामलों की संख्या 1010 हो गई है। इनमें केरल में 430, महाराष्ट्र में 209, दिल्ली में 104 मामले मिले हैं। कोविड से कर्नाटक में एक, केरल में दो और महाराष्ट्र में चार लोगों की मौत हुई है।

**'नए वैरिएंट्स गंभीर नहीं'**

आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने सोमवार को कहा कि पश्चिम और दक्षिण भारत से लिए गए नमूनों की जीनोम सीक्वेंसीन से पता चला है कि नए वैरिएंट्स गंभीर नहीं हैं।

## Short News एक नजर

### कांग्रेस ने गौरव गोगोई को असम का प्रदेश अध्यक्ष बनाया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पार्टी सांसद गौरव गोगोई को असम का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके अलावा तीन वर्किंग प्रेसिडेंट जाकिर हुसैन सिकदर, रोजलिना तिर्की, प्रदीप सरकार भी नियुक्त किए गए हैं। सोमवार दोपहर को कांग्रेस ने X पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। गौरव गोगोई भूपेन कुमार बोरा का जगह लेंगे। असम में अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। राज्य में वर्तमान में बीजेपी की सरकार है। हिमंत बिस्व सरमा मुख्यमंत्री हैं।

### मौत के 'हेयर ट्रांसप्लांट' में नामजद डॉ. अनुष्का तिवारी का सरेंडर

**कानपुर।** कानपुर में हेयर ट्रांसप्लांट के 24 घंटे के अंदर दो इंजीनियरों की मौत के लिए जिम्मेदार डॉक्टर अनुष्का तिवारी ने सोमवार को पुलिस को चकमा देकर अदालत में सरेंडर कर दिया। वकीलों के जत्थे के साथ डॉक्टर अनुष्का तिवारी ने सीजेएम सूरज मिश्रा की कोर्ट में सरेंडर किया और अग्रिम जमानत मांगते हुए दस्तावेज जमा किए। हालांकि मामले की गंभीरता को देखते हुए अदालत ने जमानत नहीं दी और डॉक्टर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### सौरव गांगुली के भाई और भाभी बाल-बाल बचे



**नई दिल्ली।** पुरी के समुद्र में वॉटर स्पोर्ट का आनंद लेते समय भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के बड़े भाई क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (CAB) के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली और उनकी पत्नी अर्पिता की 'स्पीडबोट' पलट गई लेकिन दोनों बाल-बाल बच गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार शाम को 'लाइटहाउस' के पास हुई जब दंपति 'स्पीडबोट' सवारी का आनंद ले रहे थे। अर्पिता ने कहा, 'भगवान की कृपा से हम बच गए। मैं अभी भी सदमे में हूं। ऐसा नहीं होना चाहिए और समुद्र में वॉटरस्पोर्ट की व्यवस्था सही तरीके से की जानी चाहिए। मैं कोलकाता लौटने के बाद पुरी के पुलिस अधीक्षक और ओडिशा के मुख्यमंत्री को पत्र लिखूंगी।'

## 'बाला साहेब ठाकरे होते तो ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते'

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गले लगा लेते

**महानगर संवाददाता**

**नांदेड़**

महाराष्ट्र दौरे पर गए गृह मंत्री अमित शाह ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की रवानगी पर शिवसेना (UBT) के बयान का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आज अगर बालासाहेब ठाकरे होते तो वे ऑपरेशन सिंदूर के लिए पीएम मोदी की सराहना करते। उन्हें गले लगा लेते। उन्होंने कहा कि शिवसेना के नेता ने प्रतिनिधिमंडल को लेकर कहा कि 'ये किसकी बारात जा रही है?' शिवसेना (UBT) बालासाहेब ठाकरे की पार्टी थी।



उन्होंने कहा कि अगर बालासाहेब ठाकरे जीवित होते तो वे मोदी को गले लगाते। लेकिन शिवसेना (यूबीटी) के एक नेता ने प्रतिनिधिमंडल को बारात कहा। मुझे नहीं पता कि उद्धव सेना को क्या हो गया है। वे प्रतिनिधिमंडल को बारात कह रहे हैं, जबकि उनके अपने सदस्य भी इसका हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीएम मोदी ने फैसला किया कि यह देश का मामला है। इसलिए सांसदों का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों का दौरा करेगा और आतंकवाद के पाकिस्तान के चेहरे को उजागर करेगा। फिर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भूल गया कि 11 साल पहले वहां कांग्रेस की सरकार थी, जो अब बदल चुकी है। हमने सात मई को 22 मिनट में नौ आतंकी शिविर नष्ट कर दिए गए। जबकि भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने यह सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान की मिसाइलें और ड्रोन देश की धरती को न छू सकें।

## 'सुख चैन से जियो! रोटी खाओ... वरना मेरी गोली तो है ही'

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। भुज में उन्होंने कहा कि भारत पर आंख उठाने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पाकिस्तान को चेतावनी दी कि सुख-चैन से जियो, अपने हिस्से की रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तो है ही।

इससे पहले, दाहोद में पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया था। कहा, 'जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी। हमने भी आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया।' मोदी ने कहा, 'आप बताइए... ऐसे



हालात में क्या मोदी चुप बैठ सकता था। जब कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। आतंक फैलाने वालों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मोदी से मुकाबला करना कितना मुश्किल होता है।'

मोदी सोमवार सुबह पहले वडोदरा, फिर दाहोद और इसके बाद भुज पहुंचे। तीनों जगह उन्होंने रोड शो किया। दाहोद और भुज में जनसभा की। पीएम ने भुज में 53,400 करोड़ रुपए के 31 प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और ई-लोकार्पण भी किया।

पीएम ने कहा कि भारत विश्व की चौथी बड़ी इकोनॉमी बन गया है। आज पाकिस्तान की हालत क्या है। आज पाकिस्तान के बच्चों-लोगों को सोचना होगा कि आपकी सेना, आपके हुक्मरान आतंक के साए में पल रहे हैं। आपकी सरकार आतंकवाद को समर्थन दे रही है। उनकी सेना के लिए यह पैसा कमाने का जरिया बन गया है। वे आपके भविष्य को नष्ट कर रहे हैं। आपको अंधेरे में धकेल रहे हैं। पाकिस्तान की अवाम को आगे आना होगा।

**मोदी बोले- पाकिस्तान के लिए टेररिज्म ही टूरिज्म**

मोदी ने कहा कि आज कच्छ का टूरिज्म दुनिया में फेमस है। हम टूरिज्म को बढ़ावा भी दे रहे हैं। वहीं, एक पाकिस्तान जैसा देश भी है, जो टेररिज्म को ही टूरिज्म मानता है, जो दुनिया के लिए बहुत बड़ा खतरा है

पीएम ने कहा कि मैंने देश की सेना को खुली छूट दे दी है। भारत की तरफ कोई बुरी नजर से देखने की कोशिश करेगा तो उसे बख्शा नहीं जायेगा।

## CRPF जवान गिरफ्तार

### पाकिस्तान को दे रहा था 'सीक्रेट' जानकारी

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

देश में एक के बाद एक पाकिस्तानी जासूस सामने आ रहे हैं। अब एक और जासूस को अरेस्ट किया गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए ने एक सीआरपीएफ जवान को पकड़ा है। आरोप है कि वह पाकिस्तानी इंटेलिजेंस के अधिकारियों के साथ में संवेदनशील जानकारी शेयर कर रहा था। एनआईए ने कहा कि उसने सीआरपीएफ के जवान को दिल्ली से गिरफ्तार किया है और उससे पूछताछ कर रही है। केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि उसे उसकी सेवाओं से बर्खास्त कर दिया गया है। पटियाला हाउस कोर्ट की स्पेशल कोर्ट ने उसे 6 जून



तक एजेंसी की कस्टडी में भेज दिया है। एनआईए के प्रवक्ता ने कहा, 'हमने सीआरपीएफ के जवान को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान मोती राम जाट के तौर पर हुई है। वह जासूसी गतिविधि में सक्रिय रूप से शामिल था और 2023 से पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑफिसर्स के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित जानकारी शेयर कर रहा था।

## बृजभूषण सिंह को कोर्ट से बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने पूर्व कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा दायर की गई क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली है। यह मामला एक नाबालिग महिला पहलवान द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों से संबंधित है। दिल्ली पुलिस ने 15 जून 2023 को एक 550 पन्नों की रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने कहा कि जांच के दौरान बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले हैं।

## सभी सवालों का जयशंकर का सीधा जवाब

### क्या भारत-पाकिस्तान सीजफायर में था अमेरिका का रोल?



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

एक तरफ जहां ऑल पार्टी डेलिगेशन दुनिया के अलग-अलग देशों में जाकर पाकिस्तान की पोल खोल रही है, वहीं, सोमवार (26 मई) को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने विपक्ष को बताया कि कैसे भारत ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। ऑपरेशन सिंदूर, भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर और सैन्य तनाव के बीच अमेरिका की दखल से जुड़े विपक्ष के तमाम सवालों का विदेश मंत्री जयशंकर ने जवाब दिया।

### घंटों चली कंसलटेटिव कमेटी की बैठक

विदेश मामलों की कंसलटेटिव कमेटी की दिल्ली में बैठक हुई। यह बैठक तकरीबन ढाई घंटे चली। कमेटी में 11-11 लोकसभा और राज्यसभा के सांसद थे। वहीं, कमेटी की अध्यक्षता विदेश मंत्री जयशंकर कर रहे थे। करीब ढाई घंटे तक बंद कमरे में चली बातचीत में जयशंकर ने विपक्ष के हर सवालों का जवाब दिया। बैठक में जयशंकर ने स्पष्ट कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिका की मध्यस्ता नहीं हुई है। DGMO यानी डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन के स्तर पर सीधी बातचीत के बाद ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित किया गया।

## ज्योति मल्होत्रा को 14 दिन की जेल

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को राहत नहीं मिली। हिसार कोर्ट ने सोमवार को उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे पहले, 22 मई को ज्योति की जमानत को लेकर कोर्ट में सुनवाई हुई थी। तब हिसार की अदालत ने उसकी पुलिस हिरासत चार दिन के लिए बढ़ा दी थी। 33 वर्षीय यूट्यूबर को पांच दिन की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किया गया था। मल्होत्रा उन 12 लोगों में शामिल है जिन्हें पिछले दो सप्ताह में जासूसी के संदेह में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। जांचकर्ताओं को उत्तर भारत में पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क के सक्रिय होने का संदेह है।



## राज्य के केंद्रीय कार्यालयों में मराठी अनिवार्य

### राज्य सरकार ने जारी किया परिपत्र | क्रियान्वयन की जिम्मेदारी कलेक्टरों पर

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

महाराष्ट्र राजभाषा अधिनियम 1964 के अनुसार मराठी राज्य की राजभाषा है और राज्य में स्थित केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों, बैंक, बीमा कंपनियों, रेलवे सहित केंद्र के अधीन कार्यालयों में अंग्रेजी, हिंदी के साथ मराठी भाषा का उपयोग अनिवार्य है। राज्य सरकार ने सोमवार को इस संबंध में परिपत्र जारी किया। केंद्र सरकार के कार्यालयों में मराठी का उपयोग हो रहा है या नहीं? इस संबंध में फालोअप की जिम्मेदारी जिला कलेक्टरों को सौंपी गई है। इस बारे में जारी परिपत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय बैंक, दूरसंचार विभाग,



पोस्ट आफिस, बीमा, रेलवे, मेट्रो, मोनो रेल, विमानन कंपनी, गैस, पेट्रोलियम, टैक्स इत्यादि सेवा देने वाले कार्यालय, केंद्र सरकार के अन्य कार्यालय आदि जगहों पर त्रिभाषा फार्मूला के अनुसार कार्रवाई नहीं होने की शिकायत मिली है। ऐसे में यह सत्यापित किया जाना चाहिए कि उक्त कार्यालय में मराठी भाषा का उपयोग किया जाता है या नहीं, और इस संबंध में एक स्व-घोषणा पत्र निर्धारित प्रारूप में संबंधित कार्यालय से प्राप्त किया जाना चाहिए। संबंधित कार्यालयों के लिए यह स्व-घोषणा पत्र नोटिस बोर्ड पर स्पष्ट स्थान पर प्रदर्शित करना अनिवार्य है। इन सभी मामलों का सख्ती से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिला एवं तालुका स्तर पर समन्वय अधिकारी नियुक्त किए जाएं तथा उनके माध्यम से समीक्षा कराई जाए। साथ ही पीजी पोर्टल, आपले सरकार प्रणाली और अन्य माध्यमों से मराठी भाषा का उपयोग न करने के संबंध में प्राप्त शिकायतों का समाधान करने के लिए संबंधितों की तरफ से फालोअप किया जाए।

## सऊदी अरब शराब से बैन हटाएगा

### 600 टूरिस्ट प्लेस पर खुलेंगी दुकानें

**महानगर नेटवर्क**

**रियाद**

कट्टर इस्लामी नियमों को लेकर मशहूर सऊदी अरब अब शराब पर बैन हटाने की तैयारी में जुट गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सऊदी सरकार देश में 600 टूरिस्ट प्लेस पर शराब की बिक्री शुरू करने की योजना बना रही है। शराब की अनुमति देने वाले नए लाइसेंसिंग कानून 2026 में लागू होंगे। ऐसा 2030 में वर्ल्ड एक्सपो और 2034 में शुरू होने वाले फुटबॉल वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। सऊदी अरब में क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (MBS) के हाथों में सत्ता आने के बाद से कई बड़े



बदलाव हो चुके हैं। उन्होंने महिलाओं को गाड़ी चलाने की इजाजत दी, सिनेमाघर फिर से खोले और संगीत समारोहों की भी मंजूरी दी। अब शराब को भी सीमित तौर पर मान्यता देने की तैयारी हो रही है। सऊदी अरब में शराब पर बैन की असली वजह वहां के इस्लामिक कानून (शरिया) है।

# पुणे में मूसलाधार बारिश का कहर

- पाटस में बादल फटा, प्रशासन अलर्ट पर
- सड़कों पर जलसैलाब, जनजीवन अस्त-व्यस्त
- पुणे सहित राज्य के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई / पुणे**



पुणे सहित महाराष्ट्र के कई भागों में समय से पहले मानसून ने दस्तक दे दी है। पुणे के पाटस इलाके में बीती रात बादल फटा जिससे नदियों और नालों में उफान आ गया। निचले इलाकों में खड़ी गाड़ियां, जिसमें ट्रैक्टर का भी समावेश है, कागज की नाव की तरह पानी में बहती हुई देखी गई। इधर पुणे शहर में भी रुक-रुक कर लगातार घनघोर बारिश हो रही है,जिसके चलते शहर की सड़कें गडढ़ों में तब्दील हो चुकी हैं। प्रायः सभी सड़कों पर जल भराव हो गया है,जिसकी वजह से यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। पिछले एक हफ्ते से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। सामान्यतः मानसून 8 जून को आता है, लेकिन इस बार मई के अंत में ही राज्य के कई हिस्सों में तेज बारिश शुरू हो गई है। पुणे, मुंबई, कोकण,मराठवाड़ा और पश्चिम महाराष्ट्र के कई जिलों में जोरदार बारिश हुई है। इससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

### अगले तीन दिन महत्वपूर्ण

हवा के दबाव और नमी के चलते मानसून की उत्तरसीमा अब पुणे, मुंबई, सोलापुर, कलबुर्गी, महबूबनगर और त्रिपुरा के गोलपारा तक पहुंच गई है। आने वाले तीन दिनों में यह पूरे महाराष्ट्र में फैल जाएगा। उल्लेखनीय है कि, समय से पहले आए मानसून ने पुणे सहित पूरे राज्य में चिंता की लहर पैदा कर दी है। लगातार हो रही भारी बारिश से जहां किसानों को नुकसान हुआ है, वहीं आम जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। नागरिकों से अपील की गई है कि जब तक आवश्यक न हो, घर से बाहर न निकलें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

### पुणे में येलो अलर्ट, बारामती में ऑरेंज अलर्ट

पुणे मौसम विभाग के अधिकारी एस.डी. सानप के अनुसार मानसून समय से पहले राज्य में प्रवेश कर चुका है। मुंबई, पुणे, सोलापुर, कोल्हापुर और कोंकण क्षेत्र में मानसून सक्रिय है। पुणे शहर के लिए येलो अलर्ट और पुणे जिले के लिए आगामी चार दिनों तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मुंबई में भी अगले चार दिनों तक ऑरेंज अलर्ट रहेगा।

### पुणे जिले के बारामती और इंदापुर में हालात गंभीर

पुणे जिले के बारामती और इंदापुर तालुका में भारी बारिश के कारण कई समस्याएं खड़ी हो गई हैं। बारामती के शेतफडगले गांव में एक ही दिन में 13 इंच (करीब 330 मिमी) बारिश दर्ज की गई, जबकि जिले के अन्य हिस्सों में भी 7 इंच के आसपास बारिश हुई। इस बारिश से दो नहरें टूट गईं और पानी खेतों और सड़कों पर फैल गया। नीरा और कर्हा नदियों सहित कई नदियों और ओढ्याओं में जलस्तर बढ़ गया है। प्रशासन की ओर से 250 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

### अजित पवार ने बताया '87 वर्षीय मां ने कहा, ऐसी बारिश 51 वर्षों में नहीं देखी'

बारामती में दौरे के दौरान उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बताया कि उनकी 87 वर्षीय मां ने कहा कि पिछले 51 वर्षों में उन्होंने इतना तेज और लगातार बारिश कभी नहीं देखी। अजित पवार ने बताया कि वे सुबह से ही प्रशासन के अधिकारियों, प्रांताधिकारी, पुलिस और सिंचाई विभाग के साथ स्थिति का जायजा ले रहे हैं।

# ईओडब्ल्यू में पहुंचे बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

### मीठी नदी सफाई घोटाला मामले से जुड़ी जांच




बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया ने सोमवार को मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के समक्ष मिठी नदी सफाई घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए पेश हुए। डिनो मोरिया सुबह करीब 11 बजे ईओडब्ल्यू कार्यालय पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार, जांच के दौरान मोरिया का नाम सामने आने के बाद उन्हें पुलिस ने बुलाया था। जानकारी के मुताबिक अभिनेता डिनो मोरिया,उनके भाई और मामले के मुख्य आरोपी केतन कदम के बीच कई बार फोन पर बातचीत हुई थी। हालांकि, इन कॉल्स की प्रकृति और उद्देश्य को लेकर जांच अभी जारी है।

यह मामला मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) द्वारा मिठी नदी की सफाई में उपयोग की जाने वाली सिल्ट पुशर मशीनों के किराए को लेकर सामने आए वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा है। जांच में सामने आया है कि केतन कदम और सह-आरोपी जय जोशी ने कोच्चि स्थित कंपनी मैटप्रॉप टेक्निकल सर्विसेज प्रा. लि. से मशीनें मंगवाकर बीएमसी से अत्यधिक किराया वसूला। ईओडब्ल्यू को जांच में कॉल रिकॉर्ड्स और वित्तीय लेन-देन के दौरान अभिनेता मोरिया का नाम मिला,जिससे उनकी भूमिका पर सवाल उठने लगे। पूछताछ का उद्देश्य यही है कि यह स्पष्ट किया जा सके कि मोरिया का कदम और अन्य पक्षों के साथ किसी प्रकार का आर्थिक या कारोबारी संबंध रहा है या नहीं। फिलहाल इस घोटाले की जांच आर्थिक अपराध शाखा द्वारा तेजी से की जा रही है, और आगे और भी कई खुलासे होने की संभावनाएं हैं।

## ठेकेदार की लापरवाही के कारण होगा जल जमाव

**भायंदर।** मीरा - भायंदर शहर में इन दिनों नाला सफाई का काम चल रहा हैं। इस काम में लापरवाही का आरोप कांग्रेस प्रवक्ता प्रकाश नागणे ने लगाया हैं। इस विषय में प्रकाश नागणे ने मनपा आयुक्त को पत्र भी लिखा हैं। इस पत्र में इन्होंने भायंदर (पश्चिम) स्थित गार्डन कोर्ट से स्मशान भूमि स्थित मानवी पॅराडाईज इमारत तक ठेकेदार द्वारा किए गए काम की शिकायत की हैं । उन्होंने इस पत्र के माध्यम से बताया की ठेकेदार ने जेसीबी मशीन के द्वारा यहां पर सफाई की थी,जिसमें कई जगहों पर सीमेंट के बड़े ढक्कन निकल नहीं पाए थे। ठेकेदार ने उस जगह को वैसे ही छोड़ दिया हैं एवं वहां पर नाला सफाई नहीं की। इसके अलावा सीमेंट के ढक्कन निकालते एवं वापस रखते वक्त ठेकेदार की लापरवाही से बहुत सारे ढक्कन टूट गए हैं।

## सायबर ठगी करने वाला कपड़ा व्यवसायी गिरफ्तार

### डिजिटल अरेस्ट कर ट्रांसफर कराये गये थे 12 करोड़

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

अपराध शाखा, नॉर्थ साइबर पुलिस ने एक कपड़ा व्यवसायी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने चेंबूर निवासी एक सेवानिवृत्त व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 30 दिनों तक डराकर रखा और 12.80 करोड़ रुपए की ठग लिए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक,आरोपी की पहचान अरविंद सिंह के रूप में हुई है। सिंह दिल्ली का राहनेवाला है।

जांच में खुलासा हुआ कि ठगे गए पैसों में से 98 लाख रुपए अरविंद सिंह के बैंक खाते में स्थानांतरित किए गए थे, जिसे बाद में निकाल लिया गया। घटना दिसंबर 2024 की है,जब पीड़ित को एक फोन कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाला खुद को टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) का प्रतिनिधि बता रहा था। उसने दावा किया कि पीड़ित के आधार और मोबाइल नंबर का इस्तेमाल पांच राज्यों में फर्जी बैंक खाते खोलने में किया गया है, जो मनी लॉन्ड्रिंग और ड्रग्स तस्करी जैसे अपराधों में शामिल हैं। इसके बाद पीड़ित को एक अन्य व्यक्ति से जोड़ा गया, जो खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताकर वर्दी में वीडियो कॉल पर आया और एक फर्जी गिरफ्तारी वारंट भी दिखाया।

## जर्जर इमारत का प्लास्टर गिरने से महिला की मौत, मनपा पर लापरवाही का आरोप

**महानगर संवाददाता**
**विरार**

विरार के गोपचरपाड़ा इलाके में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ,जहां एक 30 वर्षीय महिला की उस समय मौके पर ही मौत हो गई, जब एक पुरानी इमारत के स्लैब का प्लास्टर अचानक भरभराकर गिर गया। घटना दोपहर लगभग 1 से 3 बजे के बीच पूजा अपार्टमेंट के कमरा नंबर 335 में घटी। मृतका की पहचान लक्ष्मी राजू सिंह के रूप में हुई है। राहत की बात यह है कि घर में सो रहे उनके दो छोटे बच्चे बाल-बाल बच गए और उन्हें मामूली चोटों के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उनकी

### एक और इमारत का प्लास्टर गिरा,जर्जर इमारतें और कितनी?



हालत स्थिर बताई जा रही है।

### दिल दहला देने वाली घटना

यह हादसा गोपचरपाड़ा के पूजा अपार्टमेंट के कमरा नंबर 335 में दोपहर करीब 3 बजे हुआ। लक्ष्मी राजू सिंह नाम की महिला अपने दो छोटे बच्चों के साथ कमरे में मौजूद थीं,तभी छत का प्लास्टर भरभराकर गिर पड़ा। लक्ष्मी मलबे में दब गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही वसई-विरार नगरपालिका के अग्निशमन दल ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान चलाया। उन्होंने बच्चों को मलबे से सुरक्षित बाहर निकाला।

यह अपार्टमेंट करीब 30 साल पुराना बताया जा रहा है, जिससे एक बार फिर शहर की पुरानी और "धोकादायक" (खतरनाक) इमारतों का मुद्दा गरमा गया है। स्थानीय निवासियों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश है और उन्होंने मनपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं

## रेस्टोरेंट में बॉयफ्रेंड ने मंगाई बिरयानी, खाते समय गर्लफ्रेंड के गले में फंसी हड्डी, मौत



**पालघर।** पालघर में एक युवती की मौत हो गई। युवती के गले में चिकन का एक पीस फंस गया था, जिस वजह से उसे सांस लेने में तकलीफ होने लगी और ये परेशानी देखते ही देखते बढ़ती चली गई। हालांकि युवती को अस्पताल ले जाया गया। लेकिन युवती ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। चिकन की एक हड्डी युवती के गले में फंस गई थी, जिसकी वजह से युवती सांस नहीं ले पा रही थी। युवती अपने प्रेमी के साथ एक रेस्टोरेंट में गई थी। वहां दोनों ने बिरयानी का ऑर्डर दिया। दोनों ने खूब शौक से बिरयानी खाई। लेकिन इसी बीच बिरयानी खाते समय चिकन का एक पीस युवती के गले में फंस गया और उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी। चिकन का पीस काफी समय तक युवती के गले में फंसा रहा। ऐसे में वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ी।

### अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

इसके बाद युवती को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने युवती का चेकअप करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उसने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया था। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। अब पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। युवती के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। लड़की की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

इस मामले को लेकर पुलिस इंस्पेक्टर विजया गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक युवती की उम्र 27 वर्ष थी। अभी आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार भी किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद साफ पता चल जाएगा कि युवती की मौत चिकन का पीस फंसने से ही हुई है या फिर इसके पीछे कोई साजिश तो नहीं थी। इसके साथ ही पुलिस इसकी भी जांच कर रही है कि कहीं किसी तरह की कोई लापरवाही तो नहीं की गई है।

## विधायक के बाद अब सांसद का दौरा, फिर भी नालों की हालत जस की तस

**भिवंडी।** मानसून से पहले भिवंडी में नाला सफाई को लेकर एक बार फिर से राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधियां तेज़ हो गई हैं। बीते दिनों जहां सपा विधायक रईस कासम शेख ने अधिकारियों को फटकार लगाई, वहीं अब सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा ने सोमवार को कई इलाकों का दौरा कर नाला सफाई कार्यों की हकीकत जानी। सांसद ने सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि "हर साल बरसात आती है, हर साल टेंडर निकलता है, और हर बार सिर्फ दिखावा होता है।

### नाला सफाई पर सियासत गरम, फिर डूबी तो जिम्मेदार कौन ?



ठेकेदार भुगतान लेते हैं, अधिकारी वेतन लेते हैं, लेकिन शहर की हालत वैसी की वैसी रहती है। अगर इस बार भी भिवंडी पानी में डूबी, तो ज़िम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी।" गौरतलब हो कि भिवंडी मनपा ने इस वर्ष कुल 135 नालों की सफाई के लिए 2 करोड़ 27 लाख 97 हजार 136 रुपये का ठेका जारी किया है। पिछली बार की तुलना में यह राशि 5.60 लाख रुपये अधिक है। पिछले वर्षों में जहां 92 नालों का रिकॉर्ड था, अब यह संख्या बढ़कर 135 हो गई है। सवाल यह है कि ये 43 नए नाले कहां हैं ? प्रशासन अभी तक इस सवाल का स्पष्ट जवाब नहीं दे सका है, जिससे आंकड़ों में गड़बड़ी का संदेह और गहराता जा रहा है। सांसद म्हात्रे ने कहा कि नाला सफाई हर साल खानापूर्ति बनकर रह जाती है। "यहां के कुछ ठेकेदार और अधिकारी ही भिवंडी को गंदी सिटी बनाने के लिए ज़िम्मेदार हैं।

## पट्टे पर ली गई इलेक्ट्रिक बस का अनुबंध होगा रद्द

### कंपनी बसों की आपूर्ति करने में विफल रही

**मुंबई।** एसटी महामंडल पट्टे पर ली जाने वाली 5150 बसों का करार रद्द करेगा। परिवहन मंत्री और एसटी महामंडल के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने निर्देश दिया कि संबंधित कंपनी के साथ किए गए निविदा समझौते को रद्द करने की कार्रवाई की जानी चाहिए, क्योंकि संबंधित कंपनी इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति करने में निष्क्रिय हो गई है। वे सोमवार को महामंडल मुख्यालय में समीक्षा बैठक में बोल रहे थे।

मंत्री सरनाईक ने कहा कि संबंधित बस आपूर्तिकर्ता को 22 मई तक 1,000 बसों की आपूर्ति के लिए संशोधित समय-सारणी दी गई थी, लेकिन इस अवधि तक संबंधित कंपनी ने एक भी बस उपलब्ध नहीं कराई, इसलिए भविष्य में इस कंपनी द्वारा बसों की आपूर्ति को लेकर संशय बना हुआ है। एसटी को वर्तमान में बसों की सख्त आवश्यकता है और संबंधित संस्था समय पर बसें उपलब्ध कराने में असमर्थ है तो इस कंपनी के साथ टेंडर समझौता रद्द किया जाना चाहिए।

## महायुति वादा निभाने वाली सरकार : शिंदे

**मुंबई।** मुंबई के भूमिपुत्र गरीब होनहार विद्यार्थियों को सरकारी नौकरियां मिले,इसके लिए शिवसेना नेता संजय निरुपम और प्रो. संजय मोरे द्वारा शुरू किया गया वंदनीय हिंदुहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे अध्ययन कक्ष और धर्मवीर आनंद दिघे सरकारी नौकरी प्रशिक्षण केंद्र प्रशंसनीय हैं। सभी संजय खराब नहीं होते,ऐसा व्यंग्यात्मक किंतु सकारात्मक वक्तव्य महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं शिवसेना के प्रमुख नेता एकनाथ शिंदे ने गोरेगांव पश्चिम में आयोजित एक सभा में किया। संजय निरुपम की पहल पर मुंबई में गोरेगांव पश्चिम स्थित अण्णाभाऊ साठे क्रीड़ा संकुल में वंदनीय हिंदुहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे अध्ययन कक्ष, धर्मवीर आनंद दिघे सरकारी नौकरी प्रशिक्षण केंद्र तथा क्रीड़ा संकुल के उद्घाटन समारोह के अवसर पर यह सार्वजनिक सभा आयोजित की गई थी, जिसमें एकनाथ शिंदे ने उपरोक्त विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर शिवसेना सांसद रविंद्र वायकर,विधायक मुरजी पटेल, शिवसेना प्रवक्ता संजय निरुपम, सचिव सिद्धेश कदम,प्रवक्ता शीतल म्हात्रे, उदय सावंत,स्वप्नील टेंबवलकर,राजुल पटेल, राजू पेडणेकर,अल्ताफ पेवेकर, ज्ञानेश्वर सावंत, गणेश शिंदे सहित शिवसेना के पदाधिकारी, शिवसैनिक और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पहली बारिश में डूबी मुंबई, विपक्षी दल आक्रामक

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

पहली बारिश में मुंबई के डूबने पर विपक्षी दलों ने सरकार पर निशाना साधा है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने आरोप लगाया कि मुंबई में पहली ही भारी बारिश ने राज्य सरकार और महानगर पालिका प्रशासन के भ्रष्टाचार की गटर गंगा सड़कों पर बहा दी। हर तरफ पानी ही पानी है, सड़कों पर, रेलवे ट्रैकों पर, जिससे दफ्तर जाने वाले मुंबई वासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मुंबई मनपा हर साल मुंबई में नाला सफाई और मानसून पूर्व कार्यों पर करोड़ों रुपये खर्च करती है, लेकिन हर साल वही हालत दोहराई जाती है। जनता के पैसों पर ठेकेदार और सत्ताधारी लूट मचा कर अपनी जेबें भरते हैं, इसी कारण मुंबई वासियों की ये हालत होती है।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का सवाल नाला सफाई के करोड़ों रुपए किसकी जेब में गए?



भाजपा-शिंदे- अजित पवार की युति सरकार और मनपा प्रशासन पर निशाना साधते हुए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष सपकाल ने कहा कि पहली ही बारिश में मुंबई की हालत बदतर हो गई, सड़कों पर जैसे तालाब बन गए हों। जगह-जगह जलजमाव ने मुंबई को जाम कर दिया। सड़कों, हाउसिंग सोसायटियों, रेलवे ट्रैकों, अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशनों और अस्पतालों में पानी भर गया है। एक ही बारिश ने भाजपा, शिंदे सेना और अजित पवार की भ्रष्टाचारी सरकार की पोल खोल दी है। इनकी कर्मठता इतनी महान है कि आने वाले चुनाव में जनता से वोट मांगने के लिए इन्हें नाव लेकर घर-घर जाना पड़ेगा। हर साल मानसून पूर्व कार्यों के लिए महानगरपालिका करोड़ों खर्च करती है, लेकिन हकीकत यह है कि ये पैसे आखिर जाते कहां हैं? यह बड़ा सवाल उठता है। मंत्रालय, मुंबई महानगरपालिका प्रशासन और ठेकेदारों की भ्रष्ट युति ही इस बर्बादी की असली वजह है। उन्होंने कहा कि मुंबई महानगरपालिका ने वर्ष 2025-26 के लिए 74,427 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया, जो कि 2024-25 के बजट की तुलना में लगभग 14.19% अधिक है। यह मुंबई महापालिका के इतिहास का सबसे बड़ा बजट है। इस बजट में सड़कों और ट्रैफिक विभाग के लिए 5,100 करोड़ रुपए तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 5,545 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। 2024 में नाला सफाई पर 249.27 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

## रोड रेज में युवक की हत्या

**मुंबई।** घाटकोपर के पंतनगर इलाके में शनिवार दोपहर एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जहां सड़क पर वाहन चलाने के विवाद के चलते एक कार डीलर की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान जीशान के रूप में हुई है, जो विक्रोली पार्कसाइट इलाके का रहनेवाला है। घटना दोपहर लगभग 2:30 बजे के आसपास हुई,जब जीशान अपने दोस्तों के साथ कार में कुर्ला सीएसटी की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक एक्टिवा पर सवार युवक और उसके साथ बैठी एक महिला के साथ वाहन ओवरटेक करने को लेकर विवाद हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बात इतनी बढ़ गई कि बहस हाथापाई में बदल गई।

## अवैध दुकानों पर चला मनपा का बुलडोजर,100 से अधिक ढांचे ध्वस्त

### फुटपाथ मुक्त अभियान शुरू, दोबारा कब्जा तो फौजदारी

**महानगर संवाददाता**
**भिवंडी**

भिवंडी शहर में फुटपाथ पर कब्जा कर व्यवसाय करने वालों के खिलाफ अब मनपा का बुलडोजर चल पड़ा है। प्रभाग समिति क्रमांक एक के अंतर्गत खंडूपाडा रोड पर हुए अतिक्रमण को लेकर नागरिकों की शिकायत के बाद सोमवार को भिवंडी मनपा प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए भारी कार्रवाई की। गौरतलब हो कि खंडूपाडा रोड पर मछली, मुग्गी समेत अन्य सामानों



की अनाधिकृत दुकानें फुटपाथ पर लगाई जा रही थीं,जिससे विशेष रूप से शाम के समय सड़क पर भारी भीड़ और यातायात जाम की स्थिति बनती थी। कई बार समझाने और चेतावनी देने के बावजूद जब अतिक्रमण नहीं हटा, तब मनपा ने जेसीबी चलाकर कार्रवाई को अंजाम दिया। स्थानीय नागरिकों ने आयुक्त अनमोल सागर के कार्यालय में इस अवैध कब्जे के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त आयुक्त देवीदास पवार और अतिक्रमण विभाग के उपायुक्त विक्रम दराडे के मार्गदर्शन में, प्रभाग समिति-1 के सहायक आयुक्त मकसूम शेख के नेतृत्व में विशेष अतिक्रमण टीम ने सोमवार को यह कार्यवाही की।

## कल्याण नगर निगम का फिर चला हथौड़ा



**कल्याण ।** कल्याण नगर निगम के 9/आई वार्ड में अनाधिकृत निर्माणों और 15 झुग्गियों के खिलाफ बलपूर्वक बेदखली की कार्रवाई मनपा आयुक्त अभिनव गोयल के निर्देश पर तथा अनाधिकृत निर्माण नियंत्रण विभाग के उपायुक्त अवधूत तावड़े की उपस्थिति में 9/1 वार्ड के षष्टम आयुक्त भरत पवार ने वासर में 32 कमरों के निर्माण तथा 8 भूखंडों पर बेदखली की कार्रवाई की। इसी तरह नांदिवली में 8 कमरों वाले निर्माण और 7 भूखंडों पर बेदखली की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई वार्ड स्टाफ और 2 जेसीबी की मदद से की गई।

## नाबालिग पर युवक ने किया हमला

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

कांदिवली इलाके में एक नाबालिग लड़की पर हमला करने की घटना सामने आई है,जहां 19 वर्षीय युवक ने दिनदहाड़े नाबालिग लड़की पर ईंट से हमला कर दिया। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार,पीड़िता 17 वर्षीय लड़की है जो कांदिवली वेस्ट के संजय नगर इलाके में रहती है। शनिवार दोपहर को वह अपनी सहेली के साथ गोसालिया रोड से गुजर रही थी,तभी आरोपी जो 19

### फोन न उठाने से था आरोपी नाराज



साल का है, वह पहले से पीड़िता को जानता था,उसका पीछा करते हुए वहां पहुंचा। आरोपी ने पहले लड़की को गालियां दीं और फिर बीच सड़क पर उस पर हमला कर दिया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक दोनों एक ही गांव के रहनेवाले हैं और एक दूसरे को अच्छे से जानते थे। कुछ दिनों से लड़की आरोपी का फोन नहीं उठा रही थी। तभी वह ढूंढते हुए नाबालिग लड़की को घूम रहा था। जैसे ही वह उसे दिखी उसने पहले झगड़ा किया, गुस्से में आकर आरोपी ने पास में पड़ी ईंट उठाकर लड़की के सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इतना ही नहीं, उसने पीड़िता का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। घटना के तुरंत बाद लड़की को शताब्दी अस्पताल, कांदिवली में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, पीड़िता के सिर में गंभीर चोटें आई हैं।

# मानसून ने पहले आकर मुंबई में मचाया हाहाकार

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

अब तक के सबसे पहले मानसून के आगमन ने सोमवार की सुबह सब की नींद हराम कर दी। समय से पहले आये मानसून ने मुंबई में हाहाकार मचा दिया। मानसून जो कि 25 मई को गोवा में आया उसके बाद तीन दिन के अंदर मुंबई में आने की संभावना मौसम विभाग ने व्यक्त की थी,लेकिन मानसून तीन दिन न रुकते हुए सोमवार को दूसरे दिन ही मुंबई में दस्तक दे दी। मानसून ने मुंबई में सिर्फ दस्तक ही नहीं दी सभी रिकॉर्ड तोड़ कर रख दिए। रविवार की आधी रात से सोमवार दोपहर 11 बजे तक इस कदर बारिश हुई कि मुंबई के सभी इलाकों में जलजमाव हो गया। मुंबई की लाइफ लाइन कही जाने वाली मध्य रेलवे पर असर पड़ा ही साथ ही साथ अंडर ग्राउंड मेट्रो में पानी भरा।



### सड़कों का काम पूरा नहीं होने से और बढ़ी परेशानी

सीमेंट कंक्रीट का चल रहे कामों में सड़क को एक छोर से दूसरे छोर तक जोड़ नहीं पाने से और बुरा हाल हुआ। मनपा ने 25 मई के बाद 6 जून तक सीमेंट कंक्रीट की सड़कों को एक छोर से दूसरे छोर तक जोड़ने का समय रखा था,लेकिन मानसून 26 मई को ही बारिश आ गई जिससे सीमेंट कंक्रिट सड़क को जोड़ने का काम पूरा नहीं हो सका, जिससे और जलजमाव की स्थिति बनी।

### कोलाबा में अब तक सभी रेकार्ड टूटे

कोलाबा ने मई में अब तक की सबसे ज्यादा बारिश का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है,यहां अब तक 295 मिमी बारिश हुई है जो मई 1918 में बने 279.4 मिमी के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ती है। मई 2021 में आए चक्रवात तौकते के दौरान भी थोड़ी कम यानी 257.8 मिमी बारिश दर्ज की थी। इस बीच, सांताक्रूज़ में इस महीने 197.8 मिमी बारिश हुई है। मौसम विभाग के कोलाबा वेधशाला ने सोमवार सुबह 8:30 बजे समाप्त हुए 24 घंटों में 135.4 मिमी बारिश दर्ज की, जिसे "बहुत भारी बारिश" (115.6 मिमी-204.4 मिमी) के रूप में वर्गीकृत किया गया। इसके विपरीत, उपनगरों में सांताक्रूज़ वेधशाला ने 33.5 मिमी बारिश दर्ज की। बारिश का जोर इस कदर रहा कि कोलाबा से लेकर मंत्रालय परिसर दादर हिंदमाता कलाचौकी सायन अंधेरी कुर्ला सांताक्रुज मस्जिद बन्दर ,प्रभादेवी सहित मुंबई के अधिकांश इलाकों में जलजमाव हुआ। सायन सर्कल से लेकर परेल हिंदमाता दादर टीटी आदि इलाकों में भारी जलजमाव हुआ। ब्रीच कैंडी,कैंप्स कॉर्नर, जेजे मार्ग पोस्ट ऑफिस,कुरणे चौक, बिंदु माधव जंक्शन (वर्ली) और फाइव गार्डन्स में जलभराव हुआ।

### मानसून ने मनपा की खोली पोल

मानसून-पूर्व नाला सफाई से लेकर सड़क कार्य 31 मई तक पूरे होने थे। लेकिन सोमवार की सुबह हुई बारिश ने मनपा की पूरी तरह पोल खोल कर रख दी। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने 26 मई को मुंबई में ऐतिहासिक समय से पहले दस्तक दी।

### शहर में कब-कब मानसून जल्दी आया

सबसे पहले आगमन का पिछली बार 29 मई वर्ष 1956, 1962 और 1971 में दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के रिकॉर्ड 1950 से बाद के हैं। मुंबई में मॉनसून का आगमन केरल (24 मई) में घोषित होने के दो दिन बाद और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में (25 मई) तक पहुंचने के एक दिन बाद हुआ।

### बिल्डिंग की सुरक्षा दिवार गिरी

वालकेश्वर मार्ग पर तीन बत्ती बस आश्रयस्थान से लगभग 50 फीट पहले रूबी बिल्डिंग के नीचे की सुरक्षा दीवार गिर गई है। इसके कारण अप और डाउन दोनों दिशाओं की बस सेवाएं A-42, A-105, 57, 67, 80, 103, A-106, 108 तथा अन्य वाहनों का संचालन चौपाटी बैंड स्टैंड क्षेत्र में दोपहर 4:00 बजे से बंद कर दिया गया।

### रेलवे ने मनपा को जिम्मेदार ठहराया

मुंबई में रविवार रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश के कारण सोमवार सुबह मध्य रेलवे की मस्जिद, भायखला और माटुंगा स्टेशनों पर पटरियों पर पानी भर गया। इसके चलते हार्बर रेल सेवा पूरी तरह से बंद हो गई,जबकि मध्य रेलवे की सेवाएं भी बाधित रहीं। रेल पटरियों पर पानी भरने के लिए मध्य रेलवे प्रशासन ने मुंबई महानगरपालिका को जिम्मेदार ठहराया है। सोशल मीडिया के माध्यम से रेलवे प्रशासन ने आरोप लगाया कि जल निकासी की व्यवस्था करने वाली नालियां ओवरफ्लो हो गईं, जिससे पटरियों पर पानी जमा हो गया। पहली ही बरसात में उपनगरीय रेल सेवा पूरी तरह चरमरा गई। रेलवे प्रशासन ने इसका दोष मनपा पर डालते हुए कहा कि हर साल नालों की सफाई के लिए मनपा रेलवे को फंड देती है, लेकिन इस बार सफाई हुई या नहीं, इस पर सवाल उठने लगे हैं। मनपा की ओर से इन आरोपों पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### वॉर रूम तैयार, लोकल ट्रेनों पर नजर

मनपा ने 24x7 आपदा नियंत्रण कक्ष यानी वॉर रूम एक्टिव कर दिया है,जहां नागरिक किसी भी आपात स्थिति की सूचना दे सकते हैं और सहायता प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही,लोकल ट्रेन सेवाओं और बसों के संचालन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### केम्प्स कॉर्नर पर सड़क धंसी

सोमवार की सुबह भारी बारिश के बाद केम्प्स कॉर्नर की सड़क की सतह पर एक बड़ा-सा सिंक होल बन गया। इस छेद के कारण सड़क के उत्तर-मुखी कैरिजवे के बीच में एक 'खोखला धंसाव' हो गया, जिसके तुरंत बाद जमा हुआ बारिश का पानी धंसे हुए हिस्से में बहता हुआ दिखाई दिया। सड़क पर वाहनों की आवाजाही अस्थायी रूप से रोक दी गई, जबकि सड़क पर यातायात को डायवर्ट कर दिया गया। दोपहर के बाद इस पर मरम्मत का काम पूरा हो गया और यातायात बहाल हो गया। पेड़ या शाखा गिरने की नौ घटनाएं हुईं। चार शहर में और पांच पश्चिमी उपनगर में ,लेकिन सदैव से कोई हठात नहीं हुआ।

### बेस्ट को दर्जनों मार्ग बदलने पड़े

सोमवार सुबह हुई भारी बारिश से मुंबई की उपनगरीय सेवा सहित अंडर ग्राउंड मेट्रो पर असर पड़ा वहीं बेस्ट की बस सेवा पर भी परिणाम हुआ गांधी मार्केट में पानी भर जाने के कारण दोनों दिशाओं की बसों को भाऊ दाजी मार्ग से डायवर्ट किया गया है। यह व्यवस्था सुबह 9:45 बजे से लागू की गई है। वडाला फ्लाईओवर के नीचे जलभराव होने के कारण बस मार्ग संख्या 117 और 174 की बसों को वडाला चर्च के रास्ते डायवर्ट किया गया है। यह परिवर्तन सुबह 9:00 बजे से किया गया। सायन रोड नंबर 24 पर पानी भरने के कारण बस मार्ग संख्या 341 और 312 की अप दिशा की बसें सायन मेन रोड के सिग्नल से बाएं मुड़कर यू-टर्न लेंगी और फिर अपने पूर्ववत मार्ग पर लौट जाएंगी।





सभी फोटो : कुणाल कासार

# उपमुख्यमंत्री शिंदे पहुंचे आपातकालीन परिचालन केंद्र

## आपदाओं में काम करना हमारी प्राथमिकता ■ राजनीति करने वालों को उत्तर नहीं देंगे



**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

सोमवार को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंत्रालय स्थित अत्याधुनिक राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र का दौरा किया और राज्य में चल रही भारी बारिश के मद्देनजर स्थिति की समीक्षा की। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए शिंदे ने कहा कि आपदाओं में काम करना हमारी प्राथमिकता है। हम इस मामले में राजनीति करने वालों को जवाब देते हुए नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि चूंकि आपातकालीन परिचालन केंद्र प्रौद्योगिकी से लैस है, इसलिए सरकार के लिए किसी भी आपदा का उचित प्रबंध करना आसान होगा। इस दौरान उन्होंने केंद्र में प्रशिक्षित कर्मचारियों से बात की और उनके काम करने के तरीके तथा प्रौद्योगिकी के उपयोग के बारे में जाना तथा अपनी संतुष्टि व्यक्त की। इस अवसर पर राहत एवं पुनर्वास की अतिरिक्त मुख्य सचिव सोनिया सेठी और विभाग के निदेशक सतीश कुमार खडसे ने उन्हें राज्य भर में जारी बारिश से हुए नुकसान और उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी।

### 9.5 करोड़ नागरिकों को सतर्क किया गया

सोनिया सेठी ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि इस तकनीक से लैस आपदा प्रबंधन केंद्र से 9.5 करोड़ नागरिकों को बारिश और संभावित बिजली गिरने की चेतावनी भेजी गई है। यह भी बताया गया कि ठाणे, रायगड, मुंबई और पुणे के घाट इलाकों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि एनडीआरएफ की टीमें और अन्य बचाव एजेंसियां, साथ ही सभी जिला प्रशासन और नगर पालिकाएं आपदा प्रबंधन केंद्रों के माध्यम से लगातार संपर्क में हैं और उन्हें समय-समय पर अलर्ट दिया।

### बारिश से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए मशीनरी तैयार

इधर राज्य में मूसलाधार बारिश से उत्पन्न आपातकालीन स्थिति की आज आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन ने समीक्षा की। उन्होंने राज्य आपात कालीन कार्य केंद्र का तात्काळ दौरा कर संबंधित अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली। महाजन ने बताया कि बारिश से उत्पन्न परिस्थिति का प्रभावी सामना करण्यासाठी यंत्रणा 24x7 तैयार है। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन संचालक सतीश कुमार खडके ने मंत्री को विस्तृत जानकारी दी। आपदा प्रबंधन विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। मंत्री महाजन ने कहा कि यह पहली बार है जब राज्य में मई महीने में ही इतनी भारी मानसून पूर्व वर्षा हो रही है। इसके चलते राज्य में उत्पन्न स्थिति को देखते हुए सभी विभागीय आयुक्तों, जिलाधिकारियों और महापालिका आयुक्तों को आवश्यक उपाय और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। मौसम विभाग ने राज्य के लिए अगले तीन दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश के कारण नदियों और नालों में जलस्तर अचानक बढ़ रहा है, जिससे सड़कों के बंद होने की संभावना भी बनी हुई है। ऐसी स्थिति में नागरिकों से अपील की गई है कि वे अनावश्यक घर से बाहर न निकलें और वर्षा पर्यटन जैसे झरने या अन्य स्थानों पर जाते समय पूरी सावधानी बरतें।

# मीठी नदी की सफाई के लिए लगे ठेकेदार पीछे हटे

## मनपा के सामने नया ठेकेदार नियुक्त करने की चुनौती

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

इस साल मानसून ने रिकॉर्ड समय से पहले दस्तक दे दी है,लेकिन शहर की बाढ़ नियंत्रण प्रणाली के लिए अहम मानी जाने वाली मीठी नदी की सफाई का काम केवल 53% ही पूरा हो पाया है। यह देरी आर्थिक अपराध शाखा द्वारा मीठी नदी की पूर्व सफाई ठेकों में कथित अनियमितताओं की जांच के चलते हुई है। जांच का असर इतना गहरा है कि ठेकेदार और मनपा इंजीनियर दोनों ही असमंजस की स्थिति में हैं और आगे बढ़ने से हिचक रहे हैं। ठेकेदारों ने सफाई का काम बीच में ही छोड़ दिया है,जिससे मनपा के सामने नया ठेकेदार नियुक्त करने की चुनौती हो गई है। मनपा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, "फिलहाल मीठी नदी की सफाई के लिए कोई ठेकेदार मौजूद नहीं है। हालात को देखते हुए हमें एक नई एजेंसी को जल्द नियुक्त करना होगा ताकि युद्धस्तर पर काम शुरू किया जा सके। लेकिन जांच की प्रक्रिया ने हमें काफी धीमा कर दिया है।" मीठी नदी शहर के कुर्ला,साकी नाका और बांद्रा पूर्व जैसे बाढ़ संभावित इलाकों से होकर गुजरती है। गंदगी और कचरे से भरी इस नदी की जल धारण क्षमता घट चुकी है,जो तेज बारिश के दौरान बड़े स्तर पर जलभराव का कारण बन सकती है। ऐसा पहले भी कई बार हो चुका है। इस वर्ष के सफाई ठेके में पहली बार 35 मीटर लंबी बूम लगाने की शर्त शामिल की गई थी। यह एक तैरता हुआ अवरोधक होता है जो बारिश के मौसम में जलस्तर बढ़ने पर प्लास्टिक, कचरा और अन्य तैरती गंदगी को नीचे की ओर बहने से रोकता है। ठीक इसी समय मुंबई में प्री-मानसून बारिश के चलते पहले ही कई इलाकों में जलभराव की खबरें सामने आ चुकी हैं।



# महिला के साथ धोखाधड़ी

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

बांद्रा इलाके में रहने वाली एक सामाजिक कार्यकर्ता,जिन्होंने कभी अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के एक सहयोगी की गिरफ्तारी में पुलिस की मदद की थी,अब खुद एक साइबर ठगी की शिकार हो गई हैं। ठगों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' (पूर्व में ट्विटर) पर बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर के फर्जी निवेश विज्ञापन के जरिए उन्हें 23.45 लाख रुपए की चपत लगा दी। साइबर पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के अनुसार, महिला को एक लेख मिला,जिसमें करीना कपूर और गायिका श्रेया घोषाल द्वारा निवेश की सिफारिश का दावा किया गया था। लेख में दिए गए लिंक पर क्लिक करने के बाद उन्हें 'शाशा' नाम की एक महिला का कॉल आया, जिसने खुद को "फोक्सओनेट" नामक एक अंतरराष्ट्रीय निवेश कंपनी की प्रतिनिधि बताया।

शाशा ने महिला को एक वेबसाइट पर खाता खोलने और शेयर बाजार में निवेश करने की सलाह दी। शुरूआती निवेश के रूप में उन्होंने करीब 20,000 रुपये (232डॉलर) जमा किए, और वेबसाइट पर उन्हें लाभ दिखाया गया। इससे उनका विश्वास बढ़ा और उन्होंने 25 अप्रैल से 6 मई के बीच कुल 23.45 लाख रुपये का निवेश किया। हालांकि, वह केवल 1.63 लाख रुपया ही वो निकाल पाईं। जब उन्होंने बाकी पैसे निकालने की कोशिश की तो लेन-देन विफल रहा। ठगों ने उनसे और 10 लाख रुपये की मांग की, जिससे उन्हें संदेह हुआ और उन्होंने साइबर पुलिस से संपर्क किया।

# इमिग्रेशन अधिकारी की सतर्कता से मानव तस्करी की कोशिश नाकाम

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर-राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 25 मई की रात मानव तस्करी की एक बड़ी कोशिश को इमिग्रेशन अधिकारियों की सतर्कता से विफल हो गया। तीन यात्रियों को लाओस भेजे जाने की तैयारी थी,लेकिन संदिग्ध गतिविधियों के चलते उन्हें समय रहते रोक लिया गया। मुख्य आरोपी पार्थकुमार अजयभाई चौहान (29), गुजरात के रहनेवाले दो युवकों यश मनुभाई प्रजापति (21) और अरुण शंभुभाई जिनजाला (20) को फर्जी नौकरी के बहाने लाओस ले जाने की साजिश रच रहा था। यह मामला रात करीब 11 बजे सामने आया, जब

### तीन लोग एअरपोर्ट से गिरफ्तार



इमिग्रेशन अधिकारी दीपचंद लालजी सिंह ने वियतनाम जाने वाले यात्रियों के दस्तावेजों की जांच के दौरान पार्थकुमार और यश से पूछताछ की। दोनों वीजे-884 फ्लाइट से हो ची मिन्ह सिटी और आगे लाओस के विएंतियेन (वीजे-1831) जाने वाले थे। यात्रा का कारण पूछे जाने पर दोनों ने नौकरी का हवाला दिया, लेकिन जवाबों में असंगति मिलने पर मामला विंग इंचार्ज राजेश चौरेशिया को सौंपा गया। उसी दौरान अरुण जिनजाला नाम का तीसरा यात्री, जो उसी फ्लाइट में था, काउंटर नंबर 14 पर पहुंचा। उसे भी पूछताछ के बाद संदिग्ध पाते हुए जांच में शामिल किया गया। पूछताछ में पार्थकुमार ने स्वीकार किया कि वह पहले भी लाओस में ऑनलाइन चैटिंग और क्रिप्टो स्कैम में शामिल था। उसने दिसंबर 2024 से मार्च 2025 तक अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के नागरिकों को सोशल मीडिया के जरिए ठगा था।


**मृद व जलसंधारण विभाग**

महाराष्ट्र शासन

जिल्हा जलसंधारण अधिकारी यांचे कार्यालय, नाशिक पत्ता: सिंचनभवन परिसर, त्र्यंबकरोड, नाशिक
ई-मेल पत्ता :ssiwedansk@gmail.com दुरध्वनी क्रमांक : ०२५३-२५८०३८८

**ई निविदा सूचना क्रमांक ०२ सन २०२५-२०२६**

महाराष्ट्र राज्याच्या राज्यपालांच्या वतीने महाराष्ट्र शासनाच्या मृद व जलसंधारण विभागाच्या यांचेकडील कामासाठी जिल्हा जलसंधारण अधिकारी मृद व जलसंधारण विभाग नासिक हे सक्षम नोंदणीकृत कंत्राटदाराकडून खालील कामांकरिता ब- 1 नमुन्यातील ई निविदाप्रणालीद्वारे (ऑनलाईन) निविदा मागवित आहेत. निविदा कागदपत्रे शासनाचे संकेतस्थळ http://mahatenders.gov.in येथून डाऊनलोड करण्यात यावीत. तसेच निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार जिल्हा जलसंधारण अधिकारी, मृद व जलसंधारण विभाग, नाशिक यांनी राखुन ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.


| अ. क्र. | कामाचे नाव | तालुका | अंदाजित किंमत (रु.लक्ष) | ई निविदा उपलब्ध कालावधी | निविदा उघडणे (तांत्रिक लिफाफा) |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | ल.पा.योजना अप्पर पुनंद, ता. कळवण, जि.नाशिक या योजनेच्या सर्वेक्षण, अन्वेषण व विस्तृत प्रकल्प अहवाल तयार करणे, ता. कळवण जि. नाशिक | कळवण | २०५.५८ | २७/०५/२५ ते ०३/०६/२५ | ०४/०६/२५ शक्य झाल्यास |
| २ | मुख्यमंत्री जलसंवर्धन योजने अंतर्गत 11 दगडी साठवण बंधारा दुरुस्ती @ शिवरे 1,2,3 कारसुळ - 1, 2, शिवडी (उगांव) 1,2 वनसगांव -2 (खडक माळेगांव), पालखेड - 3, पालखेड (अमृतधाम जवळ) व पाझर तलाव @ पालखेड (गायरान नाला) ता. निफाड जि. नाशिक | निफाड | २११.५७ | २७/०५/२५ ते ०३/०६/२५ | ०४/०६/२५ शक्य झाल्यास |

**टिप-** अ.क्र. २ करीता कंत्राटदाराने मुख्यमंत्री जलसंवर्धन योजने अंतर्गत केलेले काम निविदा किमतीच्या ३०% रकमेचे काम पुर्ण केल्याचा अनुभवाचा दाखला जोडणे बंधनकारक आहे.
ई निविदा उपलब्ध कालावधी - २७/०५/२५ (११.००) ते ०३/०६/२५ (१८.००)
ई निविदा उघडणे - दि. ०४/०६/२०२५ (१८.००)

सही/-
(श्री. रा.हि. झुरावत)
जिल्हा जलसंधारण अधिकारी
मृद व जलसंधारण वभाग

DGIPR/2025-26/क्र.-5/C822


# मनपा आज यशोधन हिल टॉप सोसायटी का निरीक्षण करेगी



**मुंबई।** बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) ने मुंबई महानगरपालिका अधिनियम की धारा 488 के तहत यशोधन एनक्लेव, जनरल अरुण कुमार वैद्य रोड, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई स्थित यशोधन हिल टॉप को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड (CHSL) का निरीक्षण करने के लिए एक आधिकारिक नोटिस जारी किया है। नोटिस के अनुसार,P/साउथ वार्ड के बीएमसी अधिकारी 27 मई को सुबह 11:00 बजे, या उसके बाद किसी भी कार्यदिवस पर सोसायटी परिसर का निरीक्षण करेंगे। इस निरीक्षण के दौरान तकनीकी कर्मचारियों के साथ परिसर में प्रवेश कर माप लेना, तस्वीरें लेना और ढांचागत विवरण की जांच की जाएगी।

निवासियों और सोसायटी के पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि वे बीएमसी द्वारा स्वीकृत नवीनतम भवन योजना के साथ उपस्थित रहें। यह निरीक्षण सोसायटी में कथित अनधिकृत निर्माण को लेकर मिली कई शिकायतों के बाद किया जा रहा है। पहली औपचारिक शिकायत मार्च 2025 में निवासी सशी तिवारी ने की थी,जिसमें उन्होंने कुछ बंगलों में अनधिकृत विस्तार और आवासीय संपत्ति का व्यावसायिक उपयोग होने की जानकारी दी थी। इसके बाद मई 2025 में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) के नेता भास्कर परब ने एक और शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने बिना अनुमति के कई निवासियों द्वारा संरचनात्मक बदलाव किए जाने की बात कही, जो मौजूदा भवन नियमों का उल्लंघन है। तिवारी ने अपनी शिकायत में इन अनधिकृत बदलावों से इमारत की संरचनात्मक मजबूती और सुरक्षा को खतरा होने की बात कही खासकर आग या आपातकालीन निकासी की स्थिति में उन्होंने महाराष्ट्र क्षेत्रीय और नगर नियोजन अधिनियम, 1966 के तहत तत्काल कार्रवाई की मांग की।


**MAHAVITARAN** Maharashtra State Electricity Distribution Co. Ltd.

**e-TENDER NOTICE**

Digitally sealed & signed offers are invited in two bid system by e-tender mentioned for following works from registered MSEDCLS e-tenderer firms/agencies/Company/subject to following terms and Conditions.

| S. No. | Tender No. | Work Description (Tender for) |
|---|---|---|
| 1 | EE/RPD/T-02/2025-26 | Comprehensive annual maintenance contract of CCTV cameras & all allied equipment's at various offices under Rastapeth Division |

The above tender documents are available at our website www.mahadiscom.in. For more details log on to MSEDCL official website "https://etender.mahadiscom.in/eatApp/ or contact to The Addl.Executive Engineer, Rastapeth Division office.
PRO/56/25
**EXECUTIVE ENGINEER, MSEDCL, RASTAPETH DIVISION**



# पुणे महानगरपालिका, पुणे

जाहिरात क्र. 2/179 दि. 26/05/2025

पुणे अद्वितीय & Unique

**निविदा प्रकिया कक्ष विद्युत विभाग**
**निविदा जाहिरात - नविन कामे**

विक्री कालावधी दिनांक: 27-05-2025 ते 03-06-2025 02:30 दुपार पर्यंत
स्वीकृती दिनांक:- :- 27-05-2025 ते 03-06-2025 02:30 दुपार पर्यंत तांत्रिक निविदा उघडणे प्रक्रिया दिनांक: 04-06-2025 03:00 दुपारी

| निविदा क्रमांक | खात्याचे नाव | कामाचे नाव | निविदा संच किमंत ₹ | अंदाजित पूर्व गणित रक्कम ₹ | बयाणा रक्कम ₹ | कामाची मुदत (महिने) | निविदा विषयक जबाबदार व्यक्तीचे नाव व दूरध्वनी क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PMC/ELECTRICAL/2025/16 | विद्युत | पुणे महानगरपानिकेच्या परिमंडळ क्र. 4 & 5 अंतर्गत असलेल्या विविध स्मशानभूमी मधील ए.पी.सी. शेड ची वार्षिक देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | ₹ 6079/- | ₹ 4515517/- | ₹ 45155/- | 12 | संगीता राजेश ढगे 9689931104 |
| PMC/ELECTRICAL/2025/17 | विद्युत | भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी कॉलेज ला जाणाऱ्या रस्ता रुंदीकरणात अडथळा ठरणारे rmu, ट्रान्सफॉर्मर, (Lt/Ht केबल स्थलांतरीत करणे. | ₹ 6079/- | ₹ 8474422/- | ₹ 84744/- | 12 | मंगेश मिसाळ 9689987447 |
| PMC/ELECTRICAL/2025/18 | विद्युत | पुणे महानगरपालिकेच्या परिमंडळ क्र. १ अंतर्गत येणाऱ्या सांस्कृतिक भवनामध्ये स्टेज लाईट साऊंड सिस्टिम व वातानुकूलित यंत्रणेची ऑपरेटिंग व देखभाल दुरुस्ती विषय कामे करणे. | ₹ 1359/- | ₹ 3499505/- | ₹ 34995/- | 12 | मंगेश मिसाळ 9689987447 |
| PMC/ELECTRICAL/2025/19 | विद्युत | पुणे मनपाच्या परिमंडळ क्रमांक ५ अंतर्गत येणाऱ्या वैकुंठ स्मशानभूमी व बिबवेवाडी स्मशानभूमी येथील विद्युत दाहिनी व एपीसी सिस्टीम यांची वार्षिक पद्धतीने ऑपरेटिंग करणे. | ₹ 6079/- | ₹ 9976487/- | ₹ 99765/- | 12 | राजेश वाघ 968002253 |

अ) सदर कामाबाबत निविदा अटी शर्ती इ. बाबतचा सर्व तपशील निविदा संचामध्ये नमूद केला असून सदर कामाचे निविदा www.mahatenders.gov.in या वेबसाईटवर पाहण्यसाठी उपलब्ध आहे. निविदा संचाची विक्री व स्वीकृत सदर वेवसाईटवरून फक्त ऑनलाईन पधतीने करण्यात येत असून सर्व निविदा दोन पाकीट पधतीने मागविण्यात येत आहेत.
ब) निविदा प्रकियाच्या शेवटच्या दिवशी संच प्राप्त न झाल्यास व स्वीकृतीच्या शेवटच्या दिवशी ऑनलाईन सादरीकरण न झाल्यास याची सर्वस्व जबाबदारी टेंडरदाराची राहील.
क) ऑनलाईन निविदा प्रक्रिया बाबतची संपूर्ण माहिती टेंडर सेल विभाग पुणे म.न. पा. येथे मिळेल.
ड) कार्यालयीन आदेश क्र. अतमिआ (वि) /३२ दिनाक २२/०४/२०१६ नुसार बयाना रक्कम इ.सी एस./आर.टी.जी. एस./ एन. एफ. टी सुविधेमार्फतच स्वीकारनेत येणार आहे.

सही/-
Pramod Unde
कार्यकारी अभियंता
विद्युत
पुणे महानगरपालिका

## राजनीतिक दल ही जिम्मेदार

देश की एकता,अखंडता और सम्प्रभुता के लिए सीमा पार से मिलने वाली चुनौती का भारत ने न सिर्फ वर्तमान में बल्कि पूर्व में बखूबी जवाब दिया है। भारत बाहर से मिलने वाली हर चुनौती से निपटने में सक्षम है। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह दृढ़ता विश्व में साबित कर दी है। देश के सामने असली दिक्कत अंदरुनी है। अंदरुनी चुनौतियां से निपटना आसान नहीं हैं,वह भी यदि ऐसी हरकतें नेताओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा की जाए। जिन पर हर सूरत में देश की आन-बान-शान को ऊंचा रखने की जिम्मेदारी हो, यदि वो ही निम्नस्तरीय कृत्य पर उतर आएं तो सवाल खड़े होना लाजिमी है। मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने भारत की जांबाज सेना की अफसर और जज्बे से देश की आईकोन बनी कर्नल सोफिया के बारे अनर्गल टिप्पणी करके कई सवालों को जन्म दिया है। ऐसा नहीं है कि मंत्री विजय शाह ऐसा कृत्य करने वाले अकेले नेता हैं, जिनकी वजह से देश का नीचा देखना पड़ा है। ऐसा करने वाले नेता की लंबी फेहरिस्त है, जिनके बिगड़े बोल से देश और समाज का सौहार्द्र प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर प्रभावित हुआ है। मध्यप्रदेश के इस मंत्री को बेशक सजा मिल जाए, इसके बाद भी बड़ा सवाल यही है कि आखिर वह कौनसी वजह है कि नेताओं की जुबान काबू में नहीं रहती। सवाल यह भी है कि वैमनस्य का जहर घोलने वाले ऐसे नेताओं के मामले में कानूनी कार्रवाई का इंतजार क्यों किया जाता है। राजनीतिक दल आगे बढ़ कर कार्रवाई की नजीर पेश क्यों नहीं करते। यदि राजनीतिक दलों ने नेताओं के लिए कोई लक्ष्मण रेखा खींची होती और उसका उल्लंघन करने पर कार्रवाई निर्धारित कर रखी होती तो ऐसी नौबत नहीं आती।दूसरे शब्दों में कहें तो राजनीतिक दलों की शह ही ऐसे नेताओं के बिगड़े बोलों के लिए जिम्मेदार है। इनकी अनदेखी करने से नेताओं में प्रलाप करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। विगत चुनावों में यदि नेताओं पर दलों ने लगाम कसी होती तो ऐसी पुनरावृत्ति नहीं होती। लोकसभा चुनाव 2024 में प्रचार के दौरान कई बार भाषायी मर्यादा टूटती दिख रही, किन्तु किसी भी पार्टी ने इस पर चिंता नहीं जताई और नेताओं को म्यान में रहने की हिदायतें नहीं दी। कांग्रेस के नेता रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा की मथुरा से सांसद हेमा मालिनी के बारे में अमर्यादित टिप्पणी की थी, जिसके बाद चुनाव आयोग की तरफ से कार्रवाई भी की गयी, किन्तु कांग्रेस ने सुरजेवाला के खिलाफ महिलाओं की मर्यादा को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के सोशल मीडिया अकाउंट से एक्ट्रेस कंगना रनौत को लेकर एक आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की। इसके जवाब में कंगना ने कहा कि हर महिला गरिमा की हकदार है। हालांकि, विवाद बढने पर सुप्रिया श्रीनेत के अकाउंट से पोस्ट डिलीट कर दी। चुनाव आयोग की तरफ से उन्हें नोटिस दिया गया था। कंगना रनौत भी नाम लेकर निजी टिप्पणी करने में पीछे नहीं रहीं। कंगना ने राहुल गांधी और मंडी सीट से उनके प्रतिद्वंद्वी विक्रमादित्य सिंह को क्रमशः 'बड़ा पप्पू और 'छोटा पप्पू कहा। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पूर्व प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू और उनके पिता मोतीलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी सहित गांधी-नेहरू परिवार को निशाना बनाया और कांग्रेस को 'एक बीमारी और अंग्रेजों द्वारा छोड़ी गई दीमक करार दिया, जो उनके मुताबिक 2014 तक देश को खा रही थी। हिमाचल की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा ने रनौत को परी करार देते हुए कहा है कि लोग केवल उन्हें देखने आते हैं। प्रतिभा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कि कंगना की मां आशा रनौत ने कहा था कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता ये हुस्न परी है, और ये क्या चीज है जैसी टिप्पणियां कर रही हैं और यह भूल गई हैं कि उनके घर में भी बेटियां हैं। उन्होंने कहा कि एक मां होने के नाते मुझे दुख होता है और मुझे लगता है कि ऐसी टिप्पणियों से अन्य मांएं भी दुखी हो रही हैं। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार को गिराने की कोशिशों से नाराज होकर कांग्रेस के बागियों को काले नाग और बिकाऊ करार दिया था और अपने चुनावी अभियान के दौरान भी बिकाऊ बनाम टिकाऊ के नारे का इस्तेमाल किया था। बिहार भाजपा के प्रमुख सम्राट चौधरी के बयान पर काफी विवाद देखने को मिला था। सम्राट चौधरी ने कहा था कि टिकट बेचने में लालू यादव ने अपनी बेटी को भी नहीं छोड़ा। पहले अपनी बेटी की किडनी ली और उसके बाद लोकसभा चुनाव का टिकट दे दिया। सम्राट चौधरी ने कहा था कि आगामी चुनाव में मैदान में उतरने से पहले लालू ने अपनी बेटी की किडनी ले ली। राजद की तरफ से इसे लेकर जमकर आपत्ति जतायी गयी थी। गिरिराज सिंह के बयान पर भी विवाद हुआ था। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा था कि मुस्लिम महिलाओं द्वारा बुर्के की आड़ में मतदान को प्रभावित करने व रोकटोक पर विवाद करने की घटनाएं सामान्य हैं। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार पोलिंग एजेंटों द्वारा आपत्ति करने पर उनकी पहचान सुनिश्चित करने से किसी की धार्मिक भावनाएं आहत नहीं होती है। उनके इस बयान को लेकर भी हंगामा देखने को मिला था। सैम पित्रोदा अपने बयानों को लेकर विवादों में रहे हैं। पित्रोदा ने रंगभेद को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि भारत में पूर्व के लोग चाइनीज और दक्षिण के लोग साउथ अफ्रीकन जैसे दिखते हैं। कांग्रेस ने पित्रोदा के इस बयान से किनारा कर लिया। सैम पित्रोदा के बयान को लेकर कांग्रेस ने कहा कि भारत की विविधता की ये परिभाषा मंजूर नहीं है। यह गलत है। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी ने इस मुद्दा बना लिया था। ये उदाहरण बताते हैं कि जहरीले बोलों पर नेताओं को कड़ा सबक मिला होता आज यह हालात पैदा नहीं होते कि कोई मंत्री जैसे संवैधानिक ओहदे पर बैठ कर सेना की जांबाज, देशभक्त और देश की महिलाओं के लिए अग्रणी महिला सैन्य अधिकारी के खिलाफ अमर्यादित बोल बोलने का साहस जुटा पाता। राजनीतिक दल ही सख्त कार्रवाई नहीं करके ऐसे नेताओं को हवा देते हैं। दलों ने गरिमा की यदि कोई सीमा-रेखा तय नहीं की तो आगे भी ऐसी बदजुबानी से देश और समाज शर्मसार होता रहेगा।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*पानी-पानी मुंबई, पानी-पानी लोग*
*एक दिवस में खुल गया, बीएमसी का ढोंग*
*बीएमसी का ढोंग, भरे सब नदिया-नाले*
*बजबजा रही गटर, सड़क पर लटके ताले*
*कह सुरेश कर्मी ढरकाकर महुआ रानी*
*टुन्न पड़े हैं, पूरी पब्लिक पानी-पानी*

# भारत की अर्थव्यवस्था चौथे नंबर पर लेकिन

> भारत की इस तेज रफ्तार वृद्धि के पीछे निर्माण क्षेत्र की ताकत को सबसे प्रमुख माना जा रहा है। केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में निर्माण क्षेत्र में लगातार पैसा झोंका है। सड़क मार्ग, रेल परिवहन, पोर्ट निर्माण और आवासीय भवनों के निर्माण को केंद्र सरकार ने अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है। इसका लाभ कोर सेक्टर के स्टील, सीमेंट, बिजली, तेल सहित औद्योगिक सेक्टर के 50 बड़े क्षेत्रों को मिला है।

भारत ने अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में एक कीर्तिमान हासिल किया है। वस्तुतः एक इतिहास रचा है भारत ने। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने बताया है कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। अब भारत की अर्थव्यवस्था चार बिलियन डॉलर की हो चुकी है। बता दें कि अर्थव्यवस्था के आकार के मामले में इस समय भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी रह गए हैं। अनुमान यह भी जताया गया है कि अगले ढाई से तीन साल में भारत जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत की इस तेज रफ्तार वृद्धि के पीछे निर्माण क्षेत्र की ताकत को सबसे प्रमुख माना जा रहा है। केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में निर्माण क्षेत्र में लगातार पैसा झोंका है। सड़क मार्ग, रेल परिवहन, पोर्ट निर्माण और आवासीय भवनों के निर्माण को केंद्र सरकार ने अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है। इसका लाभ कोर सेक्टर के स्टील, सीमेंट, बिजली, तेल सहित औद्योगिक सेक्टर के 50 बड़े क्षेत्रों को मिला है। इससे इसके साथ जुड़े अन्य सेक्टरों में भी तेज वृद्धि देखी गई है। केंद्र सरकार ने देश में लगातार निवेश का माहौल बेहतर बनाए रखा है। इसका असर हुआ है कि विदेशी निवेशकों ने यहां निवेश को अपनी प्राथमिकता बना रखा है। इससे देश के अनेक क्षेत्रों में पर्याप्त निवेश प्राप्त हुआ है और इससे इन सेक्टरों को बढ़ाने में वित्तीय मदद मिली है। अभी जिस तरह के वैश्विक माहौल बने हैं, उसमें आगे भी भारत में निवेश की संभावनाएं बेहतर बनी रह सकती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हथियारों के निर्माण को अपनी प्राथमिकता में रखा है। इसका यह असर हुआ है कि भारत आज दुनिया में हथियार आयातकों के साथ-साथ हथियारों




का बड़ा निर्यातक भी बन चुका है। आज भारत के ब्रह्मोस, आकाश और अन्य आयुध निर्माण की खरीद करने वाले दर्जनों देश की सेवाएं ले रहे हैं। इससे भी भारत की धमक पूरी दुनिया में बढ़ी है। केंद्र सरकार के इस कदम ने भारत को न केवल हथियारों का निर्यातक बनाया है बल्कि इसके जरिए भारत को बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा भी प्राप्त हुई है। जिस तरह भारत ने मोबाइल निर्माण के सेक्टर में अपनी ताकत दिखाई है, अब उस ने दुनिया का दूसरा सबसा बड़ा मोबाइल उत्पादक और निर्यातक देश होने का सम्मान हासिल किया है। स्मार्ट चिप के निर्माण और सोलर पैनल के निर्माण के क्षेत्र में भी भारत लगातार अपनी बढ़त बना रहा है। आने वाले समय में भारत चिप निर्माण के क्षेत्र में भी दुनिया की चुनिंदा शक्तियों में शामिल हो जाएगा। आर्थिक मामलों के विशेषज्ञों के मुताबिक निर्माण को अपनी ताकत बनाने का असर साफ दिखने लगा है। भारत अब निर्माण के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा है लेकिन अब भारत को औद्योगिक विकास के चौथे चरण के लिए तैयार होना चाहिए जहां ऑटोमेशन की सबसे बड़ी भूमिका होगी। अमेरिका, चीन, ताइवान और अन्य यूरोपीय देशों के मामले में अपने उत्पादों की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उसे सर्कुलर इकॉनमी का अगुवा भी बनना पड़ेगा। इस समय भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती ऑटोमेशन के कारण बेरोजगार हुए लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की होगी। इसके लिए सरकार को एक तरफ कामगर आबादी को तकनीकी दक्ष बनानी होगी, वहीं श्रम आधारित रोजगार भी बनाए रखने होंगे। यह उपलब्धि कृषि और निर्माण क्षेत्र में भारी निवेश करके ही हासिल किया जा सकता है। सुब्रमण्यम ने नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की मीटिंग के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत के लिए अभी माहौल अच्छा है। देश की आर्थिक स्थिति मजबूत है। सुब्रमण्यम ने मीडिया को बताया, 'अभी हम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हमारी अर्थव्यवस्था 4 ट्रिलियन डॉलर की है।'सुब्रमण्यम ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आंकड़ों का हवाला दिया। आईएमएफ के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था जापान से बड़ी हो गई है। उन्होंने आगे कहा, 'सिर्फ अमेरिका, चीन और जर्मनी ही भारत से आगे हैं। अगर हम योजना के अनुसार काम करते रहे, तो अगले 2.5-3 सालों में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।'अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि वे चाहते हैं कि ऐपल कंपनी आईफोन अमेरिका में ही बनाए, भारत में नहीं। इस पर सुब्रमण्यम ने कहा कि टैरिफ क्या होगा, यह कहना मुश्किल है लेकिन अभी भारत में चीजें बनाना सस्ता है। सुब्रमण्यम ने यह भी बताया कि सरकार एक बार फिर अपनी संपत्तियों को किराए पर देगी या बेचेगी। इसे एसेट मोनेटाइजेशन कहते हैं। इसका दूसरा दौर अगस्त में शुरू होगा। इससे सरकार को और पैसे मिलेंगे जिससे देश का विकास होगा। फिच रेटिंग्स ने साल 2028 तक भारत की औसत वार्षिक वृद्धि क्षमता का अनुमान बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने नवंबर 2023 में इसके 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। फिच ने पांच साल के संभावित सकल घरेलू उत्पाद (GDP) अनुमानों को अपडेट करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023 की रिपोर्ट के समय की हमारी अपेक्षा से अधिक मजबूती से वापसी की है। इससे वैश्विक महामारी के झटकों के कम प्रतिकूल प्रभाव के संकेत मिलते हैं।यूएन ने भी दिए अच्छे संकेत। भारत की अर्थव्यवस्था इस समय तेजी से बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस साल भारतीय अर्थव्यवस्था न केवल चीन बल्कि अमेरिका और यूरोप को भी पीछे छोड़ देगी। इस के साथ अर्थव्यवस्था के मामले में भारत पहले स्थान पर होगा। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था इस साल 6.3% की दर से बढ़ेगी। यह दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ज्यादा है। चीन की अर्थव्यवस्था 4.6%, अमेरिका की 1.6%, जापान की 0.7% और यूरोप की 1% की दर से बढ़ने का अनुमान है। जर्मनी की अर्थव्यवस्था में तो 0.1% की गिरावट आ सकती है।

**- संजय सिन्हा**

# पाकिस्तानपरस्ती के पीछे क्या है अमेरिकी कूटनीति

22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसारन घाटी में पाँच सशस्त्र उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले के बाद से ही भारत-पाक के संबंध ऐतिहासिक रूप से सबसे नाजुक मोड़ पर पहुँच गए। भारत द्वारा अपनी वायुसेना के माध्यम से 6-7 मई 2025 की रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई। इसमें प्रतिबंधित आतंकी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिज्बुल मुजाहिदीन के मुख्यालयों को निशाना बनाकर विशेष कार्रवाई की गई। इसमें मरकज़ सुब्हान अल्लाह, बहावलपुर –जैश-ए-मोहम्मद का ठिकाना, मरकज़ तैयबा, मुरिदके – लश्कर-ए-तैयबा का मुख्यालय, सरजल, टेहड़ा कलां – जैश-ए-मोहम्मद का अड्डा, महमूना जोया, सियालकोट – हिज्बुल मुजाहिदीन का ठिकाना, मरकज़ अहले हदीस, बरनाला – लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा, मरकज़ अब्बास, कोटली – जैश-ए-मोहम्मद का केंद्र, मस्कर रहील शहीद, कोटली – हिज्बुल मुजाहिदीन का प्रशिक्षण शिविर शवाई नाला कैंप, मुजफ्फराबाद – लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी शिविर और सैयदना बिलाल कैंप, मुजफ्फराबाद – जैश-ए-मोहम्मद का संचालन केंद्र सम्मिलित था। इसके बाद पाकिस्तान की तरफ से भारत के ख़िलाफ़ ऑपरेशन 'बुनयान अल मरसूस' शुरू किया गया। दोनों ने ही एक-दूसरे के ड्रोन और मिसाइल मार गिराने का दावा किया। नियंत्रण रेखा पर भी भारत और पाकिस्तान के बीच भारी गोलाबारी हुई। जब यह संघर्ष युद्ध की तरफ बढ़त दिख रहा था तभी 10 मई की शाम 5 बजे दोनों देशों ने सभी तरह की सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा कर दी। इस सीजफायर को लेकर अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के गलियारों में एक बहस छिड़ी की आखिर सीजफायर हुआ कैसे? डोनाल्ड ट्रम्प के द्वारा एक के बाद एक दावे किए गए कि इसमें अमेरिका की बड़ी भूमिका है। पाकिस्तान की तरफ से भी इसका समर्थन किया गया, हालांकि भारत सरकार ने इसका खंडन किया। बहरहाल सीजफायर किन परिस्थियों में हुआ, यह एक गूढ प्रश्न तो है ही,



साथ ही एक विशेष प्रश्न यह भी है कि लगभग तीन दिन तक चले इस संघर्ष के दौरान अमेरिका का रूख पाकिस्तान परस्त क्यों था? दूसरे शब्दों में सब कुछ जानते बूझते अमेरिका का रुझान पाकिस्तान की ओर क्यों है? यह प्रश्न बड़ा ही संजीदा है और इसका जवाब तारीख(इतिहास) में देखने को मिलेगा। पाकिस्तान जब एक अलग मुल्क बना, तभी उसने भारत के विपरीत अमेरिकी ब्लाक से अपने सम्बन्ध स्थापित करने शुरू कर दिए और वह सीटो का सदस्य बन गया। इसका उसे फायदा भी मिला. चूंकि अफगानिस्तान में सोवियत संघ का हस्तक्षेप बढा तो उसे काउंटर करने के मद्देनजर पाकिस्तान को अमेरिका ने हथियार और पैसा देना आरम्भ किया। यहीं से मुजाहिदीन और बाद में तालिबान का जन्म हुआ। अमेरिका के रहमो करम पर इस संगठन ने अफगानिस्तान को सोवियत रूस से मुक्त कराया और खुद सोवियत रूस का विघटन हो गया। अमेरिका ने इसके बाद पाकिस्तान की फंडिंग बंद कर दी। इसके पीछे दो कारण थे 1. अमेरिका का राष्ट्रीय हित और 2. पाकिस्तान का न्यूक्लियर प्रोग्राम। हालांकि 9/11 के बाद परिस्थितियाँ फिर बदलीं और अमेरिका ने अफगानिस्तान में हस्तक्षेप किया और फिर पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के निमित्त फंड देना शुरू कर दिया। 2018 में ट्रम्प प्रशासन ने सैन्य सहायता देना बन्द कर दी। 2019 के बाद फिर स्थितियाँ सुधरीं और फरवरी 2020 में अमेरिका और तालिबान के बीच दोहा वार्ता में पाकिस्तान ने बिचौलिया की भूमिका निभाई और वह एक बार फिर से अमेरिका के करीब आ गया। अफगानिस्तान के पतन के बाद अमेरिका अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से हट गया परन्तु अभी भी अमेरिका ने कई तरीके से फंडिंग जारी रखी। इस दौर में पाकिस्तान को चीन से भी मदद मिलती रही। चीन ने पाकिस्तान के ग्वादर तक एक गलियारा बना दिया हालांकि अभी तक अरबों डॉलर का निवेश करने के बावजूद चीन को इस गलियारे से कुछ विशेष हासिल नही हुआ है। प्रथम द्रष्टया अमेरिका का पाकिस्तान के तरफ झुकाव का कारण उनका ऐतिहासिक रिश्ता है. बावजूद इसके कुछ और भी महत्त्वपूर्ण पक्ष हैं जिसके कारण पहलगाव हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमेरिका की पाकिस्तान परस्ती जारी है। मोटे तौर पर इसके पीछे कुछ कारक भी दिखलायी पड़ते हैं जैसे अफगानिस्तान की निगरानी, चीन का प्रतिकार और भारत को संतुलित करना। अमेरिका अफगानिस्तान से जाने के बाद भी यह नही चाहता है कि एक बार पुनः अफगानिस्तान अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद की शरणस्थली बने। वस्तुतः अमेरिका पाकिस्तान का इस कारण समर्थन करता है ताकि वह अफगानिस्तान की निगरानी कर सके क्योंकि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आई.एस.आई की गहरी पैठ तालिबानी नेटवर्क में रही है, अतः अमेरिकी एजेंसी इनका अनवरत लाभ लेने के लिए तत्पर रहती हैं। साथ ही ईरान और रूस के साथ उसके तनावपूर्ण रिश्ते हैं और इनकी निगरानी हवाई माध्यम से ही हो सकती है और इसके लिए पाकिस्तान सबसे अच्छी जगह है। जहाँ तक चीन का प्रश्न है तो अमेरिका यह नही चाहता कि चीन का पाकिस्तान में हस्तक्षेप बढ़े, क्योंकि वर्तमान सदी में चीन लगातार अमेरिका को चुनौती देते हुए अपनी प्रभुता को बढ़ाता जा रहा है। ग्वादर पोर्ट के जरिए चीन की पैठ हिंदमहासागर में बढ़ रही है, इसके लिए उसने काफी पैसा खर्च किया है। एक और स्थिति जिसका फायदा मौकापरस्त चीन उठा सकता है, यदि पाकिस्तान बहुत अधिक कमजोर हो जाता है तो चीन उसकी संप्रभुता का फायदा उठा सकता है।

**- डॉ. ब्रजेश कुमार मिश्र**

## तेज, तप, त्याग-यानी वीर सावरकर

इतिहास के विशाल कैनवास पर यदि कोई एक व्यक्तित्व तेज, तप और त्याग की त्रयी में पूर्णता प्राप्त करता है तो वह हैं वीर विनायक दामोदर सावरकर। उनका जीवन केवल एक स्वतंत्रता सेनानी का नहीं था बल्कि विचार और कर्म की उस पराकाष्ठा का नाम था जहाँ व्यक्ति अपने समय से बहुत आगे जाकर सोचता है, जीता है और संघर्ष करता है। सावरकर केवल एक नाम नहीं, वह चेतना हैं, जो राष्ट्र के हृदय में आज भी धड़कती है। वे एक ऐसे युग के साक्षी थे, जहाँ पग-पग पर गुलामी थी, और श्वास-श्वास में स्वतंत्रता की प्यास। उनके जीवन की त्रिवेणी तेज, तप और त्याग हर राष्ट्रप्रेमी को आलोकित करती है। सावरकर के तेज की परिभाषा केवल शौर्य तक सीमित नहीं थी। उनका तेज बौद्धिक था, धारदार था, और भीतर से जलता हुआ ऐसा प्रकाश था जो अंधकार के विरुद्ध संघर्ष करता रहा। उन्होंने इतिहास को नए दृष्टिकोण से देखा। '1857 का स्वतंत्रता संग्राम' के रूप में उन्होंने जिस क्रांति को पराजय नहीं, बल्कि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहा, वह उनके इतिहासबोध और तेजस्विता का प्रमाण है। जब समूचा राष्ट्र 1857 को ग़दर कहता था, तब अंडमान की काल कोठरी में बैठा यह क्रांतिकारी उस संघर्ष की पुनर्व्याख्या कर रहा था। उनका तेज इतना प्रभावी था कि ब्रिटिश सरकार ने उनके ग्रंथ पर प्रतिबंध लगा दिया लेकिन विचारों को कैद करना साम्राज्यवाद के भी वश में नहीं था। उनकी लेखनी में अग्नि थी, जिसमें समर्पण था, क्रांति थी और मनुष्यत्व की गरिमा भी। 'हिंदुत्व' की उनकी परिभाषा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का दस्तावेज बन गई। यह तेज उनकी आंखों में था, शब्दों में था, और आत्मा की गहराइयों में था। वे जहां खड़े होते थे, वहां विचारों की आग जल उठती थी निर्भीक, निडर, और निर्णायक। सावरकर का तप कोई साधु-संन्यासी वाला तप नहीं था; वह कर्मयोग का तप था। उनका जीवन बलिदान की उस आग से तपाया गया था जिसमें वे स्वयं को भूलकर राष्ट्र के लिए जीते रहे। मात्र 27 वर्ष की आयु में उन्हें अंडमान की सेल्युलर जेल में कालापानी की सजा मिली। यह वह जेल थी, जहां कैदी अपनी छाया से भी डरते थे, और जहां केवल शरीर नहीं, आत्मा को भी यातना दी जाती थी। लेकिन इस वीर पुरुष ने उस यातना को तप बना लिया। नारियल की रस्सियां पीटने के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी। कोल्हू में तेल पेरते हुए भी उनकी आत्मा स्वाधीनता का गान करती रही। कालकोठरी की स्याही से उन्होंने दीवारों पर कविताएं रचीं, राष्ट्र की चेतना को शब्द दिए। यह तप था..निष्ठा का, संकल्प का, और भारतमाता के चरणों में समर्पण का। सावरकर ने राजनीतिक दृष्टिकोण से भी कठिन तप किया। वे जानते थे कि हर संघर्ष एक ही रूप में सफल नहीं होता। अतः उन्होंने समय के साथ विचारों को ढाला, समझौते किए, लेकिन मूल भावना को कभी नहीं छोड़ा। उनके विरोधियों ने जब उन्हें 'माफ़ीनामा' कहकर नीचा दिखाने की कोशिश की, तब वे यह भूल गए कि एक सच्चा तपस्वी अपने शरीर की नहीं, अपने संकल्प की रक्षा करता है।

**- सचिन त्रिपाठी**

आज का कार्टून




साभार

# बिहार में रेलवे को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम

जमालपुर कारखाना के विकास के लिए 78.96 करोड़ की नई सौगात के रूप में, केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने जमालपुर कारखाना में वैगन पीओएच क्षमता वृद्धि परियोजना की आधारशिला रखी। इस अवसर पर केंद्रीय पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी और बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे। जमालपुर कारखाना में पहुंचने पर माननीय केंद्रीय रेल मंत्री श्री वैष्णव ने अन्य मंत्रियों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ वैगन निर्माण शॉप और क्रेन शॉप जैसी विभिन्न शॉपों का निरीक्षण किया। वैगन निर्माण शॉप में रेल मंत्री ने जमालपुर वर्कशॉप में निर्मित बॉक्सन वैगन, बीएलसीएस वैगन और शौचालय युक्त ब्रेक वैन का निरीक्षण किया। क्रेन शॉप में माननीय मंत्री ने नव निर्मित 140 टन क्रेन, 8-व्हीलर टावर कार और जमालपुर जैक का निरीक्षण किया जो इस कारखाना की विशेष पहचान हैं। इस अवसर पर वर्कशॉप के कर्मचारियों ने मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद केंद्रीय रेल मंत्री ने इरिमी जमालपुर का दौरा किया जहां उन्होंने वेल्डिंग, न्यूमेटिक्स, हाइड्रोलिक्स और मेक्ट्रोनिक्स जैसी इंजीनियरिंग की विभिन्न शाखाओं पर विस्तृत विकास योजना वाली "सेंटर ऑफ एक्सीलेंस" नामक एक पुस्तिका का विमोचन किया। इस पुस्तक में इन चार विषयों पर कार्ययोजनाएँ शामिल हैं, ताकि , जमालपुर में इंजीनियरों के लिए इस प्रतिष्ठित प्रशिक्षण केंद्र में बुनियादी ढाँचा, प्रशिक्षण सुविधा विकसित की जा सके। इस प्रयास में पूरे क्षेत्र के विकास के लिए 350 करोड़ रुपये की निवेश योजना शामिल है। वैगन, क्रेन और जमालपुर जैक जैसे उपकरणों के निर्माण का लक्ष्य लगातार बढ़ाया गया है, और साथ ही अवसंरचना को भी मजबूत किया गया है। किंतु वर्तमान सरकार की सोच इससे कहीं आगे है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन के अंतर्गत बिहार में रेलवे के बजटीय आवंटन में लगभग 1000 करोड़ (एक दशक पूर्व) से बढ़ाकर अब 10,000 करोड़ कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त बिहार के विकास हेतु 98 स्टेशनों के पुनर्विकास सहित 1,00,000 करोड़ की रेलवे परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। रेल मंत्री ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में बिहार में 1832 किमी नई पटरियां बिछाई गई हैं और पूरे भारत में 34000 किमी रेलवे ट्रैक बिछाए गए। इसके अलावा, 50,000 किमी से अधिक मार्गों का विद्युतीकरण किया गया है जिससे तेल आयात पर निर्भरता घटी है। प्रधानमंत्री की बिहार के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि पहली वंदे भारत ट्रेन भागलपुर से और पहली नमो भारत ट्रेन जयनगर से चलाई गई। ये सभी प्रयास बिहार में समृद्ध सामाजिक-आर्थिक स्थिति लाने की दिशा में उठाए गए हैं। केंद्रीय पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने ने रेल मंत्री की सूक्ष्म स्तर पर सोच और समग्र विकास की दिशा में किए गए कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर बोलते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी और श्री विजय कुमार सिन्हा ने बिहार के विकास में रेलवे के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। जमालपुर रेल इंजन कारखाना में वैगन पीओएच वृद्धि के लिए 545 से 800 वैगन प्रति माह की परियोजना की आधारशिला रखने के साथ ही वैगन ओवरहालिंग क्षमता में प्रति माह 255 यूनिट से अधिक की वृद्धि होगी। इस क्षमता वृद्धि परियोजना को लगभग 79 करोड़ रुपये की लागत से क्रियान्वित किया जाएगा। इससे टर्न अराउंड टाइम में सुधार होगा, वैगन की उपलब्धता बढ़ेगी और परिचालन में सुधार होगा। इस अवसर पर विधायक प्रणव कुमार, विधायक अजय कुमार सिंह, विधायक राजीव कुमार सिन्हा, विधान पार्षद लाल मोहन गुप्ता, एमएलसी एवं पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। सुबह जमालपुर स्टेशन पहुंचने के बाद, माननीय केंद्रीय रेल मंत्री श्री वैष्णव ने द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय और यात्रियों के लिए अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारखाने के कर्मठ कर्मचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना गया।

**- कुमार कृष्णन**

# पीएम मोदी के दौरे पर पटना से रोहतास तक अलर्ट

## डीजीपी ने बुलाई हाई लेवल मीटिंग

**महानगर नेटवर्क**
**पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 29 और 30 मई को बिहार दौरे को लेकर सोमवार को बिहार पुलिस मुख्यालय में उच्चस्तरीय बैठक चल रही है। डीजीपी विनय कुमार की अध्यक्षता में चल रही इस बैठक में प्रधानमंत्री के पटना और रोहतास में होने वाले कार्यक्रमों की सुरक्षा और विधि व्यवस्था को लेकर समीक्षा की जायेगी। बैठक में एडीजी विधि व्यवस्था सह एटीएस पंकज दराद भी मौजूद हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर रोहतास और पटना के एसपी सहित संबंधित सभी पुलिस अधिकारियों को अलर्ट भेजा गया है। आतंकी व नक्सली संगठनों के खतरे को देखते हुए सभी पुलिस पदाधिकारियों को



सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करने का निर्देश दिया गया है। आपको बता दें पीएम मोदी का राजधानी पटना में रोड शो भी होगा। 29 मई की शाम को विशेष विमान से पटना पहुंचेंगे। पटना एयरपोर्ट से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रदेश कार्यालय तक उनका रोड शो संभावित है। पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री का यह पहला बिहार दौरा होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करने के साथ ही बिहटा हवाई अड्डे का शिलान्यास भी करेंगे। 29 मई की रात को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में पार्टी के सभी सांसद, विधायक, एमएलसी और प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। वह आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत का मंत्र देंगे। साथ ही चुनाव की तैयारियों की समीक्षा भी करेंगे।

इस दौरान प्रधानमंत्री बिहार को 50 हजार करोड़ से अधिक की 16 योजनाओं की सौगात देंगे। पटना और बिक्रमगंज से प्रधानमंत्री रेलवे, सड़क, बिजली की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री 36 हजार 915 करोड़ की चार योजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

## नीतीश कुमार ने ACS एस सिद्धार्थ के सिर पर रखा गमला

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एक वीडियो वायरल हो रहा है। मंच पर कुछ ऐसा हुआ कि वहां मौजूद लोग भी थोड़ा हैरान रह गए। दरअसल पटना स्थित एलन मिश्रा इंस्टीट्यूट में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के दौरान शिक्षा विभाग के एसीएस एस सिद्धार्थ ने छोटे गमले में लगा एक पौधा मुख्यमंत्री को भेंट किया। लेकिन उन्होंने गमला हाथ में लेने के बजाय एस सिद्धार्थ के सिर पर रख दिया। जिसके बाद थोड़ी देर एसीएस भी हैरान रह गए। आपको बता दें कार्यक्रम में एस सिद्धार्थ ने परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए उन्हें एक छोटा गमला भेंट किया था, जिसे सीएम नीतीश ने एस सिद्धार्थ के सिर पर रख दिया। यह देख कर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार सहित वहां मौजूद अधिकारी अचंभित रह गए। इससे पहले भी नीतीश कुमार के कई वीडियो वायरल हो चुके हैं।

पूरा परिवार ड्रामा कर रहा

# सामने आईं तेजप्रताप की पत्नी ऐश्वर्या

## लालू-राबड़ी-तेजस्वी पर लगाए गंभीर आरोप

**महानगर नेटवर्क**
**पटना**



12 साल से अनुष्का यादव के साथ तेजप्रताप के रिलेशनशिप पर उनकी पत्नी ऐश्वर्या राय का बड़ा बयान आया है। उन्होंने कहा है कि पूरा परिवार मिलकर ड्रामा कर रहा है। उन्होंने मीडिया से उन्हें तेजप्रताप के अनुष्का यादव नाम की लड़की से रिलेशन की जानकारी मिलने की बात बताई। ऐश्वर्या राय ने ससुर लालू प्रसाद, सास राबड़ी देवी और देवर तेजस्वी यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब मुझे मारा जा रहा था तो इनका सामाजिक न्याय कहां था। मेरी जिन्दगी खराब क्यों किया। ऐश्वर्या ने कहा कि पूरा परिवार मिला हुआ है। पार्टी और परिवार से निकालने की बात सिर्फ और सिर्फ ड्रामा है।

ऐश्वर्या राय ने कहा कि ट्विटर पर चार लाइन लिख देने से क्या होगा। ये लोग कभी अलग नहीं हो सकते। कल ही शाम को राबड़ी देवी उसके पास गई होंगी और आंसू पोछ कर कहा होगा कि कुछ दिन शांत रहो हम सब ठीक कर लेंगे। तेजस्वी यादव ने भाई के साथ है। कोर्ट ने इन्हें घरेलू हिंसा में दोषी पाया है लेकिन किसी मीडिया में छपने नहीं दिया। मुझे पीटा गया और मेरा खाना बंद करवा दिया गया पर लालू जी ने कुछ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि मैं अपने हक के लिए फाइट करूंगी। कहा कि इन लोगों ने मेरी जिन्दगी को इन लोगों ने मजाक बना कर रख दिया। जब 12 सालों से इस रिश्ते बात तेज ने स्वीकार किया है तो जाहिर है कि सबको पहले से पता रहा होगा फिर भी मेरे साथ शादी करवा दी।

# ताड़ी से हटेगा बैन? जेडीयू दफ्तर में नीतीश से दलित नेता की मांग

## सीएम ने रिपोर्ट तलब की

**महानगर नेटवर्क**
**पटना**

बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू है लेकिन, ताड़ी को इस कानून से मुक्त करने की मांग उठने लगी है। अब तक विपक्षी राजद ताड़ी को शराबबंदी से बाहर करने की वकालत कर रहा था लेकिन अब नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के अंदर से भी आवाज आने लगी है। सोमवार को पार्टी के एक पदाधिकारी ने ही सीएम नीतीश कुमार को पार्टी ऑफिस में ताड़ी से बैन हटाने का पत्र सौंपा बल्कि मांग नहीं मानने पर विरोध की भी चेतावनी दी। सीएम ने इस मामले में प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को पूरी रिपोर्ट तलब किया है। दरअसल नीतीश कुमार सोमवार को अचानक अपने पार्टी ऑफिस में पहुंच गए। वहां कार्यकर्ता और पार्टी के अन्य नेता पहले से मौजूद थे। सीएम के लिए नारेबाजी



शुरू हो गई। वहीं खुद को पार्टी के दलित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बताने वाले मुन्ना चौधरी ने ताड़ी की बिक्री राज्य में शुरू कराने और ताड़ी पीने को गैरकानून दर्जे से बाहर लाने की मांग से संबंधित पत्र सीएम को सौंप दिया। पत्रकार से बात करते हुए मुन्ना चौधरी ने बताया कि 2016 में यह कानून लागू किया गया था तब से पासी समाज को बहुत नुकसान हुआ है। ताड़ी के कानून से मुक्त रहने की उनकी पुरानी मांग है। आज सीएम से सामना हुआ तो पत्र दे दिया। मुन्ना चौधरी ने कहा कि सीएम ने पत्र उमेश कुशवाहा को दे दिया और पूरे मामले पर विस्तृत जानकारी लेकर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया।

पटना में दिनदहाड़े मर्डर

## रामकृष्णा नगर में खटाल संचालक को गोलियों से भून डाला

**महानगर नेटवर्क**
**पटना**

पटना में एक बार फिर अपराधियों ने पुलिस-प्रशासन को खुलेआम चुनौती दे डाली है। पटना के रामकृष्णा नगर के जगनपुरा में एक खटाल संचालक को गोली मार दी गई है। घटना सोमवार की सुबह 10 बजे के आसपास की है। मृतक चंद्रकांत प्रसाद ( 48 वर्ष ) रामकृष्णा नगर के जगनपुरा निवासी थे। जानकारी के मुताबिक, बाइक सवार तीन अपराधियों ने हत्या की घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों ने दिनदहाड़े चंद्रकांत को चार गोलियां मारी है। हत्या का आरोप दामाद और समधी पर ही लगा है।

सरेआम खटाल संचालक चंद्रकांत प्रसाद को गोली मारकर हुई हत्या से सनसनी फैल गई है। इलाके के लोग भी दहशत में हैं। चंद्रकांत प्रसाद को गोली क्यों मारी गई? अभी इसके बारे में पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है। फिलहाल वारदात के बाद पुलिस इसकी जांच-पड़ताल में जुट गई है।

# चुनाव से पहले JDU विधायक पर FIR दर्ज

## फर्जी दस्तावेज और धमकी देकर जमीन कब्जे का आरोप



**महानगर नेटवर्क**
**गोपालगंज**

गोपालगंज जिले में जदयू विधायक अमरेंद्र कुमार पांडेय एक बार फिर विवादों में हैं. कुचायकोट थाना क्षेत्र में उनके खिलाफ जमीन पर अवैध कब्जा करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है. एफआईआर में उनके साथ उनके भाई सतीश पांडेय और एक अन्य व्यक्ति भोला पांडेय का भी नाम शामिल है. शिकायत मीरगंज थाना क्षेत्र के सेमराव गांव निवासी जितेंद्र कुमार राय द्वारा दर्ज कराई गई है. उन्होंने आरोप लगाया है कि विधायक और उनके सहयोगी मुजफ्फरपुर निवासी किरण सिन्हा की जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।

### हथियारों के साथ पहुंचे थे लोग

जितेंद्र राय के अनुसार, विवादित जमीन खाता संख्या 38, खेसरा संख्या 513 में दर्ज है और इसका कुल रकबा 16 एकड़ 93 डिसमिल है. उन्होंने बताया कि वे वर्षों से इस जमीन पर खेती करते आ रहे हैं. मामला तब गंभीर हो गया जब बीते वर्ष 4 अगस्त को खेत की जुताई के दौरान कुछ लोग हथियारों के साथ वहां पहुंचे और धमकी देकर उन्हें काम रोकने को कहा।

# मशीनें लगी नहीं, 92 करोड़ हो गई खर्च

**महानगर नेटवर्क**
**भागलपुर**



भागलपुर स्थित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में 200 करोड़ की लागत से तैयार सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सों, टेक्नीशियन और अन्य मानव संसाधनों की तैनाती न होने से अपने अधोगति को प्राप्त हो रहा है तो वहीं इस हॉस्पिटल में एक नया खेल उजागर हुआ है। सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में मशीन/उपकरण लगाने के लिए अधिकृत एजेंसी को 92 करोड़ रुपये का भुगतान हो गया, लेकिन 22 मशीनें लगी ही नहीं। जानकारी के मुताबिक इन मशीनों को लगाने के बाद एजेंसी को हॉस्पिटल के जिम्मेदारों से एनओसी लेना था। अब पोल खुली तो जिम्मेदार अपना सर धुन रहे और अपना गर्दन बचाने की फिराक में लगे हुए हैं। एजेंसी को सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में 88 प्रकार की जांच मशीन-उपकरण लगाने का जिम्मा दिया गया था।

# बक्सर में ट्रिपल मर्डर के बाद आरजेडी नेता की हत्या

## बदमाशों ने तीन गोली मारी



**महानगर नेटवर्क**
**बक्सर**

बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव में शनिवार को तीन लोगों को गोली मार हत्या किए, जाने की घटना के बाद से जिले में अपराध की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र में अपराधियों ने राजद नेता सह संवेदक अर्जुन यादव की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना ने पूरे जिले में एक बार फिर सनसनी फैला दी। अपराधियों ने सोमवार को इस वारदात को पावर प्लांट के गेट के बाहर अंजाम दिया है।

बताया जाता है कि स्व. सुरेन्द्र सिंह के पुत्र अर्जुन यादव चौसा गोला पर स्थित अपने घर से निकलकर अपने काम से पावर प्लांट की तरफ काले रंग की थार जीप से जा रहे थे। तभी दोपहर बारह बजे के आसपास पावर प्लांट के बाहर एक बाइक पर सवार तीन अपराधी एक दुकान के पास आकर रुके और एक के बाद एक तीन गोली मार दी। अचानक घटी इस घटना के बाद सभी लोग कुछ समझ पाते हैं, सभी अपराधी तेज गति से बाइक चलाते हुए वहां से भाग खड़े हुए। घटना के बाद घायल अर्जुन यादव को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया, वहां से वाराणसी रेफ़र कर दिया गया।

# बहन की डोली उठने से पहले उठी भाई की अर्थी

## शादी की खुशियां गम में बदली

**महानगर नेटवर्क**
**समस्तीपुर**

समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के मदुदाबाद गांव में एक युवक का शव लीची के बगीचे में संदिग्ध अवस्था में मिला है। मृतक की पहचान अर्जुन कुमार के रूप में हुई है जो गुजरात की एक प्राइवेट कंपनी में कार्यरत था. वह 4 जून को चचेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए कुछ हफ्ते पहले ही अपने गांव लौटा था. परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है.

रविवार रात 9 बजे वह बिना खाना खाए घर से निकला था और देर रात तक वापस नहीं लौटा. खोजबीन के दौरान उसका शव घर के पीछे स्थित लीची के बगीचे में एंगल से फंसा हुआ मिला. गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका है. मृतक के भाई सतीश कुमार ने बताया कि अर्जुन का किसी से कोई विवाद नहीं था और वह शादीशुदा था, दो बच्चे भी हैं. 10 जून को वह वापस गुजरात लौटने वाला था और उसने टिकट भी बुक करवा लिया था. ऐसे में उसकी अचानक मौत ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया है।



### पुलिस अधिकारी का बयान

पटोरी डीएसपी बीके मेधावी ने बताया कि मामले की जांच हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से की जा रही है। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई आवेदन नहीं दिया गया है, जैसे ही आवेदन प्राप्त होगा, FIR दर्ज की जाएगी।

# सरकार ने पैक्स अध्यक्षों को दी बड़ी जिम्मेदारी, कई क्षेत्रों में करेंगे काम

**महानगर नेटवर्क**
**पटना**

बिहार सरकार ने सहकारिता के क्षेत्र में एक नया और दूरगामी कदम उठाते हुए पैक्स (प्राथमिक कृषि साख समितियों) की भूमिका को पारंपरिक कृषि कार्यों से आगे बढ़ाकर पर्यटन, होम स्टे, टूर गाइड, ट्रांसपोर्ट और ट्रेनिंग जैसे क्षेत्रों में भी सक्रिय करने का फैसला लिया है. सहकारिता विभाग ने इसके लिए संबंधित समितियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं. इस पहल से न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नया जीवन मिलेगा. अब पैक्स समितियां अपने क्षेत्रों में होम स्टे सुविधा, टूर पैकेजिंग, ट्रैवल गाइड सेवा और हैंडीक्राफ्ट उत्पादों के विकास में भी भूमिका निभाएंगी. जरूरत पड़ी तो नई सहकारी समितियों का गठन कर इन




गतिविधियों को और व्यापक किया जाएगा. यह मॉडल पर्यटन विभाग की योजनाओं के साथ समन्वय स्थापित कर पैक्स को सीधे लाभ पहुंचाएगा. इससे न केवल पर्यटक आकर्षित होंगे, बल्कि स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे. सहकारिता विभाग ने मखाना उत्पादन से जुड़े किसानों और समितियों पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया है. अब इन किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) के तहत 5 लाख तक ऋण देने की योजना बनाई गई है।

**व्यापार**

# सेंसेक्स 455 अंक चढ़कर 82,176 पर बंद

**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार, 26 मई को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 455 अंक चढ़कर 82,176 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 148 अंक की तेजी रही, ये 25,001 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयरों में तेजी और 8 में गिरावट रही। महिंद्रा, HCL टेक, टाटा मोटर्स सहित कुल 9 शेयर्स 2.17% तक ऊपर बंद हुए। इटरनल यानी जोमैटो में 4.55% की गिरावट रही।

निफ्टी के 50 में से 38 शेयरों में तेजी और 12 में गिरावट रही। NSE के सभी सेक्टर्स ऊपर बंद हुए। ऑटो इंडेक्स में 1.05%, मेटल में 0.94%, IT में 1.02% और रियल्टी में 0.76%



की तेजी रही। भारतीय लग्जरी होटल चेन 'द लीला' की पैरेंट कंपनी श्लॉस बैंगलोर लिमिटेड का IPO 26 मई से सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हो गया है। रिटेल निवेशक इसके लिए 28 मई 2025 तक बोली लगा सकते हैं। इस इश्यू के जरिए कंपनी 3,500 करोड़ जुटाना चाहती है। इस IPO में कंपनी 2,500 करोड़ रुपए के 5.75 करोड़ नए शेयर इश्यू करेगी। 1,000 करोड़ रुपए कीमत के 2.30 करोड़ शेयर ऑफर फॉर सेल के तहत रहेंगे।



# सोना 342 बढ़कर 95,813 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 26 मई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 342 बढ़कर 95,813 पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 95,471 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी का भाव 488 बढ़कर 97,397 हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 96,909 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

# HDFC बैंक में FD कराने पर अब कम ब्याज मिलेगा

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) के बाद अब HDFC बैंक ने भी फिक्स्ड डिपॉजिट यानी FD की ब्याज दरों में की कटौती की है। नई ब्याज दरों के अनुसार अब 1 साल के लिए FD पर सामान्य नागरिकों को 6.50% की दर से ब्याज मिलेगा।

वहीं 2 साल की FD पर सालाना 6.70%, 3 साल की FD पर 6.55% और 5 साल की FD पर 6.30% ब्याज मिलेगा। वरिष्ठ नागरिकों को बैंक 7.35% तक का




ब्याज दे रहा है।

**SBI में 1 साल की FD पर 6.50% ब्याज**

इससे पहले इसी महीने SBI ने FD की ब्याज दरों में 0.20% तक की कटौती की थी। SBI में अब 1 साल की FD कराने पर 6.50% ब्याज मिल रहा है। नई ब्याज दरें 16 मई 2025 से लागू हुई हैं। बैंक ने पिछले महीने 15 अप्रैल को भी ब्याज दरों में कटौती की थी।

**केनरा बैंक में 1 साल की FD पर 6.85% ब्याज**

केनरा बैंक ने भी फिक्स्ड डिपॉजिट यानी FD की ब्याज दरों में कटौती की है। नई ब्याज दरों के अनुसार अब 1 साल के लिए FD पर सामान्य नागरिकों को 6.85% की दर से ब्याज मिलेगा।

वहीं 2 साल की FD पर सालाना 6.90%, 3 साल की FD पर 7.00% और 5 साल की FD पर 6.70% ब्याज मिलेगा।

# 'शुरू ऐप' ने सीरीज़ ए फंडिंग हासिल की

**महानगर नेटवर्क**
**मुंबई**

भारत के तेजी से उभरते लोकल सोशल प्लेटफ़ॉर्म शुरू ऐप को अब सीरीज ए फंडिंग मिली है। यह निवेश क्राफ्टन, ओमिद्यार नेटवर्क इंडिया और एग्जिमियस वेंचर्स जैसे संस्थानों ने किया है। इस फंडिंग का इस्तेमाल ऐप की तकनीक को और मजबूत करने और नए फीचर्स लॉन्च करने में किया जाएगा।

शुरू ऐप के सीईओ और को-फाउंडर मयंक भांगड़िया ने कहा, "शुरू अब एक नया एआई आधारित फ़ीचर शुरू करने जा रहा है, जो आम लोगों की बातचीत से रियल टाइम में आस-पड़ोस की जरूरी जानकारी सामने लाएगा, जैसे किसी इलाके में पानी भरना, लाइट ना आना, या कोई स्थानीय समस्या जो अक्सर बड़ी खबरों में जगह नहीं बना पाती। हम इस तकनीक के जरिए यह दिखाना चाहते हैं कि लोग अपने आसपास क्या महसूस कर रहे हैं, किन बातों पर बात कर रहे हैं, और उन बातों को समझकर सही समय पर दिखाया जा सके।"

# ऑलकार्गो गति ने एक्सप्रेस में किया बदलाव

**मुंबई।** भारत की प्रीमियम एक्सप्रेस डिस्ट्रिब्यूशन और सप्लाई चेन मैनेजमेंट कंपनी ऑलकार्गो गति लिमिटेड (पूर्व में गति लिमिटेड) ने अपनी लोकप्रिय बाइक एक्सप्रेस सर्विस के मूल्य निर्धारण (प्राइसिंग) में संशोधन किया है। कंपनी ने उत्कृष्ट सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के प्रयासों के तहत यह कदम उठाया है। नई दरें तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं और अब से सभी बुकिंग केवल प्रीपेड आधार पर स्वीकार की जाएंगी। इसका लक्ष्य ग्राहकों को अधिक सहज और पारदर्शी अनुभव प्रदान करना है। 150 सीसी तक की बाइक के लिए नई दर




9,999 रुपये और 150 सीसी से ऊपर की बाइक के लिए 11,999 रुपये है। बाइक एक्सप्रेस एक उद्देश्य के साथ शुरू की गई बाइक ट्रांसपोर्टेशन सर्विस है. इस सर्विस को नए-नए शहरों में शिफ्ट होने वाले कामकाजी पेशेवरों (वर्किंग प्रोफेशनल्स), छात्रों के साथ-साथ पर्यटकों और बाइकिंग को लेकर उत्साही लोगों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, जो सुरक्षित और परेशानी-मुक्त मोबिलिटी सॉल्यूशन चाहते हैं. दायरे का विस्तार करते हुए सेवा को अब लेह जैसे चुनौतीपूर्ण एवं ऐतिहासिक गंतव्यों तक उपलब्ध कराया गया है. इससे उत्साही राइडर अपने अभियानों में भरोसेमंद ट्रांसपोर्ट सर्विस का लाभ उठा सकेंगे. इस सर्विस के तहत कई तरह के वैल्यू-एडेड फीचर्स प्रदान किए जाते हैं. इनमें डोरस्टेप पिकअप और डिलिवरी, कंटेनराइज्ड वाहनों के माध्यम से सुरक्षित ट्रांसपोर्टेशन, कंसाइनमेंट ट्रैकिंग, लास्ट-माइल कनेक्टिविटी और 24/7 कस्टमर सपोर्ट जैसे फीचर्स शामिल हैं।

# सैमसंग बना भारत में 10,000 करोड़ रुपए से अधिक के टीवी बेचने वाला पहला ब्रांड

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने बताया कि साल 2024 में उसके टीवी कारोबार ने 10,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की बिक्री का रिकॉर्ड बनाया है। इस तरह सैमसंग भारत में यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला ब्रांड बन गया है। कंपनी को उम्मीद है कि साल 2025 में उसकी ग्रोथ और तेज होगी, क्योंकि अब लोग बड़े स्क्रीन और एडवांस तकनीक से लैस प्रीमियम टीवी ज़्यादा पसंद कर रहे हैं। विप्लेश डांग, सीनियर डायरेक्टर, विज़ुअल डिस्प्ले बिजनेस, सैमसंग इंडिया ने कहा, "2024 सैमसंग इंडिया के लिए एक यादगार साल रहा।

# MR.D.I.Y. ने ठाणे के विवियाना मॉल में पहला फ्लैगशिप स्टोर लॉन्च किया



**मुंबई।** एशिया के सबसे बड़े होम इम्प्रूवमेंट रिटेलर्स में से एक MR.D.I.Y. ने ठाणे के विवियाना मॉल में अपना पहला फ्लैगशिप स्टोर खोला है। यह बड़े आकार का आउटलेट परिवारों के लिए एक नया और बेहतर शॉपिंग अनुभव प्रदान करता है, जिसमें होम डेकोर, फर्निशिंग, स्टेशनरी, किचन और सफ़ाई के आवश्यक सामान, फैशन एक्सेसरीज, खिलौने, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और भी कई श्रेणियों में 15,000 से अधिक किफायती उत्पाद उपलब्ध हैं। मनमोहक स्टेशनरी से लेकर प्रतिदिन के घरेलू सामान तक, शैक्षिक खिलौनों से लेकर, सॉफ्ट टॉयज तक, स्मार्ट किचन टूल्स से लेकर व्यावहारिक स्टोरेज सॉल्यूशंस तक, पार्टी आवश्यक वस्तुओं से लेकर फिटनेस गियर तक, व्यक्तिगत देखभाल के उत्पादों से लेकर नवीनतम गहनों तक - सब कुछ एक ही छत के नीचे है।

# एनएसडीएल का मुनाफा हुआ 83 करोड़



**मुंबई।** देश की सबसे बड़ी सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी कंपनी एनएसडीएल का मुनाफा वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 4.77 फीसदी बढ़कर 83.3 करोड़ रुपये हो गया है। इसके अलावा कंपनी के आईपीओ को लेकर नया अपडेट आया है। इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (IPO) लाने की तैयारी कर रही सरकारी कंपनी नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरीज लिमिटेड (NSDL) ने रविवार को वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए, इस दौरान कंपनी के मुनाफे में करीब 5 फीसदी की बढ़त देखने को मिली है और कंपनी ने निवेशकों के लिए डिविडेंड का भी ऐलान किया है।एनएसडीएल ने बताया कि कंपनी का मुनाफा जनवरी-मार्च अवधि में 4.77 फीसदी बढ़कर 83.3 करोड़ रुपये हो गया है।

महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं डांगट मीडिया प्रा.लि., 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

मां को रोज टूटते देखती हूं...

# राजा भैया के खिलाफ बेटी राघवी ने खोला मोर्चा

**भानवी ने बर्बर पिटाई का सबूत दिया**



महानगर संवाददाता
प्रतापगढ़

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में कुंडा विधायक और भदरी नरेश रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया का घरेलू विवाद अगली पीढ़ी तक खिसक गया है। राजा भैया और उनकी पत्नी भानवी सिंह के बीच जारी विवाद में अब बेटी राघवी कुमारी सिंह की भी एंट्री हो गई है। राघवी ने अपनी मां का पक्ष लेते हुए कहा कि मेरी मां ने पिछले 30 साल से घरेलू हिंसा, अपमान, विश्वासघात बर्दाश्त किया। उन्होंने हाई प्रोफाइल मामले में अत्याचार रोके जाने की अपील की है। राघवी सिंह ने कहा- मैं यह तस्वीरें और एक स्क्रीनशॉट भी सबूत के तौर पर साझा कर रही हूँ, जिसमें यह व्यक्ति खुद स्वीकार कर रहा है कि मेरी माँ के फर्जी हस्ताक्षर इस्तेमाल किए गए हैं। यह व्यक्ति दो साल पहले हमारे घर आया था और मेरी माँ की मदद के लिए बस्ती से आए स्टाफ को धमका रहा था। यह सिर्फ उस दिन की कहानी नहीं है, यह सिलसिला पिछले कई वर्षों से चल रहा है। मेरी माँ ने 30 साल तक सब कुछ सहन किया, घरेलू हिंसा, अपमान, धोखा, विश्वासघात, यहाँ तक कि स्वास्थ्य पर हुए स्थायी नुकसान, लेकिन उन्होंने कभी इसे सार्वजनिक नहीं किया। उन्होंने कहा कि गवाहों को धमकाया जा रहा है, यूपी पुलिस खुद स्वीकार कर रही है कि एफआईआर बेबुनियाद है लेकिन हाई-प्रोफाइल मामला होने के चलते कोई कार्रवाई नहीं कर रही, तब हमारे पास सोशल मीडिया पर अपनी बात रखने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा।

# कोरोना से देश में डर का माहौल

- IIT कानपुर से सामने आई राहत भरी खबर
- महज 'बुखार' समझिए



महानगर संवाददाता
लखनऊ/कानपुर

देश भर में कोरोना संक्रमण या कोविड वायरस के मामले एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। इसे देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय भी अलर्ट हो गया है। फिलहाल उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर, महाराष्ट्र, हरियाणा, केरल समेत अन्य राज्यों से कोविड पॉजिटिव मरीजों की रिपोर्ट्स सामने आई हैं। जानकारी के मुताबिक बेंगलुरु में कोरोना वायरस से संक्रमित एक बच्ची की मौत हुई है। कोरोना को लेकर देश में एक बार भी डर का माहौल दिखने लगा है। इसी बीच कानपुर आईआईटी से एक राहत भरी खबर आई है। कानपुर आईआईटी के मुताबिक डरते कि जरूरत नहीं है, बल्कि कोरोना के मामले जल्दी ही कम हो जाएंगे।

आईआईटी कानपुर के डायरेक्टर मणींद्र अग्रवाल ने कहा है कि देश में कोविड के जो केस बढ़ते हुए दिख रहे हैं, ये देश की आबादी के हिसाब से काफी कम हैं। जब संख्या इतनी कम होती है तो उस पर गणितीय (मैथमेटिकल) मॉडल काम नहीं करते। हालांकि ये ओमिक्रॉन (Omircron) का ही सब वेरिएंट है। पहले भी 2022 से लगातर देखा जा रहा है कि अचानक किसी सब वेरिएंट की वजह से कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ने लगती है।

# इंडिगो फ्लाइट की वाराणसी एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

**आधे घंटे तक दिल्ली के ऊपर उड़ान भरता रहा विमान**



महानगर संवाददाता
वाराणसी

दिल्ली - मुंबई से दिल्ली जा रही इंडिगो एयर लाइंस की फ्लाइट की वाराणसी में इमर्जेंसी लैंडिंग कराई गई। जिस समय विमान की वाराणसी हाइवे अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई उस समय उसमें 220 से अधिक यात्री सवार थे। दिल्ली में खराब मौसम और थंडर की वजह से इंडिगो फ्लाइट संख्या 6E 2007 की वाराणसी हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। अचानक मौसम खराब होने से हवाई विमान में बैठे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। फ्लाइट में ईंधन कम होने के कारण वाराणसी हाइवे अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। इंडिगो फ्लाइट करीब आधे घंटे से अधिक समय तक दिल्ली में हवा में उड़ान भरती रही। बताया जा रहा है कि दिल्ली एयरपोर्ट पर आंधी तूफान करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रहा था। फ्लाइट के अदंर मौजूद महिला एयर होस्टेज परेशानी यात्रियों को समझाने में जुटी रहीं।

मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से 24 मई की रात को करीब 11 बजे इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6E 2007 उड़न भरकर दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट की लैंडिंग करीब रात्रि में 1:45 बजे तक होनी थी। लेकिन खराब मौसम और विमान में ईंधन कम होने के कारण विमान की वाराणसी हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। इस विमान में करीब 220 से अधिक यात्री सवार हैं। इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग 3:12 मिनट पर वाराणसी हवाई अड्डे पर हुई। वही जिन यात्रियों को समय से अपने घर पहुंचना थ, वो वाराणसी हाइवे अड्डे पहुंच गए। लेकिन उतने समय तक यात्रियों की सांसे गले में अटकी रही।

बलिया में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# दो तस्कर गिरफ्तार, भारी मात्रा में शराब बरामद



महानगर संवाददाता
बलिया

उत्तर प्रदेश में बलिया के नरही थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कड़ा कदम उठाया। 24 मई को पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से भारी मात्रा में शराब, दो गाड़ियां और मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। माना जा रहा है कि यह अवैध शराब तस्करी करके बिहार सप्लाई करने के लिए जा रहे थे।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में पुलिस की एक टीम ने भरौली गोलंबर पर मुखबिर की सूचना पर संतोष कुमार (35 वर्ष) को गिरफ्तार किया। वह सलेमपुर, थाना चांदडीह, भोजपुर, बिहार का निवासी है। उसके कब्जे से 68 पेटी अवैध शराब, एक स्कॉर्पियो गाड़ी और एक मोबाइल बरामद हुआ है। वहीं दूसरी कार्रवाई में नरही पुलिस की टीम ने भरौली चौराहे पर विकास कुमार राय (32 वर्ष) को गिरफ्तार किया। वह पड़रिया, थाना नवानगर, बक्सर, बिहार का निवासी है। उसके कब्जे से 49 पेटी अवैध शराब, एक ब्रेजा गाड़ी और एक मोबाइल बरामद हुआ है।


दोनों अभियुक्तों के खिलाफ नरही थाने में मुकदमे दर्ज किए गए। संतोष कुमार के खिलाफ मु0अ0सं0 123/2025 और विकास कुमार राय के खिलाफ मु0अ0सं0 122/2025 दर्ज हुआ। दोनों मामलों में धारा 318(4), 319(2), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस और 60/72 आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई हुई। दोनों अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया। नरही पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब तस्करी करने वालों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी। जनता से अपील की गई है कि अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें। पुलिस इस मामले में इस एंगल से भी विवेचना कर रही है कि क्या यह अवैध शराब बिहार में बेचने के लिए जा रही थी।

**एक बंदर पकड़ने पर 1650 रुपये**

# प्रयागराज में नई मुहिम, आतंक से मुक्ति के लिए बनाई गई ये योजना

महानगर संवाददाता
प्रयागराज

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बंदरों के आतंक से निपटने की विशेष योजना तैयार की गई है। शहरी इलाके में नगर निगम की टीम अब बंदरों को पकड़ेगी। बंदरों के पकड़ने का जिम्मा पहले वन विभाग के पास था। इसके बाद भी शहर में बंदरों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इससे संबंधित शिकायतें नगर निगम के पास पहुंच रही हैं। इसको देखते हुए नगर निगम ने बंदरों को पकड़ने के लिए एजेंसी की तैनाती का निर्णय लिया है। सबसे खास तो यह है कि एक बंदर को पकड़ने के लिए नगर निगम की ओर से एजेंसी को 1650 रुपये का



भुगतान कियार जाएगा। हालांकि, इस राशि में इजाफा की बात भी कही जा रही है।

**कई मुहल्लों में है आतंक**

प्रयागराज शहर के कई मुहल्लों में बंदरों का आतंक बढ़ा हुआ है। बंदर लोगों की छतों और गैलरी में रखी चीजों को लेकर भाग जाते हैं। उन्हें खराब कर देते हैं। सबसे अधिक बंदर गोविंदपुर, जोंधवल, मेंहदौरी, दारागंज, कर्नलगंज, टैगोरटाउन, प्रयाग स्टेशन, प्रयागराज संगम स्टेशन, फाफामऊ स्टेशन, झूंसी, अरैल आदि इलाकों में हैं। यहां के लोगों के लिए ये परेशानी की वजह बने हुए हैं।

**विशेषज्ञ एजेंसी का होगा चयन**

प्रयागराज नगर निगम बंदरों को पकड़ने के लिए विशेषज्ञ एजेंसी की सहायता लेने की तैयारी में है। इन एजेंसी की तैनाती के लिए नगर निगम के पशुधन विभाग की ओर से पहली बार टेंडर निकाला गया है। टेंडर में नगर निगम की ओर से एक बंदर पकड़ने का बेस भुगतान 1650 रुपये रखा गया है। एजेंसी की मांग पर इस राशि में बढ़ोत्तरी की जा सकती है। इससे पहले नगर निगम एक बंदर पकड़ने के लिए 1450 रुपये का भुगतान करता था। बंदरों को पकड़ने के लिए निकाली गई निविदा पर नगर निगम के पशुधन अधिकारी डॉ. विजय अमृतराज ने बताया कि बंदर वन्य जीव है। अभी तक वन विभाग की ओर से ही बंदरों को पकड़ने की कार्रवाई होती थी। संसाधन की कमी के कारण वन विभाग शहरी क्षेत्र में बंदरों को नहीं पकड़ पा रहा था।

# भदोही में तेज रफ्तार ट्रेलर ने ली दो मासूमों की जान

**चालक मौके से फरार, पुलिस तलाश में जुटी**



महानगर संवाददाता
भदोही

उत्तर प्रदेश में भदोही के गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कठौता-दुर्गागंज मार्ग पर रविवार देर शाम सड़क दुर्घटना में दो मासूम भाई-बहन की मौत हो गई। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। दर्दनाक हादसा पूरे बहुरिया गांव के पास हुआ जहां तेज रफ्तार ट्रेलर ने दो बाइक को टक्कर मार दी।

बता दें, इस घटना में रायपुर गांव निवासी हर्ष पांडे अपने छोटे भाई-बहन को बाइक पर बैठाकर घर ले जा रहे थे। वहीं दूसरी बाइक पर मेघीपुर गांव निवासी राकेश पाल, लालजी पाल और शिवांग पाल सवार थे। दोनों बाइकें जैसे ही पूरे बहुरिया गांव के सामने पहुंचीं, तभी ही तेज रफ्तार बेकाबू ट्रेलर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस भयावह टक्कर में आर्यन (10 वर्ष) और कृतिका (12 वर्ष) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दोनों भाई-बहन थे और कक्षा 8 के छात्र थे। वहीं हादसे में हर्ष पांडे (18 वर्ष), शिवांग पाल (7 वर्ष), राकेश पाल (55 वर्ष) और लालजी पाल (65 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हैं।

# गोरखपुर में स्टंटबाज सिपाही का वीडियो वायरल

**हाथ छोड़ के चलाता है बुलेट, एसपी सिटी ने दिए जांच के आदेश**




महानगर संवाददाता
गोरखपुर

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक वीडियो वायरल हुआ जिसने पुलिस की ही साख पर बट्टा लगाने का काम किया है. रविवार को वायरल हुए एक वीडियो में एक सिपाही हाथ छोड़कर बाइक चलाते दिख रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो कैंट थाना के सामने का है। राहगीर द्वारा बनाए गए फोटो-वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। जानकारी होने के बाद एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने इसे गंभीरता से लेते हुए जांच कराने की बात कही है। बता दें, रविवार को एक सिपाही का वीडियो वायरल हुआ जिसमें वो यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए नजर आ रहा है. दरअसल, गोरखपुर के कैंट थाने के ठीक सामने एक सिपाही सर पर पगड़ी बांधकर बुलेट पर सवार होकर बीच सड़क पर स्टंट करते हुए नजर आया। यह देख रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों ने उसकी तस्वीरें खींच ली और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। फोटो में सिपाही खतरनाक तरीके से स्टंट करते हुए दिखाई दे रहा है और हवा में हाथ फैलाकर बैलेंस बनाने की कोशिश करता दिख रहा है।

# जौनपुर में ट्रिपल मर्डर से सनसनी

**दुकान में मिली पिता और 2 बेटों की बॉडी**

**हथौड़ा मारकर बेरहमी से हत्या**

महानगर संवाददाता
जौनपुर

उत्तर प्रदेश के जौनपुर में ट्रिपल मर्डर की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां एक शख्स के साथ ही उसके दो बेटों की देर रात दुकान में ही रहस्यमयी तरीके से हत्या की वारदात सामने आई है। घटना का खुलासा सुबह हुआ, जब घर का एक शख्स दुकान पहुंचा। घटनास्थल की सूचना पर कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई है। परिजन ने विरोध करते हुए चक्काजाम कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना जौनपुर के जफराबाद थाना क्षेत्र के कचगांव अंडरपास के पास हुई। यहां मोहम्मदपुर कांध निवासी लालजी की दुकान और वर्कशॉप है। वह रात में काम अधिक हो जाने की वजह से अपने दोनों बेटों- यादवीर और गुड्डू के साथ ही रूक गए।




परिवार के लोगों को भी लगा कि रात में दुकान में सो गए होंगे। लेकिन सुबह जब घर का एक शख्स वहां खाना लेकर गया तो होश उड़ गए। दुकान में तीनों की बॉडी पड़ी थी और चारों तरफ खून बिखरा पड़ा था। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और तीनों बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। देखने से लग रहा है कि सरिया और रॉड से सिर पर हमला हुआ है। घरवालों ने बाईपास पर हंगामा करते हुए चक्काजाम कर दिया। इस मामले में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि क्षेत्र के मोहम्मदपुर कांध गांव निवासी लालजी (62) उसके पुत्र गुड्डू कुमार (32) और यादवीर (28) की लालजी वेल्डिंग वर्कशॉप के नाम से दुकान क्षेत्र के नेवादा बाईपास पर थी। रविवार की रात लालजी अपने दो बेटों के साथ दुकान पर था कि देर रात अज्ञात बदमाशों ने हथौड़े से सिर पर मार कर तीनों की हत्या कर दी। इतना ही नहीं बदमाशों ने सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर को भी चाबी से खोलकर निकाल लिया।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना गुड्डू कुमार के बहनोई ने दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए 8 टीमों का गठन किया है। जल्द ही घटना में शामिल लोंगो को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# लोकसभा चुनाव में हार के बाद पहली बार अमेठी पहुंचीं स्मृति इरानी

**पूर्व BJP सांसद ने गले मिलकर पोछे आंसू**

महानगर संवाददाता
अमेठी

भाजपा की कद्दावर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आज अमेठी पहुंची हैं। पिछले साल लोकसभा चुनाव हारने के बाद स्मृति अपने पूर्व संसदीय क्षेत्र में पहली बार आई हैं। एक दिवसीय दौरे पर गौरीगंज के रणंजय इंटर कॉलेज मैदान पर आयोजित अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी पर आयोजित संगोष्ठी में शामिल होने आ रहीं स्मृति लखनऊ से होते हुए यहां पहुंची हैं। अमेठी से चुनाव हारने के ठीक एक साल बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व सांसद स्मृति ईरानी सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर आईं। पूर्व



केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी यहां गंगा में डूबे युवकों के परिजनों से मिलीं। यहां एक साथ तीन लोगों की डूबकर मौत हुई थी। स्मृति ईरानी ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। वह महिलाओं के बीच में बैठने के साथ ही महिलाओं के आंसू पोछते दिखाई पड़ीं।

वह अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी पर आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हो रही हैं। इस कार्यक्रम को स्थानीय भाजपा यूनिट के बूस्ट अप के तौर पर भी देखा जा रहा है। यूपी चुनाव 2027 से पहले स्मृति ईरानी की क्षेत्र में सक्रियता को अहम माना जा रहा है।

भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में पूर्व सांसद की कार्यक्रम को लेकर तैयारी हुई है। स्मृति ईरानी के चुनाव हारने के ठीक एक साल बाद वापस आने पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में भी जबर्दस्त उत्साह है। यूपी चुनाव 2027 से पहले स्मृति ईरानी की क्षेत्र में सक्रियता को अहम माना जा रहा है।

# 50 लाख के लेन-देन को लेकर प्रॉपर्टी डीलर पर किए थे फायरिंग, 3 गिरफ्तार

**2 देशी पिस्टल और थार कार बरामद**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश की मेरठ पुलिस ने शनिवार देर शाम थार कार में सवार प्रॉपर्टी डीलर पर गोलियां बरसाने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से दो देशी पिस्टल और घटना में प्रयुक्त गाड़ी बरामद की गई है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि अक्षय भारद्वाज प्रॉपर्टी डीलर इंचौली के नंगली ईशा गांव का रहने वाला है। शनिवार को लालकुर्ती थाना क्षेत्र में गाड़ी में जा रहे अक्षय भारद्वाज पर कुछ हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की और कार में तोड़फोड़ की थी। इस मामले में अक्षय भारद्वाज ने नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस मामले में जमालपुर निवासी शिवम चौधरी उर्फ भूरा, गंगानगर निवासी आदर्श और फतेहपुर नारायण गांव निवासी विकास चौधरी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2 देशी पिस्टल और थार कार भी बरामद की गई है। पूछताछ के दौरान आरोपी शिवम चौधरी ने बताया कि वह अक्षय का पार्टनर था। 50 लाख के लेन-देन को लेकर उसका अक्षय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद में अक्षय पर फायरिंग की गई थी। एसपी सिटी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# असम से लखनऊ हो रही थी तीन करोड़ के गांजे की तस्करी

**मऊ पुलिस ने किया बरामद, हुआ ये खुलासा**

महानगर संवाददाता
मऊ

उत्तर प्रदेश के मऊ से शातिराना तरीके से गांजा तस्करी के खेल को उजागर किया गया है। गांजा तस्करों की एक शातिर चाल को मऊ पुलिस ने मात दी है। एसपी इलामारन जी. और उनकी टीम नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता मिली है। मऊ पुलिस ने गांजे की एक बड़ी खेप को पकड़ा है। इसके साथ ही इंटरस्टेट तस्करी गैंग का भी खुलासा हुआ है। पुलिस ने मुखबिरों की सूचना पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

मऊ कोतवाली पुलिस, एसओजी और स्वाट ने मिलकर मुखबिर की



सूचना पर 20 क्विंटल गांजा पकड़ा है। इसकी अनुमानित कीमत लगभग 3 करोड़ बताई जा रही है। मऊ के पुलिस अधीक्षक इलामारन जी. ने बताया कि यह गांजा आसाम से डीसीएम गाड़ी में छुपाकर लखनऊ भेजा जा रहा था। इसमें एक अंतरराज्यीय गांजा तस्कर सभाजीत चौहान का नाम सामने आया है। वह सुल्तानपुर का मूल निवासी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मऊ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि असम से गांजे की एक बड़ी खेप सुल्तानपुर निवासी सभाजीत चौहान को भेजी जा रही है। इसके बाद मऊ एसपी इलामारन जी ने कोतवाली पुलिस, एसओजी और स्वाट तीनों की संयुक्त टीम गठित कर निगरानी तेज कर दी। इसी दौरान पुलिस ने बलिया से आ रही एक डीसीएम गाड़ी को शक के आधार पर सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के ख्वाजा जहांपुर में एक ढाबे के पास रोककर तलाशी शुरू की।

# 25 लाख की फिरौती मांगने वाला शिवबाबू मौर्य गिरफ्तार

**50 हजार का घोषित था इनाम**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ को एक बड़ी सफलता मिली है। एसटीएफ की टीम ने अपहरण और फिरौती के संगीन मामले में फरार चल रहे आरोपी को धरदबोचा है। आरोपी की पहचान कौशांबी निवासी शिवबाबू मौर्या के रूप में हुई है। आरोपी शिवबाबू पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। उसे बीती रात रोडवेज बस अड्डा सैनी के पास से गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ से पूछताछ में आरोपी शिवबाबू ने बताया कि उसने डी-फार्मा की पढ़ाई भोपाल से की थी और गांव में रहकर प्रैक्टिस करता था। उसकी दोस्ती गुड्डू यादव से हुई और वहीं से उसका संपर्क सुभाष चंद्र विश्वकर्मा, अमित यादव और अरविंद यादव से हुआ।

इन लोगों को जानकारी मिली कि रामशिरोमणि विश्वकर्मा ने हाल ही में 80 लाख रुपये में जमीन बेची है। इसी लालच में उन्होंने रामशिरोमणि के नाबालिग बेटे प्रतीक उर्फ रितिक का अपहरण कर फिरौती मांगने की साजिश रची गई थी।

# गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन हाइवे पर बस-ट्रेलर भीषण टक्कर

**ड्राइवर का पैर केबिन में फंसा, छह घायल**

महानगर संवाददाता
गाजीपुर

उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आई है। सोमवार दोपहर गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन हाइवे पर सैदपुर बाइपास के पास बड़ा हादसा हो गया। बलिया से वाराणसी जा रही एक यात्री बस में पीछे से ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा तब हुआ, जब बस भीतरी अंडरपास के पास एक यात्री को उतारने के लिए रुकी थी। इस हादसे में छह लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है। गाजीपुर के सैदपुर बाइपास पर तेज रफ्तार का कहर दिखा। तेज रफ्तार ट्रेलर ने बस को टक्कर मारी। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रेलर ड्राइवर का पैर केबिन में फंस गया। उसे निकालने में करीब आधा घंटा लगा। बताया जा रहा है कि ड्राइवर का पैर निकालने के लिए जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। जेसीबी के जरिए टेलर के केबिन को खींचकर बाहर निकला गया। इसके बाद ड्राइवर बाहर निकला।



**हादसे में पांच यात्री घायल**

गाजीपुर हादसे में ट्रेलर ड्राइवर के साथ-साथ बस में सवार पांच यात्री भी घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। घायलों में ट्रेलर ड्राइवर सुनील पाल (22) सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज निवासी शामिल हैं। बलिया के मनियर निवासी देवेंद्र सिंह (40), अहमद (24) और ओमप्रकाश (25) भी घायल हो गए हैं। बलिया के फेफना थाना क्षेत्र के सुखपुरवां गांव के चंद्रदेव राम (70) और उनकी पत्नी लीलावती देवी (65) को भी चोटें आईं हैं।


**एक की हालत गंभीर**

हादसे में एक यात्री की हालत गंभीर बताई जा रही है। अहमद की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक इलाज के बाद उसे वाराणसी के उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। हादसे के कारण हाइवे पर यातायात कुछ देर प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने राहत कार्य में मदद की। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। 15 जून 2024 को सैदपुर बाईपास पर ही एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में ऑटो सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिन्हें वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था।

# भीड़ हिंसा के 3 आरोपी गिरफ्तार

**मांस ले जाने के संदेह में 4 लोगों पर हमला किया था**

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। भीड़ द्वारा की गई हिंसा के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला शनिवार को हुआ था। कुछ लोगों ने शक के आधार पर चार लोगों को पीटा था। उन्हें शक था कि ये लोग प्रतिबंधित मांस ले जा रहे हैं। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है। शनिवार को जिले में कुछ व्यापारियों पर भीड़ ने हमला कर दिया था। शक था कि ये व्यापारी प्रतिबंधित मांस का कारोबार करते हैं। पुलिस ने इस मामले में रविवार शाम को हरदुआगंज के पास से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इन आरोपियों के नाम विजय बजरंगी, विजय कुमार गुप्ता और लवकुश हैं। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस हमले में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ये सभी मांस का कारोबार करते हैं। घायलों में अकील (35), नदीम (32), अकील (43) और अरबाज (38) शामिल हैं।



# कोरोना की वापसी! दिल्ली में 100 पार

## केरल में सबसे अधिक, देश में 1000 से ज्यादा एक्टिव केस

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

देश में एक बार फिर कोविड-19 संक्रमण के मामलों में धीरे-धीरे बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार पिछले एक सप्ताह में भारत में कोविड-19 के कुल 750 नए मामले सामने आए हैं, जिनमें से सबसे अधिक संक्रमण केरल में 400 और दिल्ली 100 से अधिक केस रिपोर्ट किए गए हैं। देशभर में 1000 से अधिक एक्टिव केस हो गए हैं।

देश के अधिकांश हिस्सों में कोरोना केसों की रफ्तार से लोगों में हड़कंप जरूर है, लेकिन स्वास्थ्य मंत्रालय ने जनता से घबराने की बजाय सावधानी बरतने की अपील की है। अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल संक्रमण की दर कम है और अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता बहुत सीमित है। बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से बीमार लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।



### राज्यों की क्या स्थिति

केरल में बीते 24 घंटों में 335 नए केस सामने आए हैं, जिससे वहां सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 430 हो गई है। महाराष्ट्र में 153 नए संक्रमण मिले हैं और वहां अब 209 सक्रिय केस हैं। वहीं दिल्ली में 99 नए मरीजों के साथ कुल एक्टिव केस 104 हो गए हैं। इनके अलावा गुजरात में 83, कर्नाटक में 47, उत्तर प्रदेश में 15 और पश्चिम बंगाल में 12 सक्रिय केस दर्ज किए गए हैं।

# फार्महाउस में चल रही थी रेव पार्टी

- पुलिस ने सात महिलाओं सहित 31 को गिरफ्तार किया



**महानगर नेटवर्क**

**बेंगलुरु**

कर्नाटक के देवनहल्ली में कन्नामंगला गेट के पास एक फार्महाउस में रविवार तड़के पुलिस ने छापा मारकर एक संदिग्ध रेव पार्टी में शामिल 31 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें 24 पुरुष और सात महिलाएं शामिल हैं, ये सभी प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के कर्मचारी बताए गए हैं। देवनहल्ली पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर सुबह पांच बजे एक फार्महाउस पर छापा मारा, जहां जन्मदिन की पार्टी के दौरान नारकोटिक्स का इस्तेमाल किया जा रहा था। मौके से कोकीन, हशीश, हाइड्रो गांजा, अन्य मादक पदार्थ और महंगी शराब बरामद की गई।

एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने पार्टी में शामिल लोगों को पकड़ लिया है और उनके रक्त और मूत्र के नमूने जांच के लिए भेज दिए हैं। सभी आरोपियों पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस घटना से संबंधित जांच जारी है। जानकारी के मुताबिक स्थानीय लोगों ने पुलिस को कुछ अजीब होने की सूचना दी थी। इसके बाद सुबह के पांच बजे पुलिस फार्महाउस पर पहुंची। गेट खुलवाया गया तो पुलिस हैरान रह गई। यहां सात महिलाओं सहित कुल 31 लोग नशे की हालत में थे। ज्यादातर की उम्र 24 से 30 साल के बीच है। पुलिस ने बताया कि इस पार्टी में ड्रग पैडलर भी शामिल था। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि ड्रग सप्लाई की चेन कहां से जुड़ी है। यह पार्टी निजी कंपनी के एक कर्मचारी माजा शरीफ के जन्मदिन के मौके पर आयोजित की गई थी।

# व्यापार और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकता

- सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे का कांगो गणराज्य में बयान
- भारत के आतंकवाद के खिलाफ भूमिका को कांगो गणराज्य का समर्थन

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

कांगो गणराज्य कई वर्षों से संघर्षग्रस्त भाग है। इन देश को पता है कि आतंकवाद, सीमा पार आतंकवाद और प्रायोजित आतंकवाद का किसी देश पर क्या परिणाम होता है व्यापार और आतंकवाद दोनों एक साथ नहीं चल सकता। इसी तरह से व्यापार और चर्चा भी एक साथ नहीं हो सकती। इस प्रकार का बयान भारत के सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख शिवसेना सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने दिया। डॉ. शिंदे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल अफ्रीका के कांगो गणराज्य में पहुंचा है। सोमवार को इस प्रतिनिधिमंडल ने कांगो गणराज्य से मंत्रियों से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर व भारत की आतंकवाद के खिलाफ भूमिका से अवगत कराया। सांसद डॉ. शिंदे ने कहा कि आज मेरे नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के विदेश राज्य मंत्री थेरेस कायिकवांबा वॅगनर से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्हें भारत ने आतंकवाद का मुकाबला कैसे किया है इसकी जानकारी दी गई। हमने उन्हें भी आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहनशीलता की भारत के ठोक संदेश से अवगत कराया।



इस मुलाकात के दौरान भारत के आतंकवाद के खिलाफ भूमिका को दोहराया गया। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य सरकार ने भारत को अपना पूरा समर्थन दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत यह वैश्विक आतंकवाद और सीमा पार उग्रवाद के खिलाफ शुरू राजनीतिक संपर्क मुहिम का भाग है। अफ्रिका के महत्वपूर्ण देशों के साथ भारत की नीतिगत व जनसंपर्क संबंधों को मजबूती प्रदान करने के लिए और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर आम सहमति बनाने के लिए सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) देश के दौरे पर पहुंचा है। इससे पहले यूएई में सभी मान्यवर व मंत्रियों से सर्वदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की थी। वहां अच्छा सकारात्मक प्रतिसाद मिला था।

# गुयाना की धरती से शशि थरूर का पाक पर प्रहार

## आतंकवाद को लेकर जमकर सुनाया



**महानगर नेटवर्क**

**गुयाना**

आतंकवाद पर पाकिस्तान की पोल खोलने और ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के पक्ष को रखने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को लेकर गुयाना पहुंचे शशि थरूर ने पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई है। थरूर ने गुयाना की धरती से आतंकवाद को समर्थन देने वाले पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि अब भारत अपने नागरिकों की हत्या करने के बाद सीमा पार से आए लोगों को भागने नहीं देगा। कांग्रेस सांसद ने कहा कि भारत अब आतंकवादियों को न्याय के सामने लाने तक सीमित नहीं रहेगा। इनको कड़ी से कड़ी सजा देगा और इनके साथ ही इसको वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण देने वालों की भी सजा देगा। संयुक्त राज्य अमेरिका के दौरे के बाद गुयाना की राजधानी जॉर्ज टाउन पहुंचे थरूर ने कहा, "हमारा संदेश बहुत साफ है। हमें आतंकवाद के खिलाफ खड़ा होना है, चाहे वह कहीं भी हो। हमें न केवल दुष्ट हत्यारों को न्याय के कटघरे में लाना है, बल्कि हमें उन लोगों को भी गंभीरता से चुनौती देनी है, जो उन्हें किसी भी प्रकार से मदद कर रहे हैं। फिर चाहे वह प्रशिक्षण देकर हो, हथियार देकर हो या फिर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर।"

थरूर ने कहा कि भारत पिछले चार दशक से आतंकवाद से पीड़ित है। हम शुरुआत से ही इसके खिलाफ अपना अभियान चला रहे हैं, लेकिन अब नई दिल्ली इस मुद्दे को लेकर अपने निश्चित बिंदु पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा, "हम किसी को भी यह नहीं मानने देंगे कि वह सीमा पार करके हमारे नागरिकों को या हमारे देश में किसी को भी मार सकते हैं और बिना किसी सजा के बच सकते हैं.. हमें लगता है कि हमें उन्हें यह दिखाना होगा कि उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। हमारी सरकार भी यही संदेश दे रही है और हम भी यहां यही दोहरा रहे हैं।" थरूर ने गुयाना में रहने वाले भारतीय समुदाय से भी आतंकवाद के खिलाफ भारत की इस मुहिम का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "हम चाहते हैं कि आप सभी हमारे साथ मिलकर समर्थन, शक्ति और संकल्प व्यक्त करें और भविष्य में दोबारा ऐसा होता है, तो इस तरह की कार्रवाई पर जवाब दें।

# पाकिस्तान से DGMO स्तर के अलावा कोई बातचीत नहीं हुई

- संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

सीमा पार आतंकवाद पर सोमवार को संसदीय सलाहकार समिति की बैठक हुई। इस बारे में सूत्र ने कहा कि भारत सरकार की रणनीति के बारे में बताया गया, जिसमें कूटनीतिक पहल शामिल थी। भारत ने आतंकी ठिकानों पर हमला किया, जिससे पाकिस्तान की पोल खुल गई, जो आतंकवाद के केंद्र तीन प्रमुख शिविरों की रक्षा नहीं कर सका। इससे पाकिस्तानी सेना के मनोबल पर असर पड़ा है। चूंकि यह आतंक के खिलाफ लड़ाई/अभियान था, इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भारत का समर्थन किया है। यह पाकिस्तान के खिलाफ नहीं था, इसलिए सिर्फ तीन देशों (तुर्की, अजरबैजान और चीन) को छोड़कर सभी देशों से भारत को समर्थन मिला।



कांग्रेस ने विदेश मंत्री की ओर से पाकिस्तान को कथित तौर पर सूचना दिए जाने के विवाद को उठाया। इसे लेकर सरकार ने स्पष्ट किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच डीजीएमओ स्तर के अलावा किसी भी तरह की कोई बातचीत नहीं हुई और वह भी हमलों के बाद ही हुई थी। सूत्र ने कहा कि पहले आतंकी ठिकानों पर हमला हुआ, फिर PIB ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की। भारत के डीजीएमओ ने पाकिस्तानी डीजीएमओ से संपर्क किया। विदेश मंत्री ने कांग्रेस की ओर से उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को बेईमानी और घटनाओं का गलत चित्रण बताया।

सिंधु जल समझौता रद्द करने पर भी हुई चर्चा विदेश मंत्री ने विभिन्न देशों की राजधानियों में संसदीय प्रतिनिधिमंडलों की बातचीत को लेकर राष्ट्रीय एकता की अपील की। हालांकि सांसदों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों और अन्य टिप्पणियों के बारे में जानना चाहा। इसे लेकर सरकार ने स्पष्ट किया कि अमेरिका और अन्य देशों को बता दिया गया है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकता। ये देश भारत को पाकिस्तान से बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित करने में लगे हुए थे।

# जस्टिस वर्मा की इन-हाउस जांच रिपोर्ट मांगने वाली RTI याचिका खारिज

## SC ने गोपनीयता का दिया हवाला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सूचना के अधिकार (RTI) अधिनियम, 2005 के तहत दायर एक आवेदन को खारिज कर दिया है, जिसमें जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों से संबंधित इन-हाउस जांच समिति की रिपोर्ट की मांग की गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक शीर्ष अदालत ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) द्वारा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को उक्त रिपोर्ट भेजने के लिए लिखे गए पत्र का खुलासा करने से भी इंकार कर दिया। इस महीने की शुरुआत में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर समिति की रिपोर्ट और न्यायमूर्ति वर्मा से प्राप्त जवाब साझा किया था। आंतरिक प्रक्रिया के अनुसार न्यायाधीश को इस्तीफा देने की सलाह का पालन न किए जाने पर प्रधान न्यायाधीश राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को महाभियोग के लिए पत्र लिखते हैं।



अमृतपाल सिंह खालसा द्वारा 9 मई को प्रस्तुत आवेदन को सुप्रीम कोर्ट के केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (CPIO) ने प्रमुख कानूनी छूटों का हवाला देते हुए खारिज कर दिया। 21 मई को दिए गए जवाब में, CPIO ने CPIO, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया बनाम सुभाष चंद्र अग्रवाल और RTI अधिनियम की धारा 8(1)(e) और 11(1) में सुप्रीम कोर्ट के 2019 के फैसले का हवाला दिया।

# अंतरिक्ष यात्रा से पहले क्वारंटाइन में गए शुभांशु शुक्ला

## 8 जून को ISS के लिए भरेंगे उड़ान

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम-4 मिशन के अन्य तीन सदस्य अंतरिक्ष यात्रा से पहले क्वारंटाइन में चले गए हैं। यह जानकारी अमेरिका की प्राइवेट अंतरिक्ष कंपनी एक्सिओम स्पेस ने रविवार को दी। एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्री आठ जून को भारतीय समयानुसार शाम 6:41 बजे फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से ड्रैगन अंतरिक्षयान से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के सफर पर रवाना होंगे। मिशन में शुभांशु के शामिल होने के लिए इसरो ने 550 करोड़ रुपये का भुगतान किया है।



शुभांशु आइएसएस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय होंगे। राकेश शर्मा 1984 में सोवियत संघ के सोयूज अंतरिक्षयान से अंतरिक्ष में गए थे। राकेश शर्मा भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री हैं। 14 दिन के इस मिशन में अंतरिक्ष यात्री कई प्रयोग करेंगे। शुभांशु ने विदाई समारोह में कहा कि मुझे विश्वास है कि मिशन सफल होगा।

## ऑपरेशन सिंदूर की नई तस्वीरें

# मिशन के दौरान कंट्रोल रूम में मौजूद थे तीनों सेनाध्यक्ष

- सेना ने जारी की बुकलेट

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एक विशेष बुकलेट जारी की है, जिसमें ऑपरेशन के दौरान की कुछ नई और महत्वपूर्ण तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों में भारतीय सेना के ऑपरेशन्स रूम की झलक दिखाई दे रही है, जहां से इस महत्वपूर्ण मिशन की निगरानी की जा रही थी। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ऑपरेशन के समय सैन्य नियंत्रण कक्ष (ऑपरेशंस रूम) में मौजूद हैं और मिशन की पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि इन तस्वीरों में तीनों सेनाओं के प्रमुख थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ऑपरेशन्स रूम में एक साथ मौजूद नजर आ रहे हैं। यह दृश्य भारत की त्रिसेना एकता और संयुक्त रणनीतिक सोच का प्रतीक है।




सेना द्वारा जारी इस बुकलेट में न केवल ऑपरेशन के रणनीतिक पहलुओं और टारगेटेड स्ट्राइक्स का विवरण दिया गया है, बल्कि यह भी दर्शाया गया है कि कैसे उच्च सैन्य नेतृत्व ने मिशन की हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी और महत्वपूर्ण फैसले लिए। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाक और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया था।

## 'सपा हमारी सीटें तय नहीं कर सकती'

# लोकसभा चुनाव का जिक्र कर इमरान मसूद ने अखिलेश को दे दी बड़ी चुनौती

## कहा- 80 में से 17 वाला फॉर्मूला नहीं चलेगा

**महानगर नेटवर्क**

**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन का सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है। दोनों पार्टियों ने 2024 का लोकसभा चुनाव गठबंधन में लड़ा और आश्चर्यजनक प्रदर्शन किया। यूपी में एक साथ 43 सीटें जीतीं, जिसने बीजेपी की रणनीति पर सवालिया निशान खड़े कर दिए, जिसकी सबसे बड़ी वजह थी कि यूपी में बीजेपी की सरकार है और योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री हैं, जो कट्टर हिंदुत्व के लिए जाने जाते हैं। लेकिन उसके बाद से कांग्रेस और समाजवादी पार्टी में संबंध में खराब हो गए। वो था अक्तूबर 2024 में हरियाणा विधानसभा चुनाव और फिर इस साल फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव, जिसमें सपा ने कांग्रेस को समर्थन न देकर आम आदमी पार्टी के पक्ष में प्रचार किया। 2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन के विजेताओं में सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद भी शामिल हैं, जिन्होंने सार्वजनिक रूप से यह कहकर यूपी में इंडिया अलायंस में तनाव को फिर से हवा दे दी कि 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले दोनों दलों के बीच संबंधों को फिर से बनाने की जरूरत। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मसूद ने गठबंधन के भविष्य के बारे में बात की, जिसमें उन्होंने कई सवालों के जवाब दिए।



कोई दिक्कत नहीं है। कांग्रेस अपने संगठन को मजबूत करने के लिए काम कर रही है और हम बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर रहे हैं।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान ने गांव खाली किए

## भारत के ग्रामीण सेना के साथ डटे रहे

**महानगर नेटवर्क**

**जोधपुर**

देश की पश्चिमी सीमा पर हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने भारत में 413 ड्रोन और कई चाइनीज मिसाइलें भेजीं। इन सभी का बीएसएफ, आर्मी और एयरफोर्स ने मिलकर सफलतापूर्वक सामना किया। इस दौरान भारत की एयर डिफेंस प्रणाली ने इतनी कुशलता से काम किया कि एक भी भारतीय जवान को नुकसान नहीं हुआ। बीएसएफ राजस्थान फ्रंटियर के आईजी एमएल गर्ग ने सोमवार को बताया कि पाकिस्तान ने पूरी तैयारी से हमला किया था। उसने न सिर्फ ड्रोन और मिसाइलें भेजीं, बल्कि अपनी सेना और टैंक भी सीमा पर पहुंचा दिए थे। हालांकि, भारतीय सुरक्षा बल पहले से ही पूरी तरह सतर्क और तैयार थे। आईजी गर्ग ने बताया कि पाक ने इस दौरान कामीकाजी ड्रोन का भी इस्तेमाल किया, लेकिन भारत के एंटी-ड्रोन सिस्टम ने सभी ड्रोन को हवा में ही नष्ट कर दिया।



# दुनियाभर से ज्यादा अकेले पाक में रह रहे आतंकी


## गुलाम नबी आजाद ने बखिया उधेड़ी

**महानगर नेटवर्क**

**जम्मू-कश्मीर**

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने पाकिस्तान को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सभी देशों को मिलाकर जितने आतंकी नहीं हैं, उससे ज्यादा अकेले पाकिस्तान में मौजूद हैं। बहरीन दौरे पर आजाद ने कहा कि भारत में एकजुटता है, जबकि पाकिस्तान बंटा हुआ है।

बीजेपी सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में बहरीन पहुंचे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहे गुलाम नबी आजाद ने बातचीत में कहा कि हम अलग-अलग पार्टियों से हो सकते हैं, लेकिन यहां हम भारतीय बनकर आए हैं। पाकिस्तान धर्म के नाम पर बना, लेकिन वो खुद एकजुट नहीं रह सका। पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) और पश्चिमी पाकिस्तान भी नहीं टिक सके।" उन्होंने आगे कहा कि भारत में हर धर्म के लोग शांति और भाईचारे के साथ रहते हैं।



### 'ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ आतंकियों पर था

आजाद ने भारत की हालिया सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई पाकिस्तान के आम नागरिकों के खिलाफ नहीं, बल्कि वहां मौजूद आतंकी ढांचे के खिलाफ थी। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने इस बात का पूरा ध्यान रखा कि किसी आम पाकिस्तानी नागरिक को नुकसान न पहुंचे। सिर्फ आतंकी और उनके परिवार के लोग मारे गए। लेकिन दुर्भाग्य से पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई में हमारे आम नागरिकों को निशाना बनाया।"

# देश के पश्चिमी क्षेत्र के मरीजों की सेवा करेगा विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा केंद्र

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली\ ठाणे**

दक्षिण और पश्चिम भारत में अग्रणी और विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में से एक, कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (किम्स) ने अपनी सेवा के 25 सफल वर्ष पूरे कर लिए हैं। देश के सबसे बड़े सॉलिड ऑर्गन ट्रांसप्लांट कार्यक्रम के लिए प्रसिद्ध किम्स हॉस्पिटल्स लिमिटेड ने अब ठाणे, मुंबई में एक अत्याधुनिक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल की शुरुआत की है।

यह विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा केंद्र मुंबई और देश के पश्चिमी क्षेत्र के मरीजों की सेवा करेगा। घोड़बंदर रोड पर स्थित हिरानंदानी एस्टेट में स्थित किम्स हॉस्पिटल्स, ठाणे अत्याधुनिक तकनीक, विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षित डॉक्टरों की सहायता से एकीकृत टर्शियरी और क्वाटर्नरी केयर प्रदान करेगा।

इस अस्पताल में 300 बेड की क्षमता उपलब्ध है और 50 से अधिक विशिष्ट चिकित्सा विभाग कार्यरत हैं, जो मुंबई और उसके आसपास के क्षेत्रों में बेहतरीन गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं के नए मानक स्थापित करेंगे। डॉ. बी. भास्कर राव, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, किम्स हॉस्पिटल्स लिमिटेड ने कहा कि 25 वर्षों से निरंतर चिकित्सा सेवाओं और प्रगति के इस सफर में, मुंबई में हमारे नए अस्पताल की शुरुआत किम्स के लिए एक नया अध्याय है, जो महाराष्ट्र के लोगों तक अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाएगा।

# आ गया ICMR का बयान | बताया कोरोना का नया वैरिएंट कितना खतरनाक

## अभी सतर्क रहने की दी गई सलाह, यह बोले विशेषज्ञ

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारत में कोविड के नए वैरिएंट सामने आने पर भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कहा कि लोगों को कोविड-19 के इस नए वैरिएंट के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। देश के कुछ भागों में कोरोना के मामले सामने आए हैं। लेकिन हमें अभी इसको लेकर चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

डॉ. बहल ने कहा कि हमें अभी सिर्फ सतर्क रहने की जरूरत है। जब भी कोरोना के केस बढ़ते हैं तीन उसमें ध्यान दी जाती हैं, जिसमें पहला यह कि कितनी तेजी से केस बढ़ रहे हैं। दूसरा यह कि क्या वह हमारी इम्यूनिटी से बच रहा है। तीसरी सबसे जरूरी चीज यह है कि मौजूदा सीवियरटी पहले के मामलों से ज्यादा तो नहीं। अभी तक ताजा मामले चिंताजनक नहीं हैं। डॉ. बहल ने कहा कि सरकार और सभी एजेंसियां इस पर नजर रख रही हैं। मेरे अनुसार, बुनियादी सावधानियां बरती जानी चाहिए।



देश में कोरोना के मामले एक बार फिर से रफ्तार पकड़ने लगे हैं। हफ्ते भर में ही यहां संक्रमण के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है, जिसने लोगों को डरा दिया है। पिछले एक हफ्ते (19 से 26 मई) के भीतर भारत में कोरोना के मामलों में करीब पांच गुना की वृद्धि हुई है। 22 मई को देशभर में एक्टिव केस 257 थे जो 26 मई को बढ़कर 1007 हो गए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सभी लोगों को अलर्ट करते हुए कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करते रहने की सलाह दी है।

# IAS फौजिया तरन्नुम पर BJP नेता ने की पाकिस्तानी वाली टिप्पणी

## खड़ा हो गया विवाद

**महानगर नेटवर्क**

**बेंगलुरु**

कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी के MLC एन रविकुमार के बयान ने विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने जिला कलेक्टर फौजिया तरन्नुम को लेकर कहा कि वह 'पाकिस्तान से आई हुई' लगती हैं। इस बयान के बाद कांग्रेस हरकत में आ गई है और भाजपा पर सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने के आरोप लगाए हैं। इस मामले में कलेक्टर की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

रविकुमार 24 मई को भाजपा के कलबुर्गी चलो अभियान में रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाए हैं कि जिला प्रशासन कांग्रेस सरकार के प्रभाव में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि कलबुर्गी डीसी कार्यालय ने अपनी आजादी खो दी है। डीसी मैडम में वही सुन रही हैं, जो वो (कांग्रेस) कह रही हैं। मुझे नहीं पता कि डीसी पाकिस्तान से आईं हैं या यहां IAS अधिकारी हैं। तरन्नुम कलबुर्गी में कलेक्टर हैं। कहा जा रहा है कि हाल ही में चित्तापुर मामले के बाद उनका नाम राजनीतिक बयानों में आने लगा है।



# अपने मां-बाप को कब पहचानना शुरू करता है शिशु

जिस तरह गर्भ से ही एक शिशु का उसकी मां के साथ एक रिश्ता खास होता है। उसी तरह एक शिशु का उसके पिता के साथ भी स्ट्रांग कनेक्शन होता है। स्टडी कहती हैं कि जब शिशु गर्भ में होता है,तो वो अपने पिता की आवाज को और उसकी प्रतिक्रियाओं को समझता है। दरअसल माता पिता और बच्चे का रिश्ता ही ऐसा होता है कि वो नेचुरली एक दूसरे के साथ कनेक्टिड रहते हैं, लेकिन फिर भी डॉक्टर्स कहते हैं कि एक बच्चा प्राकृतिक रूप से लोगों के चेहरे से उनकी ओर आकर्षित होता है। बच्चों के अंदर नेचुरल ऐसी चीज होती है कि वो अपने माता-पिता को तुरंत पहचान लेते हैं,लेकिन एक नवजात शिशु अपने माता-पिता को कब से पहचानना शुरू करते हैं यह एक पूरी प्रक्रिया होती है।

**शिशु को अपने पिता को पहचानने में कितना समय लगता है?**

जिस तरह गर्भ से ही एक शिशु का उसकी मां के साथ एक रिश्ता खास होता है उसी तरह एक शिशु का उसके पिता के साथ भी स्ट्रॉंग कनेक्शनन होता है। स्टडी कहती हैं कि जब शिशु गर्भ में होता है तो वो अपने पिता की आवाज को और उसकी प्रतिक्रियाओं को समझता है। हालांकि इस पर अभी तक कोई रिसर्च नहीं हुई है कि एक शिशु को अपने पिता को पहचाने में कितना समय लगता है। लेकिन एक्सपर्ट कहते हैं कि ज्यादातर मामलों में एक शिशु को अपने पिता को पहचानने में 2 सप्ताह का समय लगता है।

**अन्य लोगों को कब पहचानना शुरू करता है नवजात**

जो भी लोग शिशु के आसपास रहते हैं, उन चेहरों को शिशु जल्दी पहचानते हैं। साइंस कहती है कि जो लोग नवजात की केयर करते हैं या उन्हें प्यार का एहसास कराते हैं उनके साथ शिशु आराम भी महसूस करते हैं और उनके पास आसानी से चले भी जाते हैं, लेकिन जो लोग शिशु से दूर रहते हैं या कभी-कभी मिलते हैं उन्हें पहचानने में शिशु को समय लग सकता है। कभी-कभी शिशु अपने घर के लोगों को पहचाने में सालभर का समय ले लेते हैं।

**अपनी मां को कब से पहचानना शुरू करता है बच्चा**

शिशु अपनी मां के साथ गर्भ से जुड़ा होता है। इसलिए मां और बच्चे का रिश्ता दुनिया में सबसे खास और करीब का होता है। एक बच्चा अपनी मां के चेहरे को तो दूर उसकी आहट को भी पहचान लेता है। जब एक शिशु जन्म लेता है,तो इस दुनिया में आने के बाद वो सबसे पहले अपनी मां का स्पर्श चाहता है। नवजात अपनी मां के स्पर्श को छूते ही पहचान लेता है। इसके बाद मां की तस्वीर शिशु की आंखों में ऐसे बसती है कि उसे अपनी मां को पहचाने में समय नहीं लगता। इसके अलावा कुछ एक्सपर्ट यह भी कहते हैं कि शिशु द्वारा अपनी मां को पहचानने में ज्यादा से ज्यादा 1 सप्ताह का समय लग सकता है।





# सफेद बाल, बालों का झड़ना, रूसी का इलाज है शिकाकाई



बालों से जुड़ी किसी भी तरह की समस्या से निपटने के लिए जमानों से शिकाकाई का इस्तेमाल किया आता जा रहा है। इसमें सैपोनिन नाम का एक यौगिक होता है। इसके अलावा इसमें विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट के भी गुण होते हैं। जो बालों को काला और चमकदार बनाने में मदद करते हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, शिकाकाई एक नेचुरल क्लींजर की तरह इस्तेमाल किया जाता है, जो हल्का सा झाग भी देता है। इस तरह से आप अपने बालों की बनावट में सुधार करते हुए उनकी जड़ों को मजबूत कर सकते हैं। इसके अलावा भी बालों से जुड़े शिकाकाई के और भी कई फायदे हैं, जिन्हें जान लेना फायदेमंद हो सकता है।

**बालों के लिए शिकाकाई के फायदे**

शिकाकाई को मेहंदी, आंवला और कॉफी के साथ मिलाकर बालों में लगाया जा सकता है। इससे बालों को काला करने में मदद मिलती है। हालांकि शिकाकाई पहले तो बालों की रंगत को संवारने में मदद करता है और फिर बालों को पोषण भी देता है। इसे बालों की जड़ें मजबूत होती है। अगर सफ़ेद बालों की समस्या है तो ये उन्हें भी काला करता है।

**रूसी से छुटकारा दिलाए शिकाकाई**

काफी लोग अपने बालों में रूसी की समस्या को लेकर परेशान रहते हैं। यह समस्या आम है, लेकिन दर्दनाक भी। शिकाकाई में एंटी-फंगल के गुण होते हैं। जो रूसी को हमेशा के लिए हटाने में मददगार होते हैं। इसके अलावा रूखी जड़ों की समस्या को भी कम करने में शिकाकाई मदद करता है। शिकाकाई सिर का ब्लड सर्क्युलेशन दुरुस्त करता है, जिस वजह से रूसी की समस्या नहीं होती। प्याज के रस में शिकाकाई मिलाकर लगाना रूसी के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है।

**बालों का झड़ना करे कंट्रोल शिकाकाई**

विटामिन ए, सी, ई और के सहित सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर शिकाकाई बालों की जड़ों को पोषण देता है। जिससे बालों की ग्रोथ तेज हो जाती है। इसके अलावा बालों के ब्लड सर्क्युलेशन को भी शिकाकाई दुरुस्त करता है, जिस वजह से बाल झड़ने की समस्या कंट्रोल होने लगती है। हफ्ते में कम से कम एक बार आंवले के पाउडर में शिकाकाई मिलाकर बालों में लगाने से आपको जल्दी फर्क नजर आने लगेगा।

तो कुछ इस तरह से शिकाकाई बालों के लिए वरदान साबित हो सकता है। इसका इस्तेमाल बेहद आसान है। इससे ना सिर्फ बालों से छुटकारा मिलता है बल्कि बालों से जुड़ी हर छोटी और बड़ी समस्या से निजात पाया जा सकता है। शिकाकाई का इस्तेमाल वाकई में काफी हद तक कारगर भी है।

# कैसे पता करें बच्चों के पेट में हैं कीड़े

**छोटे बच्चे अक्सर पेट में दर्द की शिकायत करते हैं। कई बार दर्द और तकलीफ की यह समस्या मामूली होती है और कुछ दिनों में ठीक भी हो जाती है। वहीं, कई बार बच्चे कई-कई दिनों तक पेट में दर्द की शिकायत करते रहते हैं। धीरे-धीरे बच्चों के व्यवहार में चिड़चिड़ापन आने लगता है और वे खाना-पीना भी पूरी तरह बंद कर देते हैं। डॉक्टरों के अनुसार, यह एक गंभीर स्थिति है और बच्चों के माता-पिता को इसे मामूली जानकर लापरवाही नहीं करनी चाहिए। दरअसल, इस तरह की समस्याएं पेट में कीड़े होने की समस्या का संकेत हो सकती हैं जो बच्चों में कुपोषण और कमजोरी का रिस्क बढ़ सकता है।**



पेट में कीड़े क्यों पड़ते हैं और इसके लक्षण क्या हैं?

पेट में कीडे की समस्या दूषित भोजन खाने या खाने-पीने की चीजों के साथ पेट में धूल-मिट्टी पहुंचने, खराब लाइफस्टाइल और साफ-सफाई की कमी के कारण होते हैं। ये कीड़े हमारे शरीर के अंदर पलते हैं और अन्य कई प्रकार के इंफेक्शन का कारण बनते हैं। ये आंत की अंदरूनी दीवारों पर चिपक जाते हैं और अपनी संख्या तेजी से बढ़ाते हैं जिससे कई प्रकार की बीमारियां होने लगती हैं। इनका सही समय पर इलाज ना किया जाए तो इससे ये स्वास्थ्य समस्याएं और भी गंभीर बन जाती हैं। इसलिए, इनकी समय पर पहचान और इलाज आवश्यक है। भूख ना लगना, अचानक से वजन घटना, रैशेज पेट में दर्द, कॉन्स्टिपेशन, डायरिया, बार-बार पेशाब होना, बहुत अधिक थकान इसका लक्षण है।

**पेट में कीड़े की समस्या से राहत**

कीड़ों से छुटकारा पाने के लिए अजवाइन के बीजों का सेवन लाभकारी साबित हो सकता है। इसके लिए आधे से एक चम्मच अजवाइन के बीज लें और इसे समान मात्रा में गुड़ लेकर मिक्स करें। अब इन चीजों का सेवन करें और थोड़ा पानी पीएं। इसी तरह काला नमक के साथ अजवाइन के दाने मिक्स करें और इस मिश्रण का आधा चम्मच लेकर पानी के साथ खाएं।

**नीम की पत्तियों का यूं करें सेवन**

जैसा कि नीम एंटी-बैक्टीरियल तत्वों से भरपूर औषधि है। पेट के कीड़ों से राहत पाने के लिए नीम की ताजी पत्तियों को पीस लें और इस पेस्ट में थोड़ा-सा शहद मिलाकर खाएं।

## मौसम बदलने से हो गई है सर्दी-खांसी या एलर्जी
# मुलेठी और सौंफ से बना काढ़ा पियें

वायरल इंफेक्शन की वजह से जब कोई बीमार पड़ता है या किसी सीजनल डिजीज के लक्षण दिखायी देते हैं,तो घर में सबसे पहले लोग घर में पायी जाने वाली साधारण चीजों और हर्ब्स से तैयार नुस्खों की मदद लेते हैं। घर के किचन में इस्तेमाल होने वाले मसाले, हर्ब्स और जड़ी-बूटियों से काढ़ा तैयार करके पीना सर्दी-खांसी, जुकाम या छींक आने जैसी समस्याएं से राहत पाने का एक अच्छा उपाय है। मौसमी हेल्थ प्रॉब्लम्स से आराम पाने का ऐसा ही एक काढ़ा है मुलेठी और सौंफ से बना काढ़ा अरोमा और फ्लेवर से भरपूर यह काढ़ा देश के कई स्थानों पर बनाया जाता है और लोग इसे बहुत चाव से पीते भी हैं। आइए जानें सौंफ और मुलेठी का काढ़ा पीने के फायदे और काढ़ा बनाने का तरीका।

**सीजनल प्रॉब्लम्स से मिलता है आराम**

स्वादिष्ट होने के साथ-साथ मुलेठी एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बायोटिक और एंटी-एस्थेमेटिक गुण पाए जाते हैं। मुलेठी फ्लू, सर्दी-खांसी और कॉमन कोल्ड जैसी हेल्थ प्रॉब्लम्स से आराम दिलाता है। इसी तरह सौंफ के बीजों में एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटीबैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी तत्व होता है जो सर्दी-खांसी और सीजनल फ्लू से तेजी से आराम दिला सकते हैं।

**फ्लू के लक्षण करे कम**

सौंफ के बीजों में फाइटोन्यूट्रिएंट्स पाए जाते हैं जो साइनस को साफ करते हैं। यह नजल पैसेज की सूजन भी कम होती है और इससे साइनस के लक्षण भी कम होते हैं। साथ ही यह छाती की जकड़न, ब्रोंकाइटिस और कफ से आराम मिलता है।

**डाइजेशन सुधारें**

मुलेठी गैस्ट्रिक प्रॉब्लम्स और पेप्टिक अल्सर जैसी समस्याओं से आराम दिलाता है और कॉन्स्टिपेशन से भी राहत दिलाता है। साथ ही मुलेठी में एंटीवायरल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीबैक्टेरियल तत्व होते हैं। इससे डाइजेस्टिव ट्रैक से जुड़ी समस्याएं भी कम होती है।

**ऐसे बनाएं काढ़ा**

मुलेठी के 2-3 टुकड़े लें और इसमें एक चम्मच सौंफ के बीज लें। इसे एक गिलास पानी के साथ मिलाकर उबालें। 5-10 मिनट उबालने के बाद इस मिश्रण को आंच से उतारें। फिर, इसमें स्वादानुसार एक या आधा चम्मच शहद मिलाएं। फिर इसे गर्मागर्म ही पीएं।



# छोटी उम्र में होने लगी है झाइयों की समस्या?

## जानें बचाव के लिए खास टिप्स



झाइयों की समस्या खराब लाइफस्टाइल, प्रदूषण का बढ़ता स्तर और असंतुलित डाइट चेहरे में कई बदलावों को अंजाम देती है। जिसका नतीजा यह है कि छोटी उम्र में ही लोगों को चेहरे पर झाइयों की समस्या हो रही है। निश्चित है कि चेहरे पर झाइयां या किसी भी तरह का धब्बा चेहरे की खूबसूरती को बिगाड़ सकता है। इसलिए हम आपको कुछ ऐसी चीजें बता रहे हैं जो झाइयों को कम करने में मदद करेंगी।

**तुलसी के पत्ते**

अगर आपको चेहरे पर झाईयां आ रही हैं तो ऐसे में आप तुलसी के पत्ते का इस्तेमाल कर सकती हैं। तुलसी के पत्तों को पीस कर उसमें नींबू के रस की तीन-चार बूंदे मलिाए, फिर इसे चेहरे पर लगाएं। इससे झाइयां खत्म हो जाएंगा और डार्क सर्कल की समस्या है वो तो भी ठीक हो जाएंगे।

**नींबू**

एक नींबू का रस कटोरी में निकालें। इसमें शहद मिलाएं। इसे चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट लगा रहने दें। अब गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। इसे तब तक लगाएं, जब तक की झाइयां कम न हो जाएं। दिन में दो बार लगाएं। नींबू के रस में ब्लीचिंग के प्राकृतिक गुण होते हैं। शहद मॉइस्चराइजर का काम करता है। ये दोनों ही गुण झाइयों का इलाज कर सकते हैं।


**कच्चा आलू**

एक कच्चे आलू को आधा काट लें। कटे हुए हिस्से पर कुछ बूंद पानी की डालें। आलू को सर्कुलर मोशन में अपने चेहरे पर रगड़ें। 10 मिनट छोड़ने के बाद गुनगुने पानी से चेहरे को धो लें। एक महीने तक इसे दिन में दो से तीन बार चेहरे पर लगाएं। झाइयां दूर हो जाएंगी। आलू झाइयों और काले धब्बों को दूर करने के लिए काफी प्रभावशाली होता है। इसमें कैटकोलेस एंजाइम होता है, जो मेलानोसाइट्स को नियंत्रित करते हैं।

**प्याज**

प्याज को टुकड़ों में काट लें। प्याज के टुकड़े को झाइयों वाले भाग पर रगड़ें। 15 मिनट तक चेहरे पर लगा रहने के बाद गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। प्याज का रस भी चेहरे पर लगाने से लाभ होगा। जब चेहरा साफ ना दिखने लगे, तब तक यह उपाय ट्राई करती रहें। इसे दिन में दो बार लगाने से लाभ होता है। प्याज में विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो पिगमेंटेशन दूर करने में मदद करते हैं।

# सुबह जल्दी उठना हेल्थ के लिए अच्छा



पुराने समय से ही सुबह जल्दी उठने यानि ब्रह्म मुहूर्त में जागने पर जोर दिया जाता है। ऐसा माना जाता है कि सुबह जल्दी उठना हेल्थ के लिए काफी अच्छा होता है। जल्दी सुबह उठकर काफी सारे काम आराम से निपटाए जा सकते हैं। पढ़ाई करना हो या योग करना, हर मामले में सुबह जल्दी उठाना फायदेमंद होता है, लेकिन अब ज्यादातर लोगों की देर से उठने की आदत बन गई है। हालांकि लाइफ में कभी ना कभी हर किसी के साथ ऐसा जरूर हुआ होगा जब आप सुबह जल्दी उठने का प्लान तो करते हैं, लेकिन उठ नहीं पाते। फिर चाहें कितने ही अलार्म क्यों ना बज जाएं। आपको जल्दी उठाने में अलार्म भी फेल हो जाते हैं। इसकी वजह सिर्फ और सिर्फ आपका आलस है।

**जल्दी सोने की कोशिश**

अगर आप भी सुबह जल्दी तो उठना चाहते हैं, लेकिन उठ नहीं पाते। ऐसे में आप रात को जल्दी सोने की कोशिश करें। रोज रात को 9 से 10 बजे के बीच अपने बेड पर पहुंच जाएं। इसके अलावा अगर आप चाहते हैं कि बेड पर सोते ही आपको नींद आ जाए तो मोबाइल, टीवी या फिर लैपटॉप को खुद से दूर रखें। इसके विकल्प में आप कोई पसंदीदा किताबें पढ़ सकते हैं। इसके अलावा सॉफ्ट सी म्यूजिक सुनकर भी जल्दी और अच्छी नींद में डूबा जा सकता है। ऐसा करने से सुबह नींद भी जल्दी खुलेगी और आप खुद को पूरा दिन फ्रेश भी महसूस करेंगे।

**बनाएं मजबूत मॉर्निंग रूटीन**

जल्दी सुबह उठने की चाहत रखते हैं,तो इसके लिए आपको अच्छे मोर्निंग रूटीन बनाने की जरूरत है। काफी लोग होते हैं, जिन्हें सुबह यात्रा पर जाने के लिए बस, ट्रेन या फ्लाईट पकड़नी होती है। जिसकी वजह से नींद खुद ही अपने आप खुल जाती है। इसी तरह आपको सुबह का मजबूत रूटीन बनाना चाहिए। आप अपने मॉर्निंग रूटीन में जिम जाना, योगा करना, वाक पर जाना और ध्यान करने जैसी चीजों को हिस्सा बना सकते हैं। यह सभी ऐसे मॉर्निंग रूटीन हैं, जिनकी वजह से नींद सुबह जल्दी खुल जाएगी।

**करें हल्का डिनर**

सुबह जल्दी उठने के लिए रात को हल्का डिनर करना चाहिए। आप सलाद, सूप या फिर कुछ हल्का फुल्का खा सकते हैं। इसके अलावा ओट्स खाना भी फायदेमंद हो सकता है।



# लौकी का सूप पीकर घटाएं वजन



**आवश्यक सामग्री**

लौकी (1/2 किलो)
काली मिर्च (1 चुटकी)
जीरा (1/2 टी स्पून)
अदरक (1 टुकड़ा)
लाल मिर्च (1 चुटकी)
देसी घी (1 टी स्पून)
हरी धनिया पत्ती (1 टेबलस्पून)
स्वादानुसार नमक

**बनाने की विधि**

लौकी सूप बनाने के लिए सबसे पहले घीया यानी लौकी को छीलकर टुकड़ों में काट लें। इसके बाद मीडियम आंच पर एक कढ़ाई में 1 टी स्पून देसी घी डालकर गर्म करें।

इसमें अब जीरा डालकर चटका लें। इसमें कटी लौकी डालकर धीमी आंच पर भून लें। अब इसमें अपने हिसाब से पीना डालकर लगभग 1 से 2 मिनट तक पका लें। अपने स्वादानुसार नमक डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

इसके बाद बारीक कटा अदरक, लाल मिर्च पाउडर और काली मिर्च पाउडर डालकर मिक्स कर लें। इसे कम से कम 20 मिनट तक पका लें और फिर गैस बंद कर दें।

इस तरह से स्वादिष्ट और पौष्टिकता से भरपूर लौकी का सूप तैयार हो जाएगा। आप इसे हरी धनिया की पत्ती और काली मिर्च पाउडर से गार्निश करके गर्मागर्म पी सकते हैं।

दिन में लंच या डिनर के वक्त इसका सेवन कर सकते हैं। रोजाना सेवन करने पर आपकी सेहत को फायदा होगा और ये आपके बढ़ते वजन को कम करने में भी मदद करेगा।

# कोलेस्ट्रॉल होगा कंट्रोल : सुबह खाली पेट पिएं ओटमील का पानी

अगर आप नियमित रूप से दलिया के पानी का सेवन करते हैं, जो यह आपके शरीर में जमा कोलेस्ट्रॉल को बाहर कर सकता है। दलिया का पानी बिना पके या कच्चे जौ का मिश्रण होता है, जिसे पानी में भिगोकर सीधे सेवन किया जाता है। खासतौर पर इसका सेवन सुबह खाली पेट करना आपके लिए अधिक हेल्दी हो सकता है। बेहतर रिजल्ट के लिए आप सुबह खाली पेट इसका सेवन करें। इससे न केवल कोलेस्ट्रॉल, बल्कि समग्र स्वास्थ्य को बेहतर किया जा सकता है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए आप ओटमील का पानी पी सकते हैं। इससे आप हृदय स्वास्थ्य को भी बेहतर कर सकते हैं। आइए जानते हैं विस्तार से इस बारे में-

**बॉडी करें डिटॉक्स**

सुबह खाली पेट ओटमील का पानी पीने से आपका शरीर डिटॉक्सिफाई हो सकता है। साथ ही इसकी मदद से आप अपने शरीर को हाइड्रेटेड रख सकते हैं। इससे शरीर में मौजूद गंदगी मल से बाहर आ सकती है। इसके अलावा ओटमील में एंटीऑक्सीडेंट भरपूर रूप से होता है, जो शरीर को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से सुरक्षा प्रदान कर सकता है।

**कोलेस्ट्रॉल करे कंट्रोल**

ओटमील का पानी आपके शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कंट्रोल कर सकता है। दरअसल, दलिया में फाइबर की प्रचुरता होती है, तो शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ा सकती है। वहीं, इससे बैड कोलेस्ट्रॉल घटाया जा सकता है। ऐसे में इस पानी के सेवन से आप हार्ट डिजीज के खतरों को कम कर सकते हैं।



**पाचन शक्ति को बढ़ावा**

ओटमील का पानी पीने से आपकी पाचन शक्ति को मजबूती मिल सकती है। दरअसल, इसमें घुलनशील फाइबर होता है, जो मल त्याग को सुचारू कर सकता है और पाचन को बढ़ावा दे सकता है। इससे भोजन का अवशोषण धीमा होता है, जो आपके शरीर में गुड बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा दे सकता है।

**वजन घटाने में प्रभावी**

वजन घटाने में ओटमील का पानी मददगार हो सकता है। इसमें फाइबर की प्रचुरता होती है, जो आपके भूख को कंट्रोल कर सकती है। इससे आप ओवरईटिंग से बच सकते हैं, जिससे आपका वजन कम होता है। इसके अलावा इसमें प्रोटीन की प्रचुरता होती है, जो लंबे समय तक आपको तृप्त रख सकता है।

# लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ RCB की नजरें शीर्ष दो में जगह बनाने पर



रजत पाटीदार (कप्तान)

**लखनऊ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के अपने आखिरी लीग मुकाबले में मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ तालिका में शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की करने पर होगी। सुपर जायंट्स की टीम हालांकि मौजूदा सत्र में अपने निराशाजनक अभियान का अंत जीत से करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएगी। गुजरात टाइटंस क ी लगातार हार ने तीसरे स्थान पर काबिज आरसीबी के लिए 2016 के बाद पहली बार शीर्ष दो में जगह बनाने का शानदार मौका बना दिया है। आईपीएल की तालिका में शीर्ष दो पायदान पर रहने वाली टीमों को तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के मुकाबले फाइनल में पहुंचने का एक अतिरिक्त मौका मिलता है। आरसीबी के नाम 17 अंक है और उसके लिए गलती की गुंजाइश बहुत कम है। शीर्ष पर पहुंचने के लिए उसे इस मैच में जीत जरूरी है। मुंबई इंडियंस (16 अंक) और पंजाब किंग्स (17 अंक) में से कोई एक आज शाम होने वाले मुकाबले के बाद टाइटंस से (18 अंक) से आगे निकलने के लिए तैयार है। भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण लीग के 10 दिवसीय विराम से पहले आरसीबी शानदार फॉर्म में थी। उसने लगातार चार मैच जीते थे लेकिन इस ब्रेक ने टीम की लय को प्रभावित किया। लीग के फिर से शुरू होने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उनका मैच बारिश से धुल गया और फिर सनराइजर्स हैदराबाद से 42 रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की वापसी से आरसीबी के खेमे में उत्साह बढ़ा है। हेजलवुड इस सत्र में टीम के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 10 मैचों में 18 विकेट लिए हैं और फिलहाल टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में चौथे नंबर पर हैं। आरसीबी भी परिस्थितियों से परिचित होगी क्योंकि उसने अपना पिछला मैच इकाना स्टेडियम में ही खेला था। लखनऊ सुपर जायंट्स को हालांकि उसके घरेलू मैदान पर हराना आसान नहीं होगा। अपने पिछले मैच में टाइटंस को हराने के बाद मेजबान टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श और निकोलस पूरन की तिकड़ी ने इस सत्र में सुपर जायंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी से टीम ने टाइटंस के खिलाफ दो विकेट पर 235 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। इस मैच में टीम की गेंदबाजी इकाई ने भी प्रभावित किया था। चोटिल मयंक यादव की जगह लेने वाले विल ओरोर्के को शामिल करना एक सकारात्मक कदम रहा है। इस सत्र में एलएसजी की खोज रहे स्पिनर दिग्वेश राठी भी एक मैच का निलंबन पूरा करने के बाद इस मुकाबले से वापसी करेंगे। टीम को सत्र के आखिरी मुकाबले में अपने कप्तान ऋषभ पंत से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो पूरे सत्र में रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे। आरसीबी (RCB) के लिए यह मुकाबला काफी अहम होने वाला है, क्योंकि बेंगलुरु की टीम लखनऊ को मात देकर टॉप 2 में जगह पक्का करना चाहेगी. वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) की टीम पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर चुकी है, ऐसे में टीम सम्मान की लड़ाई में आरसीबी का खेल बिगाड़ना चाहेगी. लखनऊ सुपर जायंट्स रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 13 मैचों में 8 जीत और 4 हार के बाद 17 अंक और प्लस 0.255 रनरेट के साथ तीसरे पायदान पर काबिज है, जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स 13 मैचों में 6 जीत और 7 हार के बाद 12 अंक और -0.337 रनरेट के साथ अंक तालिका में सातवें नंबर पर स्थित है. ये मुकाबला काफी रोमांचक होने वाला है।

**बेंगलुरु**

फिल साल्ट, विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, कृणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, जोश हेजलवुड, यश दयाल, रसिख दार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह।



ऋषभ पंत (कप्तान)

**लखनऊ**

ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, डेविड मिलर, शारदुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीट्जके, हिम्मत सिंह, शमर जोसेफ, मणिमरन सिद्धार्थ, आर्यन जुयाल, आरएस हंगरगेकर, युवराज चौधरी, आकाश महाराज सिंह, अर्शिन कुलकर्णी, विल ओरोर्के।

**आज का मैच**

TATA IPL

लखनऊ VS बेंगलूरु

शाम 7.30 बजे

## IPL में मोहम्मद शमी का खराब प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने अंतिम लीग मैच में 110 रन की बड़ी जीत दर्ज करने के बाद भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का बचाव किया जो मौजूदा सत्र में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में विफल रहे। शमी आईपीएल 2025 में लय में नहीं दिखे और 9 मैचों में सिर्फ छह विकेट चटका पाए। उन्हें इंग्लैंड में होने वाली पांच मैच की आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए भी भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। विटोरी ने हालांकि नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत के बाद शमी का बचाव करते हुए कहा, 'बहुत समय से उन्होंने टी20 क्रिकेट नहीं खेला था इसलिए वापस ढलने में हमेशा थोड़ा समय लगता है और जाहिर है कि पिछले 18 महीनों में खेल बहुत तेजी से आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा, 'जब वह पिछली बार गुजरात टाइटंस के लिए खेले थे तो पर्पल कैप विजेता थे इसलिए मुझे लगता है कि उनके लिए चुनौती प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना है। मुझे लगता है कि जब वह उस लंबाई पर गेंद डालते हैं तो वह अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर होते हैं और शायद इस बाद वह उस सर्वश्रेष्ठ स्तर पर नहीं थे जो हमने अतीत में देखा है।' विटोरी ने कहा, 'मुझे पता है कि उन्होंने असाधारण रूप से कड़ी मेहनत की थी और वह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब थे लेकिन यह उनका सत्र नहीं था लेकिन ऐसा कोई कारण नहीं है कि वह एक गेंदबाज के रूप में अपने स्तर को देखते हुए वापसी ना कर सकें।'

## प्लेऑफ से पहले RCB में शामिल हुए तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी

**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी आईपीएल 2025 के प्लेऑफ से पहले सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) में शामिल हो गए हैं। मुजरबानी को RCB ने लुंगी एनगिडी के अस्थायी प्रतिस्थापन के रूप में साइन किया था, जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) फाइनल की तैयारियों के लिए दक्षिण अफ्रीका से जुड़ने के लिए रवाना होंगे। जिम्बाब्वे के इस तेज गेंदबाज को RCB ने 75 लाख रुपए में साइन किया था। मुजरबानी इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के ऐतिहासिक टेस्ट का हिस्सा थे जिसे मेहमान टीम शनिवार को एक पारी और 75 रन से हार गई थी। वह 3-143 के आंकड़े के साथ टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। 28 वर्षीय यह खिलाड़ी मंगलवार को लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ RCB के अंतिम लीग चरण के खेल के लिए उपलब्ध रहेगा। उन्होंने अब तक जिम्बाब्वे के लिए 70 टी20 मैच खेले हैं और 78 विकेट लिए हैं। इसके अलावा, उन्होंने 13 टेस्ट और 55 वनडे मैचों में भी जिम्बाब्वे का प्रतिनिधित्व किया है। मुजराबानी ने अभी तक IPL मैच में हिस्सा नहीं लिया है, लेकिन इससे पहले वे LSG के लिए नेट बॉलर के रूप में काम कर चुके हैं। उस समय RCB के मौजूदा हेड कोच एंडी फ्लावर पूर्व के कोचिंग सेटअप का हिस्सा थे। दोनों ने PSL में मुल्तान सुल्तान्स और ILT20 में गल्फ जायंट्स में भी साथ काम किया है। रविवार को ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड कंधे की चोट से उबरने के बाद टीम में शामिल हो गए ताकि नॉकआउट चरणों के लिए उनकी गेंदबाजी को और मजबूत किया जा सके। इस सीजन में RCB के लिए सिर्फ 10 मैचों में 18 विकेट लेने वाले हेजलवुड 27 अप्रैल से एक्शन से बाहर थे। भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पार तनाव के बाद IPL के संक्षिप्त निलंबन के दौरान वे ऑस्ट्रेलिया लौट आए थे।



## यूरोपीय चरण के लिए तैयार भारतीय टीम

### उपकप्तान बोले- हम जीतकर विश्व कप के लिए क्वालिफाई करेंगे



**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि भारत एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में हर अंक के लिए मेहनत करेगा ताकि खिताब जीतकर अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर सके। भारतीय टीम एफआईएच अंक तालिका में 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। वहीं, इंग्लैंड शीर्ष पर और बेल्जियम दूसरे स्थान पर है। प्रो लीग का यूरोप चरण सात जून से शुरू होगा और टूर्नामेंट के विजेता को 2026 विश्व कप में अपने आप जगह मिलेगी। हार्दिक ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, 'हमने टीम में इस बारे में बात की है और मेरा मानना है कि रणनीति पर टिके रहकर, पर्याप्त अंक लेकर और जीत के लिये मेहनत करके हमारे पास प्रो लीग के जरिये विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने का सुनहरा मौका है।'ऑस्ट्रेलिया इस समय प्रो लीग में छठे स्थान पर है और लीग का पिछला चैंपियन होने के नाते उसे विश्व कप में सीधे प्रवेश मिल गया है। बेल्जियम और नीदरलैंड मेजबान होने के नाते स्वतः क्वालिफाई करेंगे। जर्मनी पांचवें स्थान पर है और उसे अभी छह मैच और खेलने है। भारत की क्वालिफिकेशन की उम्मीदों के लिये जर्मनी ही खतरा हो सकता है। हार्दिक ने कहा, 'बेल्जियम और नीदरलैंड विश्व कप 2026 के मेजबान होने के नाते स्वतः क्वालीफाई कर लेंगे । इसके बाद इंग्लैंड , जर्मनी और स्पेन प्रमुख प्रतिद्वंद्वी रहते हैं।'भारत को यूरोप चरण में नीदरलैंड के खिलाफ सात और नौ जून को और अर्जेंटीना से 11 और 12 जून को खेलना है। टीम 14 और 15 जून को एंटवर्प में आस्ट्रेलिया से खेलेगी और बेल्जियम से सामना 21 और 22 जून को होगा। भारतीय टीम पिछले तीन सप्ताह से यूरोप दौरे की तैयारी बंगलूरू के भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर कर रही है। हार्दिक ने कहा, 'ये सत्र काफी कठिन थे। कोच और वैज्ञानिक सलाहकार एलेन ने काफी मेहनत की है। दम खम और अनुकूलन पर काफी काम किया गया क्योंकि हमें लगातार मैच खेलने हैं।'



## वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को 97 रन से हराया




**डबलिन।** केसी कार्टी (170) की शानदार शतकीय, कप्तान शे होप (75) और जस्टिन ग्रीव्स (50) की अर्धशतकीय पारियों के बाद जेडेन सील्स (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय वर्षा बाधित मुकाबले में डकवर्थ-लुईस स्टर्न पद्धति (DRS पद्धति) से आयरलैंड को 97 रनों से हरा दिया। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। केसी कार्टी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने दोनो सलामी बल्लेबाजों के विकेट 31 के स्कोर पर गवां दिए। ब्रैंडन किंग (एक) और एविन लुइस (14) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद केसी कार्टी और कप्तान साई होप ने ना केवल पारी को संभाला तेजी के साथ रन भी बटोरे। केसी कार्टी और साई होप ने तीसरे विकेट के लिए 147 गेंदों पर 137 रन की साझेदारी हुई। केसी काटर्ी ने 142 गेंदों में (170), कार्टी का यह लगातार दूसरा शतक है। कप्तान साई होप ने 75 गेंदों में (75) और जस्टिन ग्रीव्स ने 23 गेंदों में (50) की शानदार पारी खेली।

## हैदराबाद ने कोलकाता को 110 रन से हराया

**नई दिल्ली।** ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 110 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ हैदराबाद ने सत्र का समापन किया। रविवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 278 रन बनाए। यह आईपीएल का तीसरा सर्वोच्च स्कोर है। जवाब में कोलकाता 18.4 ओवर में 168 रन पर ऑलआउट हो गई। सनराइजर्स के लिए जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा और हर्ष दुबे ने तीन-तीन विकेट झटके। आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स का इस मुकाबले के साथ सफर समाप्त हो गया। हैदराबाद 14 में से छह जीत और सात मैचों में हार के साथ छठे पायदान पर रही। वहीं, केकेआर पांच जीत और सात हार के साथ आठवें स्थान पर रही। हैदराबाद ने केकेआर को 110 रनों से हराकर अपनी दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। इससे पहले टीम ने 2019 में आरसीबी को हैदराबाद में 118 रनों के अंतर से हराया था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता के बल्लेबाज कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। उनके लिए मनीष पांडे ने सर्वाधिक 37 रनों की पारी खेली। इसके अलावा हर्षित राणा 34 और सुनील नरेन 31 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, क्विंटन डिकॉक (9), अजिंक्य रहाणे (15) रिंकू सिंह (9) और आंद्रे रसेल (0) जैसे बल्लेबाज हैदराबाद के गेंदबाजों के आगे पस्त दिखे। इस मुकाबले में रमनदीप सिंह ने 13 रन बनाए जबकि वैभव अरोड़ा खाता भी नहीं खोल पाए। वहीं, एनरिक नॉर्त्जे खाता खोले बिना नाबाद रहे। इससे पहले, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 278 रन बनाए। उनके लिए दाएं हाथ के बल्लेबाज क्लासेन ने सर्वाधिक 105 रनों की नाबाद पारी खेली। वहीं, ट्रेविस हेड 40 गेंदों में 76 रन बनाकर आउट हुए। केकेआर के लिए सुनील नरेन ने दो और वैभव अरोड़ा ने एक विकेट झटका। इस मुकाबले में अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने सनराइजर्स हैदराबाद को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी हुई। सुनील नरेन ने अभिषेक को अपना शिकार बनाया। वह 16 गेंदों में चार चौके और दो छक्के की मदद से 32 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नरेन ने ट्रेविस हेड को पवेलियन की राह दिखाई। वह छह चौके और इतने ही छक्के की मदद से 76 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 26 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया।




## Badminton : प्रणय-लक्ष्य और सिंधू सिंगापुर ओपन में पेश करेंगे चुनौती



**सिंगापुर।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी फिटनेस संबंधी चिंताओं को दूर करने के बाद मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सितारों से सजी भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। विश्व की पूर्व नंबर एक जोड़ी ने पिछली बार मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चुनौती पेश की थी। यह जोड़ी हालांकि चिराग की पीठ की चोट के कारण दूसरे दौर में ही हट गई थी। सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वे सुदीरमन कप से भी नहीं खेल सके थे। इस साल की शुरुआत में मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे वाली यह भारतीय जोड़ी यहां मलेशिया के चूंग होन जियान और मुहम्मद हाइकल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

## लाहौर कलंदर्स ने चार साल में तीसरी बार जीता PSL का खिताब




**लाहौर।** जिम्बाब्वे के हरफनमौला सिकंदर रजा ने टॉस से महज 10 मिनट पहले इंग्लैंड से यहां पहुंचकर लाहौर कलंदर्स को चार साल में पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) का तीसरा खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। खिताब जीतने पर कलंदर्स को पुरस्कार के रूप में 500,000 डॉलर भी मिले जो करीब 4.24 करोड़ रुपए बनते हैं। वहीं उपविजेता टीम ग्लेडिएटर्स को 200,000 डॉलर मिले, जो लगभग 1.69 करोड़ रुपए बनते हैं। अगर इस राशि को अगर आईपीएल की इमानी राशि से जोड़कर देखा जाए तो यह काफी कम हैं क्योंकि आईपीएल का खिताब जीतने वाली टीम को 20 करोड़ रुपए मिलेंगे। वहीं PSL की खिताबी राशि से कहीं अधिक राशि IPL नीलामी में खिलाड़ियों पर खर्च की जाती है। इसमें ऋषभ पंत एक उदाहरण हैं जो इस बार 27 करोड़ में बिके थे।

लाहौर ने रविवार को रोमांचक फाइनल में बड़े स्कोर का सफलता से पीछा करते हुए क्वेटा ग्लैडिएटर्स को एक गेंद शेष रहते छह विकेट से हराया। रजा ने नॉटिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था जिसे जिम्बाब्वे शनिवार को पारी से हार गया था। उन्होंने रविवार को सात गेंदों पर नाबाद 22 रन बनाए जबकि कुसल परेरा ने 31 गेंदों में नाबाद 62 रनों की पारी खेली जिससे लाहौर ने 19.5 ओवर में चार विकेट पर 204 रन बनाकर जीत दर्ज की। क्वेटा ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद 9 विकेट पर 201 रन बनाए थे। क्वेटा के अबूझ स्पिनरों की जोड़ी अबरार अहमद (27 रन पर एक विकेट) और उस्मान तारिक (38 रन पर एक विकेट) ने बीच के ओवरों में लाहौर पर शिकंजा कस दिया था। जब रजा मैदान पर आए तो घरेलू टीम को अंतिम 20 गेंदों पर 57 रन की जरूरत थी।

## सौराष्ट्र प्रो लीग सात जून से होगी शुरू

**नई दिल्ली।** सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (SCA) ने सोमवार को कहा कि उसकी टी20 लीग सात से 20 जून तक खेली जाएगी। सौराष्ट्र प्रो टी20 लीग (एसपीटीएल) में पांच टीमें होंगी और इसमें 20 मैच होंगे। एससीए के अध्यक्ष जयदेव शाह ने एक बयान में कहा, 'सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) का यह टूर्नामेंट हमारे क्षेत्र में खेल को पेशेवर स्तर बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए एक ऐतिहासिक पहल है।' उन्होंने कहा, 'सौराष्ट्र प्रो टी-20 लीग में सौराष्ट्र और कच्छ तथा अन्य क्षेत्रों के शीर्ष स्तरीय और उभरती हुई प्रतिभाएं भाग लेंगी। इससे युवा और उभरते क्रिकेटरों को सौराष्ट्र के अनुभवी खिलाड़ियों के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मजबूत मंच मिलेगा।' एससीए इसमें भाग लेने वाली पांचों टीमों को कोच मुहैया करायेगा। इसके लिए खिलाड़ियों का ड्राफ्ट मंगलवार को होगा। एससीए के बयान के मुताबिक, 'ड्राफ्ट के लिए हमारे पास तीन श्रेणियों में लगभग 125 खिलाड़ियों का पूल है।'



## ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा बने ऑडी इंडिया के नये ब्रांड पार्टनर

**मुंबई।** जैवलिन थ्रो में दो बार ओलंपिक पदक जीत चुके और देश के सबसे पसंदीदा एथलीटों में से एक नीरज चोपड़ा अब जर्मन ऑटोमोटिव निर्माता ऑडी इंडिया से जुड़ गए हैं। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने इसके बारे में जानकारी दी और बताया के यह साझेदारी दो ऐसी बड़ी हस्तियों को एक साथ लाती है जो अपने-अपने क्षेत्र में बेहतरीन परफॉर्मेंस, सटीकता और इनोवेशन के लिए जानी जाती हैं। टोक्यो ओलंपिक में नीरज चोपड़ा की ऐतिहासिक जैवलिन थ्रो ने पूरे देश को गर्व से भर दिया था। अब वे ऑडी इंडिया के साथ जुड़ गए हैं। ऑडी एक ऐसा ब्रांड है जो दुनियाभर में अपनी बेहतरीन इंजीनियरिंग, नए-नए इनोवेशन और फ्यूचर को ध्यान में रखकर बनाए गए डिज़ाइनों के लिए जाना जाता है। यह साझेदारी नीरज और ऑडी – दोनों के साझा गुणों जैसे शानदार परफॉर्मेंस, रफ्तार और मजबूत पहचान को सेलिब्रेट करती है। ऑडी इंडिया के हेड, बलवीर सिंह ढिल्लन ने कहा, ₹ऑडी में हम उन लोगों के साथ खड़े होते हैं जो हर दिन अपनी सीमाओं को पार करने की कोशिश करते हैं – जो सिर्फ़ अच्छा करने के लिए नहीं, बल्कि हर बार और बेहतर बनने के लिए पहचाने जाते हैं। नीरज चोपड़ा इसी सोच की जीती-जागती मिसाल हैं। उनकी लगन, फोकस और शानदार परफॉर्मेंस हमारे ब्रांड के विजन से पूरी तरह मेल खाते हैं। उनकी रफ्तार और जज़्बा हमें यह सिखाते हैं कि असली लीडरशिप क्या होती है – सिर्फ़ किसी को फॉलो करना नहीं, बल्कि खुद रास्ता बनाना।" नीरज चोपड़ा ने इस साझेदारी को लेकर अपनी खुशी जताते हुए कहा, ₹मैं हमेशा से ऑडी का फैन रहा हूँ।





# बॉलीवुड में काम करने पर अजय देवगन से बोले जैकी चैन

## आप फाइट करो मैं डांस करूंगा



जैकी चैन दुनिया भर में अपने स्टंट के लिए मशहूर हैं लेकिन हाल ही में उन्होंने अपने नए बयान से लोगों को हैरान कर दिया है। जैकी चैन ने कहा है कि जब उन्हें मौका दिया जाता है, तो वह एक्शन करने के बजाए डांस करना पसंद करते हैं। हाल ही में जैकी चैन और अजय देवगन ने एक साथ बातचीत की। इस बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

### डांस करना चाहते हैं जैकी चैन

वीडियो में अजय देवगन ने कहा 'मैं जैकी चैन का बहुत बड़ा फैन हूं।' इसके बाद जैकी चैन ने कहा 'मुझे भारत बुलाओ, मैं आउंगा'। इस पर अजय देवगन कहते हैं कि 'मैं जैकी चैन के साथ काम करना पसंद करूंगा।' इस पर जैकी चैन अजय देवगन से कहते हैं 'तुम लड़ो, मैं डांस करूंगा।' उन्होंने यह बात इस तरफ इशारा करते हुए कही कि वह एक और बॉलीवुड फिल्म में अभिनय करना चाहते हैं। इस बार वह फिल्म में एक्शन के बजाय डांस करना चाहते हैं।

### भारत में 30 मई को रिलीज होगी फिल्म

आपको बता दें कि फिल्म 'कराटे किडः लीजेंड्स' भारत में 30 मई को रिलीज होने वाली है। इसके हिंदी संस्करण में मिस्टर हान को अजय देवगन ने अपनी आवाज दी है। वहीं अजय देवगन के बेटे युग देवगन ने ली फोंग के किरदार को अपनी आवाज दी है। फिल्म 'कराटे किडः लीजेंड्स' भारत में अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।

# एक्ट्रेस नहीं इस पेशे में जाना चाहती थीं ट्विंकल खन्ना

## बोलीं- माता-पिता से नहीं कर सकती तुलना



बॉलीवुड अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना इन दिनों फिल्मों से दूर हैं। अभिनेत्री होने के साथ वह बेस्टसेलिंग लेखिका और स्तंभकार हैं। दिवंगत सुपरस्टार राजेश खन्ना और अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया की बेटी ट्विंकल खन्ना बॉलीवुड परिवार से होने के बावजूद अलग करियर बनाना चाहती थीं। एक इंटरव्यू में उन्होंने इस बात का खुलासा किया है।

### अकाउंटेंट बनना चाहती थीं ट्विंकल

लेहरेन के साथ बातचीत में एक बार ट्विंकल खन्ना ने कहा 'मैंने तब अभिनेत्री बनने के बारे में सोचा भी नहीं था। मैं एक अकाउंटेंट बनना चाहती थी। मैं बचपन से ही अभिनेताओं के बीच पली-बढ़ी हूं, इसलिए मैं कभी भी मशहूर होने की तरफ नहीं गई। मुझे बस लगा कि शोहरत मेरे पास आ रही है।'

### मेरे साथ अभिनय करने से डरते थे लोग

माता-पिता के स्टारडम ने इंडस्ट्री में ट्विंकल खन्ना के शुरुआती दिनों को कैसे प्रभावित किया, इस बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा 'इसने मुझे इस तरह से सहारा दिया कि बहुत से लोग मेरे साथ अभिनय करने से पहले दो बार सोचते थे। मुझे अपना पहला ब्रेक आसानी से मिल गया, लेकिन उसके बाद आपको हर किसी की तरह अपने दम पर काम हासिल करना होता है।'


### मां-बाप से नहीं की जा सकती तुलना

ट्विंकल ने अपने माता-पिता से तुलना किए जाने पर कहा 'मेरी तुलना मेरे माता पिता से नहीं की जा सकती। इसके लिए बहुत लंबा रास्ता तय करना पड़ेगा। आप ऐसे करियर की बात कर रहे हैं जो 10-20 साल तक चला, मैंने तो अभी शुरुआत की है। क्या आप किसी अभिनेता से पूछेंगे कि इंडस्ट्री में 5 साल रहने के बाद क्या वह अमिताभ अमिताभ बच्चन से मुकाबला कर सकता है?' जब उनसे पूछा गया कि सुपरस्टार की बेटी कहलाने पर उन्हें कैसा महसूस होता है, तो उन्होंने कहा 'मुझे उनके काम पर बहुत गर्व है, मुझे लगता है कि यह बहुत बड़ी उपलब्धि है।'

# मृणाल और अदिवी शेष की 'डकैत' का टीजर रिलीज

## प्यार और धोखे की कहानी में लगेगा एक्शन का तड़का

इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल 'डकैत' का आज टीजर जारी हो गया है। टीजर सामने आने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ गया है। टीजर में फिल्म की प्रमुख स्टारकास्ट अदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप नजर आ रहे हैं। फिल्म का नाम 'डकैत: एक प्रेम कथा' है, ऐसे में फिल्म में एक्शन के साथ-साथ रोमांस का तड़का भी देखने को मिलेगा।




### प्यार और धोखे की कहानी दिखाती है फिल्म

1 मिनट 1 सेकंड के इस टीजर की शुरूआत अदिवी शेष के एक वाइस ओवर से होती है। जबकि मृणाल ठाकुर की आखों में आंसू हैं और वो परेशान दिखती हैं। वाइस ओवर में कहता है, 'जूलियट तेरे साथ सबने बहुत गलत किया है। जिस पर भी तूने भरोसा किया, उसने तुम्हे धोखा दिया। लेकिन फिक्र मत कर, अब मैं आ गया हूं। अब कोई नहीं बचेगा। बचेगी तो बस तेरी बर्बादी।' टीजर से पता चलता है कि फिल्म की कहानी कहीं न कहीं प्यार और धोखे पर आधारित है। टीजर में अनुराग कश्यप भी एक झलक दिखे हैं। जो कहीं न कहीं फिर से फिल्म में निगेटिव किरदार में लग रहे हैं। फिल्म 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी।

### टीजर ने बढ़ाई फिल्म को लेकर उत्सुकता

टीजर में एक ओर जहां अदिवी शेष एक्शन अवतार में और गुस्से में नजर आ रहे हैं, तो वहीं मृणाल ठाकुर परेशान हैं और दुखी दिख रही हैं। एक सीन में वो अदिवी शेष के ही पीछे छिपती भी दिखती हैं। टीजर के सामने आने के बाद फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। शेनिल देव द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप के अलावा प्रकाश राज, अतुल कुलकर्णी, सुनील, जैन मैरी खान और कामाक्षी भास्करला जैसे कई कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं।

# हेरा फेरी 3 विवाद

## परेश रावल ने अक्षय कुमार की टीम को भेजा जवाब बोले- इसके बाद सब अपने आप...

बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'हेरा फेरी 3' से जुड़ा विवाद खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। अक्षय कुमार की टीम ने जब लीगल एक्शन लिया तो चीजें और भी ज्यादा संवेदनशील हो गईं। अब परेश रावल ने इस पूरे मामले पर चुप्पी तोड़ी है और कहा है कि उनके 'हेरा फेरी 3' से अलग होने को लेकर जवाब कानूनी लहजे में ही भेजा जा चुका है जिसके बाद यह सारी बहस शांत हो जाएगी। परेश रावल ने रविवार सुबह एक X पोस्ट की जिसमें लिखा, "मेरे वकील अमीत नाइक ने मेरे फिल्म से अलग होने और काम छोड़ने के मेरे अधिकार को लेकर एक माकूल जवाब भेज दिया है।"



परेश रावल ने अपनी पोस्ट में लिखा- एक बार वो मेरा जवाब पढ़ लेंगे तो बाकी सारी बहस ही शांत हो जाएगी। परेश रावल का यह जवाब उस खबर के बाद आया है जिसमें बताया गया है कि अक्षय कुमार ने फिल्म छोड़ने को लेकर परेश रावल पर केस ठोक दिया है। बात यह भी सामने आई है कि परेश रावल ने 3.30 मिनट के फिल्म से सीन्स भी शूट कर लिए हैं लेकिन वहीं IANS ने एक सूत्र के हवाले से बताया है कि यह सच नहीं है। बॉलीवुड हंगामा ने अपनी एक रिपोर्ट में यह भी बताया था कि हाल ही में परेश रावल ने वो 11 लाख रुपये फिल्ममेकर्स को लौटा दिए हैं जो उन्हें इस फिल्म (हेरा फेरी 3) के लिए बतौर साइनिंग अमाउंट दिए गए थे। परेश रावल ने सिर्फ साइनिंग अमाउंट ही नहीं, बल्कि उसकी ब्याज और उनके फिल्म छोड़ने के चलते हुए असुविधा के लिए भी थोड़ा पैसा मेकर्स को भेजा है। बता दें परेश रावल ने 11 लाख रुपये साइनिंग अमाउंट के ऊपर 15% का ब्याज लगाकर मेकर्स को भेजा और फिल्म नहीं करने की बात कही। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इस फिल्म के लिए परेश रावल को कुल 15 करोड़ रुपये मिलने थे जिसमें से साइनिंग अमाउंट के बाद बाकी के 14 करोड़ 89 लाख रुपये उन्हें फिल्म की रिलीज के एक महीने बात मिलने थे। क्योंकि फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होनी थी और रिलीज 2027 में होनी थी, तो इस तरह फिल्म की उन्हें पैसे मिलने में काफी वक्त लगता। बता दें कि 'हेरा फेरी' बॉलीवुड की वो कल्ट मूवी है जिसके अगले पार्ट का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है।

# कौन बनेगा मीना कुमारी की करोड़ों की प्रॉपर्टी का मालिक?

## विवाद पर 34 साल बाद आया कोर्ट का फैसला



मुंबई के पॉश इलाके पाली हिल में स्थित एक बहुचर्चित जमीन विवाद में आखिरकार तीन दशकों बाद न्याय का पलड़ा कमाल अमरोही और मीना कुमारी के पक्ष में झुक गया है। 26 मई को सामने आए इस फैसले में कोर्ट ने कोजीहोम को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी को छह महीने के भीतर जमीन खाली करने का आदेश दिया है।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल 1959 में दिग्गज फिल्मकार कमाल अमरोही और ट्रेजेडी क्वीन मीना कुमारी ने मुंबई के बांद्रा स्थित पाली हिल इलाके में करीब 11,000 वर्ग गज जमीन खरीदी थी। बाद में 1966 में इस जमीन को कोजीहोम हाउसिंग सोसाइटी को किराए पर दिया गया, ताकि वहां रिहायशी इमारतें बनाई जा सकें। तय किराया महज 8,835 हर महीने रखा गया था।

### जमीन की वापसी की उठाई मांग

लेकिन समय के साथ यह समझौता विवाद का कारण बन गया। आरोप है कि सोसाइटी ने समय पर किराया नहीं चुकाया और अनुबंध की कई शर्तों का उल्लंघन किया। 1990 में कमाल अमरोही ने लीज समाप्त कर दी और 1991 में कानूनी लड़ाई की शुरुआत की, जिसमें जमीन की वापसी की मांग की गई।

### कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

करीब 34 साल तक चले इस केस में कोर्ट ऑफ स्मॉल कॉजेज की अपीलीय पीठ ने कमाल अमरोही के बेटे ताजदार अमरोही के पक्ष में फैसला सुनाया। पीठ ने माना कि सोसाइटी ने जानबूझकर किराया देने में लापरवाही बरती और बॉम्बे रेंट एक्ट की धारा 12(3) का उल्लंघन किया।

जज आशीष अयाचित और डीआर माली की बेंच ने कहा कि सोसाइटी ने अनुबंध के तहत तय किए गए किराये को लगातार न चुकाकर बड़ी लापरवाही की है और अब जमीन पर उसका कोई अधिकार नहीं रह जाता। इसलिए कोर्ट ने आदेश दिया कि सोसाइटी को छह महीने के अंदर यह जमीन खाली कर ताजदार अमरोही को सौंपनी होगी।

# आलिया ने इस बात के लिए की ऐश्वर्या की तारीफ

बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्री आलिया भट्ट ने इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू किया है। आलिया भट्ट एक्रू ऑफ-शोल्डर बस्टियर गाउन पहन कर उतरीं। उनके लुक ने लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। इस समारोह के समापन पर आलिया ने क्रिस्टल से कढ़ाई की गई साड़ी पहनी। आलिया भट्ट का कान में डेब्यू काफी अच्छा रहा। कह सकते हैं कि अगले कान फिल्म फेस्टिवल तक उनका लुक लोगों को याद रहेगा। इन सबके बीच आलिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने ऐश्वर्या राय की तारीफ की है।



### वायरल हुआ आलिया का वीडियो

फ्रेंच रिवेरा के एक वायरल वीडियो में आलिया भट्ट ने कान फिल्म फेस्टिवल में भाग लेने के अपने अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने कान में ऐश्वर्या राय बच्चन की मौजूदगी के बारे में भी बात की।

### आलिया ने ऐश्वर्या की तारीफ की

ब्रूट के साथ बातचीत में आलिया भट्ट ने कहा 'मुझे लगता है कि इस समय हर कोई अपने फोन पर है। हर कोई रेड कार्पेट लुक्स को देख रहा है। ब्यूटी लुक्स को देख रहा है। मैं, ऐश्वर्या राय बच्चन को उनके शानदार अंदाज में कार्पेट पर चलते हुए और इस वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए देखकर बड़ी हुई हूं। यह हमेशा से ही एक बहुत बड़ी प्रेरणा रही है। इसलिए यहां होना वाकई बहुत अच्छा लगता है, जैसे किसी पल को देखकर मैं चौंक जाऊं। यह वाकई बहुत प्यारा है।'

### फैंस कर रहे आलिया की तारीफ

इस वीडियो के वायरल होने के तुरंत बाद कई फैन ने आलिया की तारीफ की है। एक सोशल मीडिया यूजर ने दावा किया 'मैंने उनके बारे में एक बात नोटिस की है कि वह हमेशा दूसरी अभिनेत्रियों को श्रेय देती हैं और उनका नाम लेती हैं। भले ही यह केवल कैमरे के लिए हो, फिर भी यह तारीफ के काबिल है।' एक दूसरे यूजर ने लिखा 'आलिया के बारे में एक बात, वह हमेशा दूसरी एक्ट्रेस के बारे में अच्छी बातें करती हैं और उनका नाम लेती हैं, मुझे उनकी यह बात बहुत पसंद है!'



# टॉपलेस होकर इस हसीना ने फूलों से ढका बदन



टीवी से लेकर बॉलीवुड इंडस्ट्री तक अपनी एक्टिंग से लोगों का ध्यान खींचने वाली एक्ट्रेस शमा सिकंदर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है. वह अक्सर अपने बोल्ड फोटोशूट की झलक फैंस को दिखाती रहती हैं. शमा सिकंदर ने एक बार टॉपलेस होकर अपने अपने बदन को फूलों से ढका था. इसके बाद से वह अक्सर इसकी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. शमा सिकंदर का ये बोल्ड अंदाज उनके फैंस को खूब पसंद आता है और वह अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस पर जमकर प्यार बरसाते हैं. यहां पर उनकी ये तस्वीरें देख सकते हैं.

शमा सिकंदर इंस्टाग्राम पर अक्सर अपने फोटोशूट की तस्वीरें शेयर करती हैं. शमा सिकंदर की जबरदस्त फैन फॉलोइंग के चलते उनके फोटोज शेयर होते ही तेजी से वायरल हो जाते हैं. शमा सिकंदर की इन फोटोज में आप देख सकते हैं कि उन्होंने टॉपलेस होकर फोटोशूट करवाया है. शमा सिकंदर ने अपने टॉपलेस बॉडी को कवर करने के लिए गुलदस्ते का सहारा लिया है. शमा सिकंदर ने फोटोशूट के दौरान एक से बढ़कर एक पोज दिया है. शमा सिकंदर का बोल्ड अंदाज चर्चा का विषय बन गया और उनकी एक-एक तस्वीर लोगों का ध्यान खींच रही हैं. शमा सिकंदर ने लेटकर पोज दिया और फूल से बने गुलदस्ते को अपने शरीर पर रखकर टॉपलेस बॉडी को ढका है. शमा सिकंदर क ।

कातिलाना अंदाज फैंस को घायल कर जाएगा.

शमा सिकंदर के लिए इस तरह का फोटोशूट पहली बार नहीं करवाया है. शमा सिकंदर अक्सर हद से बोल्ड पोज देते हुए फोटोशूट करवाती है और इसकी तस्वीरें शेयर करती हैं. शमा सिकंदर को उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर 30 लाख से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं. शमा सिकंदर की एक झलक देखने के लिए बेताब रहने वाले फैंस को वह निराश नहीं करती हैं.